म.प्र., उ.प्र., राजस्थान, रीवा व दिल्ली से एक साथ प्रसारित दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र

# हिन्दुस्तान समाज

इंटरनेट संस्करण www.hsamaaj.com

ग्वालियर

⊙ वर्ष : 12 ⊙ अंक : 35 ⊙ ग्वालियर, बुधवार 05 जून, 2024

मूल्य : ₹ 1.00 ● पेज : 08

**मौसम**

| | |
|---|---|
| भोपाल | 40°C |
| जबलपुर | 43°C |
| इंदौर | 31°C |
| ग्वालियर | 44°C |

**विचार**

*जिंदगी में खत्म होने जैसा कुछ नहीं है, हर सुबह आपका नए तरीके से इंतजार करती है।*



गठबंधन को बहुमत मिलने पर बोले पीएम मोदी

# तीसरी बार एनडीए की सरकार बनना तय!

**18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे लगभग स्पष्ट हो गए हैं. बीजेपी के नेतृत्व वाले एनडीए ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है. एनडीए को 291 सीटें मिल गई हैं. तो वहीं इंडिया ब्लॉक भी 234 का आंकड़ा छू गया है. इस बार 96.88 करोड़ मतदाताओं में से 64.2 करोड़ मतदाताओं ने वोट देकर रिकॉर्ड बनाया है**

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

2024 के लोकसभा चुनाव में क्षेत्रीय दलों की मुराद पूरी हो गई है। 10 साल बाद एक बार फिर किसी भी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिला है। अब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी, जिसमें उन्हें मोलभाव करने का मौका मिलेगा। नरेंद्र मोदी की पिछली दो सरकारों में क्षेत्रीय दल सरकार में शामिल थे, मगर उन्हें बीजेपी की मर्जी वाले मंत्रालय दिए गए थे। इस चुनाव में बीजेपी के पास करीब 240 सीटें मिलने की उम्मीद है, जो बहुमत के 272 सीटों से काफी कम है। बता दें कि खबर में दिए गए आंकड़े फाइनल नहीं है, यह शाम पांच बजे तक आए रुझान के मुताबिक हैं। आखिरी परिणाम भिन्न हो सकते हैं।

### हम सभी ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया- पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, '10 वर्ष पहले देश ने बदलाव के लिए हमें जनादेश दिया था. वो समय था, जब देश निराशा की गर्त में डूब चुका था. हमें Fragile Five जैसे शब्दों से नवाजा जाता था, हर दिन अखबारों की हेडलाइन घोटालों से भरी रहती थीं, देश की युवा पीढ़ी अपने भविष्य को लेकर आशंकित हो गई थी. तब देश ने हमें निराशा के गहरे सागर से आशा के मोती निकालने का जिम्मा सौंपा था. हम सभी ने पूरी ईमानदारी से प्रयास किया, काम किया।' पीएम मोदी ने कहा कि ये इंडिया गठबंधन वाले मिलकर भी इतनी सीटें नहीं जीत पाए. जितनी अकेले भाजपा ने जीती हैं. पीएम ने अपने कार्यकर्ताओं की तारीफ करते हुए कहा कि इतनी गर्मी में भी आपके द्वारा बहाया गया पसीना मुझे काम करने की प्रेरणा देता है. पीएम मोदी बोले, 'अगर आप (देशवासी) 10 घंटे काम करेंगे तो मोदी 18 घंटे काम करेगा, आप दो कदम चलेंगे तो मोदी चार कदम चलेगा. हम भारतीय मिलकर चलेंगे, देश को आगे बढ़ाएंगे।

## पब्लिक नहीं बर्दाश्त कर सकी बीजेपी नेताओं की मनमानी

उत्तर प्रदेश में बड़ी हार के कारण बीजेपी पूर्ण बहुमत से 32 कदम दूर हो गई। इस हार के कई कारण तलाशे जा रहे हैं, महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दे बीजेपी के मुफ्त राशन और भाषण पर भारी पड़ गए। टिकट काटने का फॉर्मूला और कांग्रेस से आए नेताओं को तुरंत टिकट देने का फैसला भी बीजेपी के खिलाफ गया। इसके अलावा अबकी बार, 400 पार के नारे ने मिडिल क्लास को बूथ से दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई। अधिकतर जगहों पर बीजेपी के कोर वोटर भी यह मानकर ओवर कॉन्फिडेंट रहे कि नरेंद्र मोदी बड़ी जीत के लिए काफी हैं। पांच चरण के चुनाव के बाद कई इलाकों में सांसद के खिलाफ भी लोगों का गुस्सा सामने आया।

## उम्मीदवारों के चयन से लेकर चुनावी मुद्दा सेट करने में विफल रही भाजपा, स्थानीय मुद्दे रहे हावी, कोताही की चुकानी पड़ी कीमत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता के बावजूद उम्मीदवारों के चयन और चुनावी मुद्दों को सेट करने में विफलता लोकसभा चुनाव में भाजपा पर भारी पड़ी। कुछ राज्यों में बड़े नेताओं के अहं का टकराव भी नतीजों पर नकारात्मक असर पड़ा। चुनाव नतीजों से साफ है कि 2014 और 2019 में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले उत्तर प्रदेश में अपने ओबीसी वोट बैंक को सहेजने में विफल रही। इसके साथ ही जीत के प्रति अतिविश्वास के कारण निचले स्तर के कार्यकर्ताओं की शिथिलता और आरएसएस के स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी में कमी की कीमत भी भाजपा को चुकानी पड़ी। भाजपा 2014 में मनमोहन सरकार का भ्रष्टाचार और 2019 में सर्जिकल और एयर स्ट्राइक के बाद राष्ट्रवाद केंद्रीय चुनावी मुद्दा रहा। लेकिन 2024 में भाजपा कोई भी ऐसा राष्ट्रीय मुद्दा बनाने में विफल रही, जो मतदाताओं को मतदान केंद्र तक खींच कर ला सकें। इस बार राष्ट्रीय मुद्दे के अभाव में स्थानीय मुद्दे चुनाव में हावी रहे। राष्ट्रीय मुद्दों के अभाव में दो-दो, तीन-बार के सांसदों के खिलाफ जनता की नाराजगी का भी नतीजों पर असर पड़ा।



# 'ये लड़ाई संविधान को बचाने के लिए थी', कांग्रेस की प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोले राहुल गांधी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के नतीजे आज आ रहे हैं. इस बार भी कांग्रेस और इंडिया गठबंधन बहुमत के आंकड़े तक नहीं पहुंचा, बावजूद इसके कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है क्योंकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 236 सीटें मिलती दिख रही है. जिससे कांग्रेस काफी उत्साहित नजर आ रही है. कांग्रेस को अभी भी उम्मीद है कि वह 236 सीटों से आगे जीतेगी. इस बीच कांग्रेस ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

### हम जनमत को विनम्रता से स्वीकार करते हैं- खरगे

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आज जो देश में चुनाव के रिजल्ट आए हैं, ये रिजल्ट जनता का रिजल्ट है ये जनती की जीत है और लोकतंत्र की जीत है. हम पहले से ही कह रहे थे कि हमारी मोदी बनाम जनता यानी लोग हैं. 18वीं लोकसभा चुनाव में हम विनम्रता से जनमत को स्वीकार करते हैं, इस बार जनता ने किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं दिया. खासकर सत्ताधारी दल बीजेपी ने एक व्यक्ति एक चेहरे के नाम पर वोट मांगा।

कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि, अब ये स्पष्ट हो गया है कि ये परिणाम मोदी जी के खिलाफ गया है ये उनकी राजनीतिक हार, नैतिक हार है. जो व्यक्ति बार-बार अपने नाम से ही हर जगह वोट मांगते थे, ये उनकी बहुत बड़ी हार है, नैतिक दृष्टि से ये उनके लिए बहुत बड़ा नुकसान हुआ है. आप जानते हैं कि कांग्रेस पार्टी और हमारे इंडिया गठबंधन ने बहुत प्रतिकूल माहौल में चुनाव लड़ा. सरकार मशीनरी ने कदम कदम पर अवरोध डाला, बैंक खाते सीज करने से लेकर तमाम नेताओं के खिलाफ अभियान चलाया।

### क्या बोले राहुल गांधी

राहुल गांधी ने कहा कि, ये चुनाव इंडिया गठबंधन और कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक राजनैतिक दल के खिलाफ नहीं लड़ी, ये चुनाव हम बीजेपी, एक राजनीतिक दल, हिंदुस्तान के इंस्टीट्यूसंस, हिंदुस्तान का जो पूरा जो गवर्मेंट का कंस्ट्रक्चर है, इंटेलिजेंसी एजेंसी, सीबीआई, ईडी आधी ज्यूडीसरी इन सबके खिलाफ हम लड़े थे। क्योंकि इन सब संस्थाओं को नरेंद्र मोदी जी ने अमित शाह जी ने कैप्चर किया, धमकाया और डराया।

# पहली परीक्षा में कामयाब रहे सीएम डॉ. मोहन यादव

### 29 कमल के फूलों की माला पीएम को भेंट करेंगे सीएम

**भोपाल, ब्यूरो।** मध्य प्रदेश की 29 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीत मिली है। इस बार पूर्व सीएम कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा को भी भाजपा की रणनीति ने ढहा दिया है। प्रदेश में भाजपा के क्लीन स्वीप का श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जाता है। डॉ. यादव अपनी पहली परीक्षा में कामयाब हुए हैं। इससे पहले पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में 2014 में भाजपा को 29 में से 27 और 2019 में 29 में से 28 सीटों पर जीत मिली थी। भाजपा आम चुनाव में पहली बार छिंदवाड़ा सीट जीती है। भाजपा ने कांग्रेस का सभी सीटों को जीतने का रिकॉर्ड तोड़ा है। छत्तीसगढ़ के अलग होने से पहले 1984 में कांग्रेस ने 40 की 40 सीटों पर जीत दर्ज की थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के शपथ लेने के तीन महीने बाद ही लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई। सीएम ने लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के बाद लगातार रैली और सभाएं की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 142 से अधिक आम सभाएं और 55 रोड शो किए। साथ ही देश के 12 राज्यों में 72 लोकसभा सीटों पर प्रचार किया। वहीं, वीडी शर्मा ने भी लगातार कार्यक्रम किए।



**8 सीटें चार लाख से अधिक मतों से जीती**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भाजपा कार्यालय में आयोजित विजय उत्सव कार्यक्रम में कहा कि प्रदेश की 29 की 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। अब कुछ बचा ही नहीं। इसके साथ ही इंदौर और विदिशा में जीत के रिकॉर्ड बनाएं है। आठ सीटें चार लाख से अधिक मतों से जीती है।

# मध्य प्रदेश में भाजपा का क्लीन स्वीप, सत्ताधारी दल ने सभी 29 सीटें जीतीं

**भोपाल, ब्यूरो।**

मध्य प्रदेश में करीब छह महीने पहले हुए विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय पाने के बाद भाजपा ने पहली बार प्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीटों पर जीत पाई है। स्वतंत्रता के बाद कांग्रेस ने वर्ष 1984 में क्लीन स्वीप किया था। इस बार भाजपा सभी सीटों पर जीती है, जिससे स्पष्ट है कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों में पार्टी ने शानदार प्रदर्शन किया है।




भाजपा की बड़ी उपलब्धि महाकोशल अंचल की छिंदवाड़ा सीट पर जीत रही। वर्ष 2019 में यहां कांग्रेस जीती थी। वर्ष 1980 से दिग्गज कांग्रेस नेता कमल नाथ का गढ़ रही यह सीट छिंदवाड़ा से उनके पुत्र नकुल नाथ चुनाव हार गए हैं। वहीं, मध्य भारत अंचल की राजगढ़ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को भी पराजय का सामना करना पड़ा। वह पहले भी यहां से सांसद रहे हैं, लेकिन 33 वर्ष बाद उन्हें यहां हार का सामना करना पड़ा।

मध्य भारत अंचल की ही विदिशा सीट से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आठ लाख से अधिक वोटों से चुनाव जीत गए। ग्वालियर-चंबल अंचल की हाट सीट गुना से केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी चुनाव जीत गए। बुंदेलखंड अंचल की खजुराहो सीट से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने जीत दर्ज की है। अच्छी पकड़ वाले ग्वालियर-चंबल अंचल में कांग्रेस को करारी हार मिली है। पार्टी की यहां सभी उम्मीदें धराशायी हो गईं।

### मध्य प्रदेश में अंचलवार चुनाव परिणाम

(सभी पर भाजपा की जीत) मध्य भारत (पांच)- भोपाल, विदिशा, राजगढ़, होशंगाबाद, बैतूलमालवा-निमाड़ (आठ)- इंदौर, धार, रतलाम, मंदसौर, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, देवासग्वालियर-चंबल (चार)- ग्वालियर, मुरैना, भिंड, गुनामहाकोशल (चार) - जबलपुर, मंडला, छिंदवाड़ा, बालाघाट विंध्य (चार) - रीवा, सतना, सीधी, शहडोलबुंदेलखंड (चार) - खजुराहो, दमोह, सागर, टीकमगढ़।

# लोकसभा चुनाव : रिकॉर्डजीत दर्ज वाले टॉप 6 उम्मीदवार

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



### 1. इंदौर- शंकर लालवानी

बीजेपी को इंदौर सीट पर सबसे बड़ी जीत मिली है। यहां से बीजेपी उम्मीदवार शंकर सिंह लालवानी ने रिकॉर्ड 11 लाख 75 हजार 92 मतों से जीत मिली। आखिरी समय में कांग्रेस उम्मीदवार के नामांकन वापिस लिए जाने के बाद से बीजेपी की जीत तय हो गई थी। यहां नोटा को एक लाख से अधिक वोट मिले।

### 2.धुबरी -रकीबुल हुसैन

कांग्रेस उम्मीदवार रकीबुल हुसैन ने इस देश में सबसे अधिक वोटों से जीत दर्ज करने वाले दूसरे उम्मीदवार हैं। हसन ने,द्धछ्वस्न प्रत्याशी बदरुद्दीन अजमल को 9.20 लाख वोटों के अंतर से हराया।

### 3.विदिशा -शिवराज सिंह चौहान

मध्यप्रदेश में पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विदिशा में रिकॉर्ड जीत हासिल की है। शिवराज सिंह चौहान की जीत का अंतर 8 लाख 21 हजार वोट का रहा। शिवराज ने कांग्रेस प्रत्याशी प्रताप भानु शर्मा को हराया।

### 4.नवसारी -सीआर पाटिल

नवसारी से बीजेपी उम्मीदवार सीआर पाटिल ने 2019 के बाद 2024 में भारी मतों के अंतर से जीत दर्ज की है। पाटिल ने नैशादभाई भूपतभाई देसाई को 7.73 लाख वोटों के अंतर से हराया। पिछली बार पाटिल ने 6.89 लाख वोटों से जीत हासिल की थी।

### 5.गांधी नगर - अमित शाह

अमित शाह ने गांधी नगर में भारी मतों के अंतर से चुनाव जीता। शाह ने 7.44 लाख वोटों के अंतर से कांग्रेस उम्मीदवार सोनल रमनभाई पटेल को हराया। शाह ने पिछली बार 5.57 लाख वोटों से जीत हासिल की थी।

### 6.डायमंड हार्बर -अभिषेक बैनर्जी

पश्चिम बंगाल में टीएमसी ने शानदार प्रदर्शन किया है। पार्टी उम्मीदवार अभिषेक बैनर्जी ने 7.04 लाख मतों के रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की है। अभिषेक ने बीजेपी के अभिजीत दास बॉबी को हराया।

# चुनाव नतीजों में एनडीए की वापसी की मुनादी फिर क्यों लुढ़क गया शेयर बाजार

### जानिए डर क्या है?

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



लोकसभा चुनाव के नतीजों का आना जारी है और जैसे-जैसे आंकड़े सामने आते जा रहे हैं, शेयर बाजार में आई बड़ी गिरावट भी कम होती जा रही है. मार्केट खुलने के साथ ही मंगलवार को स्टॉक्स मार्केट क्रेश हो गया था और दोपहर 12 बजे तक तो सेंसेक्स 6000, जबकि निफ्टी 1900 अंक तक बिखर गया. हालांकि, इसके बाद बाजार ने करीब 2000 अंकों की रिकवरी की. इस बीच सबसे बड़ा सवाल ये है कि लोकसभा इलेक्शन के रिजल्ट आने के बाद अचानक शेयर बाजार में ये सुनामी क्यों आई, आखिर चुनाव नतीजों में पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की वापसी की मुनादी के बावजूद बाजार क्यों लुढ़का और ऐसा कौन सा डर मार्केट को सता रहा है?

### झटके में निवेशकों के 45 लाख करोड़ डूबे

इस डर का कारण जानने से पहले शेयर मार्केट में आज हुए कारोबार की बात कर लेते हैं. तो बता दें कि सुबह 9.15 बजे पर बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1700 अंक, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 400 अंक फिसलकर खुला था. फिर जैसे-जैसे चुनाव के नतीजे आने शुरू हुए, बाजार बिखरता चला गया. दोपहर के 12 बजे के आस-पास सेंसेक्स 6000 अंक तक टूट गया था और निफ्टी भी 1900 अंक तक फिसल गया था. हालांकि, मार्केट क्लोज होने तक इसमें रिकवरी देखने को मिली और सेंसेक्स में 4389.73 अंक या 5.74 फीसदी गिरकर 72,079.05 पर बंद हुआ और निफ्टी में 1379.40 या 5.93 फीसदी टूटकर 21,884.50 के लेवल पर क्लोज हुआ. शेयर बाजार में आई इस सुनामी में इन्वेस्टर्स के 45 लाख करोड़ रुपये डूब गए।

# शिवमंगल सिंह की जीत ने सभी को चौंकाया, कांग्रेस प्रत्याशी को 50 हजार से अधिक मतों से हराया



मुरैना। मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार को हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस प्रत्याशी पर हर राउंड में भारी पड़े और अंतिम समय में 50,000 से अधिक मतों से जीत दर्ज की। इससे पहले कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थक अपने प्रत्याशी की जीत के बड़े-बड़े दावे कर रहे थे जो निरर्थक साबित हुए। भाजपा प्रत्याशी की जीत ने सभी को चौंका दिया है क्योंकि चुनाव के दौरान कहीं भी कोई भी मतदाता भाजपा के प्रत्याशी की जीत की गारंटी लेते हुए दिखाई नहीं दे रहा था। कांग्रेस प्रत्याशी की पराजय में बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी की एक बड़ी भूमिका देखने को मिली है। देश भर के साथ-साथ मुरैना-श्योपुर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों की भी मतगणना 8:00 बजे आरंभ हुई और इस दौरान प्रशासन एवं पुलिस द्वारा मतगणना स्थल पर चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। जब मतगणना श्योपुर एवं विजयपुर से आरंभ हुई और पहले दूसरे तीसरे चौथे राउंड में ही भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर बड़ी लीड लेकर चले जो उनकी जीत का कारण बन गई। कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा को मिली लीड को कहीं भी टक्कर देते नजर नहीं आए। इधर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी रमेश चंद्र गर्ग को सभी जगह वोट मिला परंतु वह चुनाव में काफी पिछड़ते नजर आए और अंत में 1,80,000 वोट तक ही सीमित रह गए।चुनाव की मतगणना के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है और हर कोई एक दूसरे पर हार का ठीकरा फोड़ रहा है। चुनाव आरंभ से लेकर मतदान तक और उसके बाद मतगणना तक जिले की जनता कांग्रेस प्रत्याशी सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू की जीत को लेकर आस्वस्त थीं परंतु जब ईवीएम ने अपना मुंह खोला और वोट उगलना आरंभ किया तो कांग्रेस प्रत्याशी प्रत्येक राउंड में पिछड़ते नजर आए और यह क्रम अंतिम समय तक जारी रहा और अंततः कांग्रेस प्रत्याशी 50,000 से अधिक मतों से हार गए।





### मुरैना में 18 और शेष विधानसभा में 14-14 टेबलों पर हुई गणना

लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में प्रातः 8 बजे से प्रारंभ हुई। मतगणना के लिये 532 कर्मचारी लगाये गए। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना की जानकारी के अनुसार सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 254 व दिमनी विधानसभा क्षेत्र के 262 मतदान केन्द्रों की गणना के लिये 14 टेबलें लगाई गई, जिन पर माइक्रो ऑब्जर्वर, काउटिंग सुपरवाइजर, काउटिंग असिस्टेंट मौजूद रहकर गणना की। सबलगढ़ की गणना 19 राउंड में पूरी हुई। इसी प्रकार जौरा विधानसभा क्षेत्र में 296 व सुमावली विधानसभा क्षेत्र में 295 मतदान केन्द्रों की गणना के लिये 14 टेबलों पर 22 राउंड में गणना पूरी हुई। मुरैना विधानसभा क्षेत्र में 323 मतदान केन्द्रों की गणना के लिये 18 टेबलों पर 18 राउंड में गणना पूर्ण हुई। इसी प्रकार अम्बाह विधानसभा क्षेत्र के 276 मतदान केन्द्रों की गणना के लिये 14 टेबलों पर 20 राउंड में गणना पुर्ण हुई।



# मतगणना के दौरान प्रशासन ने की चाक-चौबंध व्यवस्था, चप्पे चप्पे पर तैनात रहा पुलिस बल



मुरैना। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के मुरैना-श्योपुर संसदीय क्षेत्र की मतगणना मंगलवार को प्रातः 8 बजे से आरम्भ हुई। मतगणना के दौरान प्रत्याशियों एवं उनके अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम प्रातः 07 बजे खोला गया। उसके बाद मतगणना का कार्य आरम्भ किया गया। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। लगभग एक हजार जवान मतगणना केन्द्र एवं उसके आसपास तैनात रहे। बगैर प्रवेश पत्र के किसी को भी मतगणना परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली। मतगणना के प्रवेश द्वार पर हर व्यक्ति की बारीकी से जाँच की गई। मतगणना के दौरान कलेक्टर मुरैना व पुलिस अधीक्षक निरन्तर मतगणना का जायजा लेते नजर आए।अम्बाह विधानसभा क्षेत्र की मतगणना रूम नंबर 118 में की गई और दिमनी विधानसभा क्षेत्र की मतगणना रूम नंबर 119 में की गई। इन दोंनो कक्षों में गणना एजेन्टों को पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक कॉलेज के उत्तरी भाग से प्रवेश दिया गया। जौरा विधानसभा क्षेत्र के लिये मतगणना रूम नंबर 120 में की गई। इस कक्ष में भी मतगणना एजेन्ट को पॉलीटेक्निक के उत्तरी भाग से प्रवेश मिला। इसी प्रकार सुमावली विधानसभा की मतगणना रूम नंबर 108 और मुरैना विधानसभा की मतगणना रूम नंबर 123 में की गई। इन दोंनो कक्षों में मतगणना एजेन्टों को पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक के पूर्वी भाग से प्रवेश दिया गया। सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र की मतगणना रूम नंबर 124 में की गई। इस कक्ष में गणना एजेन्ट को पहुंचने के लिये पॉलीटेक्निक के पूर्वी भाग से बेटनरी डिपार्टमेन्ट से होकर प्रवेश दिया गया। हर विधानसभा क्षेत्र के गणना अभिकर्ताओं के प्रवेश पत्र के रंग अलग-अलग थे, जिनमें विधानसभा क्षेत्र 03 सबलगढ़ के लिए आसमानी रंग, 04 जौरा के लिए संतरी रंग, 05 सुमावली के लिए जामुनी रंग, 06 मुरैना के लिए हरा, 07 दिमनी के लिए गुलावी रंग और 08 अंबाह विधानसभा क्षेत्र के लिए पीले रंग का फोटो परिचय दिया गया था। इसके साथ ही समस्त कर्मचारियों के लिए सफेद रंग का परिचय जारी किया गया था। इसके अलावा पोस्टल बैलेट के एजेन्टों के लिये स्काई रंग, ईटीपीबीएस कक्ष के एजेन्टों के लिये लाल रंग का फोटो परिचय पत्र जारी किए गए थे।

मतगणना भवन व परिसर में मोबाइल ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहा तथा कैंची, ब्लेड, गुटका पाउच, पान, बीड़ी, सिगरेट, माचिस, लाईटर, खाद्य व पेय सामग्री ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहा। कुल मिलाकर बिना पहचान पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना स्थल पर प्रवेश नहीं दिया गया।

मतगणना स्थल पॉलीटेक्निक कॉलेज में फायर सिस्टम, फायरबिग्रेड, कंट्रोल रूम की व्यवस्था की गई है। गर्मी को ध्यान में रखते हुये पर्याप्त एसी टावर और प्रत्येक कक्ष में 4-4 कूलर लगवाये गए। विद्युत के ट्रिप मारने पर जनरेटर बैकअप और इंन्वेटर का प्रबंध किया गया। स्ट्रांग रूम से गणना कक्ष तक ईव्हीएम पहुंचाने के लिये कर्मचारी अलग-अलग ड्रैस कोड में लगाये गये। स्ट्रांग रूम से अलग-अलग कलर की लाइनें डाली गई, ताकि कर्मचारी ईव्हीएम लेकर दूसरे कक्ष में न जायें। पॉलीटेक्निक में बीएसएनएल, इंटरनेट का प्रबंध किया गया, ताकि इंटरनेट में प्रॉब्लम में न हो सके। एजेन्टों के लिये प्रवेश हेतु पॉलीटेक्निक में साइनेज लगाये गए, ताकि वे किसी और कक्ष में न पहुंच सके।



# बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

मुरैना। जैसा कि देखने में आ रहा है, पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। वर्तमान में जिले का तापमान 40 से अधिक पहुंच रहा है और आगे भी तापमान बढ़ने की आशंका है। जिसको देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राकेश शर्मा ने बताया है कि हीट स्ट्रोक (सन स्ट्रोक) शरीर की वह अवस्था है, जिसमें गर्मी के कारण शरीर का तापमान 40.0 डिग्री सेल्सियस (104.0 डिग्री फरेनहाइट) के पास पहुँच जाता है। मन में उलझन की स्थित रहती है व स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है।

### लू के लक्षण

सीएमएचओ ने बताया कि सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न जाना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना। भूख कम लगना, बेहोश होना आदि लू के लक्षण हो सकते है।

### लू से बचाव के उपाय

सीएमएचओ ने बताया कि लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतया नमक की कमी हो जाना होता है। इससे बचाव के लिए बहुत अनिवार्य न हो तो घर से बाहर न जाये, धूप में निकलने से पहले सिर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह बाँध लें। पानी अधिक मात्रा में पीये। अधिक समय तक धूप में न रहे। गर्मी के दौरान नरम, मुलायम सूती कपड़े पहनने चाहिए, ताकि हवा और कपड़े पसीने को सोखते रहे। पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीये। बच्चे, बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति घर से बाहर कम निकले, विशेषकर दोपहर में 12 से 04 बजे के बीच घर से बाहर न जाये। चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा शीतल पेयजल अथवा उपलब्ध हो तो फल का रस, लस्सी, मठ्ठा आदि का सेवन करें।

### लू लगने पर किया जाने वाला प्रारंभिक उपचार

बुखार पीड़ित व्यक्ति के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी लगाये। अधिक पानी व पेय पदार्थ पिलावे। जैसे कच्चे आम का पना, जलजीरा आदि। पीड़ित व्यक्ति को पंखे के नीचे हवा में लिटा दें। शरीर पर ठंडे पानी का छिड़काव करते रहे।

# पुलिस चुनाव में व्यस्त, कोचिंग संचालक के दरवाजे से चोर बाइक लेकर रफूचक्कर



मुरैना। मंगलवार की सुबह शहर की पुलिस मतगणना केंद्रमें व्यस्त रही तो इधर चोर सक्रिय हो गए और दिन दहाड़े एक अज्ञात चोर बंसल कोचिंग सेंटर के दरवाजे से मोटरसाइकिल लेकर रफू चक्कर हो गया। कोतवाली पुलिस द्वारा आवेदन ले लिया गया है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। सीसीटीवी कैमरे में चोर का चेहरा क्लियर सामने आया है और पुलिस के लिए चोर गैंग तक पहुंचना आसान हो सकता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बंसल कोचिंग सेंटर संचालक मनोज बंसल निवासी जीवाजी गंज अग्रसेन पार्क के पास मंगलवार की सुबह 10:15 बजे के समय घर के दरवाजे पर अपनी मोटरसाइकिल खड़ी कर अंदर चले गए और कोचिंग पढा रहे थे, तभी एक युवक आया और कुछ सेकंड बाइक पर बैठकर इधर-उधर देखा रास्ता, क्लियर होने पर युवक ने एक झटके में चाबी लगाकर बाइक का ताला खोला और उसे लेकर रफूचक्कर हो गया। उक्त घटना 10:15 बजे से 10:25 के बीच की बताई गई है। थोड़ी देर बाद जब श्री बंसल घर के बाहर आए तो बाइक गायब मिली। सीसीटीवी फुटेज देखा तो उसमें चोर बाइक ले जाते दिखाई दिया। इसके पश्चात श्री बंसल ने कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया। पुलिस द्वारा कहा गया कि अभी कर्मचारी मतगणना केंद्र पर ड्यूटी में लगे हैं, उनके आने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व में जीवाजी गंज क्षेत्र से बाइक चोरी की कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस द्वारा इन पर गंभीरता से कार्यवाही नहीं की गई है।

# भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवमंगल सिंह तोमर 52530 मतों से विजयी घोषित



### (लोकसभा निर्वाचन-2024)

मुरैना 04 जून, 2024/भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना 04 जून, मंगलवार को पॉलीटेक्निक कॉलेज मुरैना में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में की गई। भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवमंगल सिंह तोमर 52 हजार 530 मतों से विजयी घोषित हुये। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्री अंकित अस्थाना ने श्री शिवमंगल सिंह तोमर को निर्वाचन प्रमाण पत्र मौके पर प्रदान किया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवमंगल सिंह तोमर को 5 लाख 15 हजार 477 मत प्राप्त हुये। जबकि इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी श्री नीटू सत्यपाल सिंह को सिकरवार को 4 लाख 62 हजार 947 मत प्राप्त हुये। भारतीय जनता पार्टी के श्री शिवमंगल सिंह तोमर निकटतम प्रत्याशी से 52 हजार 530 मतों से विजयी घोषित किये गये है। बहुजन समाज पार्टी के श्री रमेश गर्ग को 1 लाख 79 हजार 669 मत प्राप्त हुए। इसी तरह श्री नीरज चंदसौरिया को 7 हजार 544, श्री अनूप नागर को 1 हजार 317, श्री पीयूष बृजेश राजौरिया को 575, श्री प्रभू जाटव को 555, राजकुमारी को 1 हजार 441, श्री राजेन्द्र प्रसाद कुशवाह को 2 हजार 402, श्री राजेन्द्र सिंह गुर्जर को 1 हजार 210, श्री रामनिवास को 1 हजार 973, श्री रामसुंदर शर्मा को 1 हजार 767, श्री रामसेवक सखवार को 1 हजार 632, इंजीनियर श्री सूरज कुशवाह को 2 हजार 285 और श्री हरिकंठ को 1 हजार 623 मत प्राप्त हुये। मतगणना दिवस को प्रातः काल 07 बजे सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के स्ट्रांगरूम पूरी पारदर्शिता के साथ खोले गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण एवं प्रत्याशी और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले गए। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक श्री शैलेन्द्र सिंह चौहान, सीईओ जिला पंचायत डॉ. इच्छित गढ़पाले, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सीबी प्रसाद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



# रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल कर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रचा इतिहास

## कांग्रेस प्रत्याशी को 5 लाख 59 हजार 835 मतों से किया पराजित, सिंधिया समर्थकों में हर्ष की लहर व्याप्त

शिवपुरी- गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से लोकसभा चुनाव को लेकर 7 मई को हुए मतदान की मतगणना आज 4 जून को लोकसभा क्षेत्र के पृथक-पृथक जिला मुख्यालयों पर आयोजित की गई। गुना, शिवपुरी, अशोकनगर जिलों की 11 विधानसभाओं में हुए मतदान के बाद आए चुनाव परिणामों ने सभी को चौंका कर रख दिया और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐतिहासिक जीत हासिल कर इतिहास रच दिया, यहां सिंधिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी यादवेन्द्र सिंह यादव को 5 लाख 40 हजार 929 मतों के भारी अंतर से पराजित कर पूरे देश में एक बड़ा विश्व रिकॉर्ड बनाया है जहां जहां सर्वाधिक मतों से जीतने वाले भाजपा प्रत्याशियों में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम भी शामिल हुआ है। सिंधिया की इस ऐतिहासिक जीत की जानकारी मिलते ही सिंधिया समर्थकों में हर्ष की लहर व्याप्त रही और सभी ने मिलकर अपनी-अपनी खुशियों को शहर के प्रमुख चौक-चौराहें पर बैनर-पोस्टर, तोरण द्वार और सोशल मीडिया के माध्यम से बधाईयां देते हुए हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर सिंधिया ने शुरूआत से ही बढ़त बनाई और यह बढ़त एक-एक कर सभी चरणों में बढ़ती गई जिसके चलते सिंधिया ने बड़ी जीत हासिल की।



### समर्थकों ने शहर के चौराहों पर जताया खुशी का इजहार, वार्ड 37 से पार्षद गौरव सिंघल ने लगाए बैनर-पोस्टर



केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ऐतिहासिक जीत पर शहर के माधवचौक चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं व सिंधिया समर्थकों ने अपनी खुशी का इजहार किया और ढोल-ताशो व डीजे की थाप पर नृत्य करते हुए मिष्ठान वितरण कर खुशियां मनाई। इसके साथ ही केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की ऐतिहासिक जीत से उत्साहित सिंधिया समर्थकों में शामिल वार्ड क्रं.37 से पार्षद गौरव सिंघल के द्वारा अलसुबह से ही अपनी खुशियां व्यक्त करते हुए शहर के प्रमुख गुरूद्वारा चौराहे से लेकर माधवचौक चौराहा और एबी रोड़ होते हुए पीली कोठी तक केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की जीत से उत्साहित बड़े-बड़े बैनर-पोस्टर लगाकर अपनी खुशी को व्यक्त किया और सभी शहरवासियों को इस ऐतिहासिक जीत की बधाई दी। इस अवसर पर उत्साहित होते हुए पार्षद गौरव सिंघल ने कहा कि अंचल के विकास के मसीहा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने वाले केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया विकास की अलग पहचान है और एक बड़ा जनादेश से संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र से उन्हें दिया गया जिसके फलस्वरूप 5 लाख से अधिक मतों से श्रीमंत विजयी हुए है। आगामी समय में शिवपुरी आगमन पर केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का भव्य ऐतिहासिक स्वागत भी जिला मुख्यालय पर जोर-शोर से किया जाएगा। यहां वार्ड क्रं.37 की पोलिंग क्रमांक 147 पर भाजपा प्रत्याशी को 441 वोट मिले जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को महज 75 मत, पोलिंग क्रं. 148 पर भाजपा प्रत्याशी को 523 मत जबकि कांग्रेस को महज 69 मत, पोलिंग क्रं. 149 पर भाजपा प्रत्याशी को 545 मत जबकि कांग्रेस को महज 71 मत व पोलिंग क्रं.150 पर भाजपा प्रत्याशी को 511 मत जबकि कांग्रेस को महज 90 मत ही मिल सके। इस तरह यहां भाजपा के सिंधिया को 2020 मत मिले जबकि कांग्रेस को महज 305 मत हासिल हो सके इस तरह वार्ड क्रं.47 की 4 पोलिंगों से सिंधिया 1715 मतों से विजयी रहे।

### एक बार फिर लोकसभा चुनाव में पिता के बाद पुत्र को सिंधिया ने किया पराजित

संसदीय क्षेत्र गुना-शिवपुरी से वर्ष 2000 में दिवंगत माधवराव सिंधिया के निधन उपरांत हुए लोकसभा उप चुनाव 2002 में तत्समय भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी राव देशराज सिंह यादव थे और उस समय अपना पहला लोकसभा उप चुनाव लड़ने वाले दिवंगत माधवराव सिंधिया के उत्तराधिकारी के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव लड़ा था उस समय देशराज सिंह को ज्योतिरादित्य सिंधिया ने करीब 4 लाख 7 हजार मतों से पराजित किया था और अब एक बार फिर से वर्ष 2024 में हुए आम चुनाव लोकसभा के इस मुकाबले में स्व.देशराज सिंह के पुत्र राव यादवेन्द्र सिंह को कांग्रेस पार्टी ने प्रत्याशी बनाया और गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के रूप में ज्योतिरादित्य सिंधिया ने यह चुनाव लड़ा जिसमें आए चुनावी परिणाम ने दिवंगत पिता देशराज सिंह यादव के बाद उनके पुत्र राव यादवेन्द्र यादव को 5 लाख से अधिक मतों से पराजित करते हुए सिंधिया ने रिकॉर्ड तोड़ ऐतिहासिक जीत हासिल की।

### कलेक्टर की मौजूदगी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई मतगणना



गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में 17 मई को चुनाव संपन्न हुए थे और लगभग 72 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। शिवपुरी जिले की तीन विधानसभा क्षेत्रों शिवपुरी, कोलारस और पिछोर की मतगणना कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच साईंस कॉलेज में कलेक्टर की मौजूदगी में सुबह आठ बजे प्रारंभ हुई सबसे पहले डाक मतपत्रों की गिनती शुरू की गई और सुबह 8ः30 बजे से ईव्हीएम खुलना शुरू हुई। मतगणना में शुरू से ही केन्द्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया आगे बने रहे। उन्होंने बहुत जल्द ही कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेन्द्र सिंह यादव पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और पहले एक घंटे में ही यह स्पष्ट हो गया कि चुनाव परिणाम किस ओर जाएगा। गुना और अशोक नगर जिले की विधानसभाओं के मतों की गिनती उनके जिला मुख्यालय पर शुरू हुई।



### लोकसभा क्षेत्र की हरेक विधानसभा के हरेक राउण्ड में बनाई बढ़त

शिवपुरी जिले की तीन विधानसभा, कोलारस, पिछोर और शिवपुरी में 19 राउण्ड, अशोकनगर विधानसभा की गिनती 20 राउण्ड में, चंदेरी की 17 राउण्ड में गिनती पूरी होगी। गुना जिले की बमौरी और गुना की 14 राउण्ड में गिनती होगी। प्रत्येक राउण्ड की गिनती 16 टेबिलों पर की गई। 14 राउण्ड की गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 7 लाख 56 हजार 323 मत प्राप्त किए जबकि कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेन्द्र सिंह को 3 लाख 12 हजार 256 मत प्राप्त किए और अंततः भाजपा प्रत्याशी सिंधिया 5 लाख 40 हजार 929 मतों से जीत हासिल की।

### परिणाम देखने में नहीं दिखी लोगों की रूचि, मतगणना स्थल भी दिखा सूना

हर चुनाव में मतगणना का परिणाम जानने के लिए मतगणना स्थल पर भारी संख्या में भीड़ जुट जाती थी और भीड़ में दोनों प्रमुख दलों के समर्थक रहते थे जो अपने-अपने दल के समर्थन में नारे लगाते थे। जैसे ही राउण्ड के हिसाब से मतगणना के परिणाम की घोषणा होती थी वैसे ही विजय प्रत्याशी के समर्थक उत्साह से भर जाते थे। मतगणना स्थल पर मेले जैसा नजारा दिखाई देता था। खाने पीने के स्टॉलों पर लोगों की भारी भीड़ लगा करती थी, लेकिन पहली बार ऐसा हुआ जबकि मतगणना स्थल पर परिणाम जानने के लिए बहुत कम लोग पहुंचे। हालांकि प्रशासन ने एलईडी टीव्ही के माध्यम से लोगों को लाइब परिणाम जानने की सुविधा दी थी।

### कांग्रेस के प्रत्याशी चयन के बाद ही लोगों में सिंधिया की जीत का अंतर देखने की रही दिलचस्पी

गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र का परिणाम पहले से ही एक तरफा माना जा रहा था। पिछले चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया की पराजय और उस चुनाव में जीते सांसद की निष्क्रियता के कारण अधिकांश मतदाताओं का रूझान सिंधिया की ओर था। रही सही कसर कांग्रेस ने पूरी कर दी। कांग्रेस ने कमजोर प्रत्याशी राव यादवेन्द्र सिंह को प्रत्याशी बनाया। यादवेन्द्र सिंह भाजपा से कांग्रेस में आए थे और उनकी माँ तथा भाई भाजपा में बने हुए थे। राव यादवेन्द्र सिंह प्रचार में भी काफी पिछड़े और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी उनके प्रचार में कोई रूचि नहीं दिखाई जिससे इस क्षेत्र का चुनाव परिणाम शीशे की तरह साफ नजर आ रहा था। दिलचस्पी सिर्फ इतनी थी कि भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया की जीत का अंतर कितना बड़ा होगा क्या वह प्रदेश में सबसे बड़ी जीत कायम करने में सफल रहेंगे।



### पूर्व के लोकसभा चुनाव में हार गए थे सिंधिया

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़े थे और भाजपा ने उनके मुकावले में कभी उनके शागिर्द रहे डॉ. केपी यादव को टिकिट दिया था। डॉ. केपी यादव को काफी कमजोर प्रत्याशी माना जा रहा था, लेकिन मोदी लहर के कारण ज्योतिरादित्य ड्क्ससधिया चुनाव हार गए और डॉ. केपी यादव सांसद बनने में सफल रहे। लेकिन एक साल बाद ही ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में आ गए और भाजपा ने उन्हें राज्य सभा सदस्य तथा केन्द्रीय मंत्री बनाया। उसके बाद इस क्षेत्र में ज्योतिरादित्य ड्क्ससधिया की पूछ परख बढ़ गई और केपी यादव हाशिये पर चले गए।

# स्टूडेंट परीक्षा परिणाम में मैथ्स में फैल, कॉपी रिटोटलिंग कराई तो लैपटॉप की पात्र बन गई

### रीटोटलिंग में हुए 7 के 60, सप्लीमेंट्री की जगह बनी लेपटॉप की हकदार



SIDDHI GUPTA

शिवपुरी/बामौरकला। जिले के पिछोर अनुविभाग के बामौकरलां पंचायत में निवास करने वाली 12वीं कक्षा की छात्रा के साथ माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की लापरवाही के कारण उसके गणित विषय में 60 अंक की जगह 7 अंक दिये गये थे,जिससे छात्रा बहुत परेशान थी कि ऐसा कैसे हो सकता हैं मेरे नंबर इतने कम कैसे आ सकते हैं मेरी सप्लीमेंट्री कैसे आ सकती हैं। जिसके बाद छात्रा ने फिर से रीटोटलिंग करवाई तो वह लैपटॉप की पात्र हुई।जानकारी के अनुसार निवासी ग्राम बामौर कलां तहसील खनियाधाना की रहने वाली सिद्धी गुप्ता पुत्री विवेक गुप्ता ने बताया कि मैं अपने 12वीं के रिजल्ट के लिए बहुत उत्सुक थी कि जल्दी मेरा रिजल्ट आये और मैं अपने नंबर जान सकूं, और जब मेरा रिजल्ट आया तो सभी सब्जेक्ट में नंबर अच्छे आये। बस मैथमेटिक्स में मेरे नंबर देखकर तो मेरे होश ही उड़ गये। केवल 07 नंबर जो कि आ ही नहीं सकते थे। क्योंकि मेरा पेपर काफी अच्छा गया था। और जब मेरे नंबरों के बारे में सबको पता चला तो वह भी सोचने पर मजबूर हो गये कि मेरे इतने कम नंबर आ ही नहीं सकते। जिसके बाद मुझे ताने मिलने शुरू हो गये, और उससे में मानसिक रूप से काफी प्रताड़ित हो गई, तब जाकर मेरी स्कूल टीचर्स ने मुझे मोटिवेट करते हुए कहा कि बेटा तुम टेंशन ना लो, तुम अपनी कॉपी की रिटोटलिंग करवाओं,जिसके बाद मैंने मेम की बात मानते हुए रीटोटलिंग के बारे में सोचा और कॉफी घर आने में 15 दिनों का समय लगता हैं, लेकिन मेरी कॉफी को आने में पूरा 1 महीना लग गया यहां पर भी माध्यमिक मंडल की इतनी बड़ी लापरवाही सामने आई। जिसके बाद मेरे पास कॉपी आई और मैंने अपने नंबर जुडवाए और 07 की जगह 60 नंबर हो रहे थे। कहा जहां मेरी सप्लीमेंट्री आ रही थी वहां मेरे 60 नंबर आये। उससे मेरी 84.6 परसेंट बनी और मैं लैपटॉप पात्र बन गई, लेकिन मैंने जो स्ट्रगल वो 1 महीने किया उसका में कभी भूल नहीं सकती। जबकि मेरे 10वीं में 90 परसेंट आई थी।

# थाना करैरा द्वारा स्मैक 10 ग्राम एवं एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

शिवपुरी-पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड के निर्देश के पालन में अति.पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. करैरा शिवनारायण मुकाती के मार्गदर्शन में थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति गल्ला मंडी करैरा के पीछे स्मैक बेच रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु मुखबिर के बताये स्थान गल्ला मंडी के पीछे पहुचे तो वहां मुखबिर द्वारा बताये हुलिया का एक व्यक्ति बैठा दिखा जो पुलिस को आता देख भागने लगा जिसे बल की मदद से घेर कर पकड़ा वह बहादुर रावत पुत्र होतम सिंह रावत उम्र 25 वर्ष नि. ग्राम बांसगढ हाल गल्ला मंडी के पास करैरा थाना करैरा जिला शिवपुरी का होना बताया। आरोपी बहादुर रावत की जामा तलाशी ली गई तो उसके पेन्ट की दाहिनी जेब से एक पारदर्शी पन्नी जिसमें 10 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक कीमती 02 लाख रुपये एंव पेन्ट की बायी जेब से एक इलेक्ट्रोनिक तौल कांटा कीमती 05 हजार रुपये का बरामद कर विधिवत जप्त किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी बहादुर सिंह रावत के विरूद्ध अप.क्र. 394/24 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। आरोपी से स्मैक सप्लायर के संबध मे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी करैरा निरी.सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा, प्र.आर.राजेन्द्र यादव, आर.चन्द्रशेखर मीना, आर.अनूप कुमार, आर.आलौक जैन, आर.संजीव श्रीवास्तव शामिल रहे।

# भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा कराई जाएगी चित्रकला प्रतियोगिता

शिवपुरी-विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में समाजसेवी संस्था भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के द्वारा स्कूली बच्चो के उत्साहवर्धन को लेकर प्राकृतिक पर्यावरण संरक्षण को लेकर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रतिभागी बच्चों को शामिल कर उन्हे प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और फिर 9 जून को प्रतियोगित आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद शाखा शिवपुरी के अध्यक्ष एड. शैलेन्द्र समाधिया व सचिव पुनीत जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर संस्था के द्वारा स्कूली बच्चों को भी पर्यावरण संरक्षण से जोड़ा जाए और इसका महत्व बताया जाए, इसे लेकर 4 दिवसीय प्रशिक्षण भी बच्चों को प्रदाय किया जाएगा जिसमें यह प्रतियोगितता दो वर्गो में आयोजित होगी, प्रथम वर्ग में कक्षा 1 से लेकर 5 एवं द्वितीय वर्ग में कक्षा 6 से लेकर 10वीं तक के स्कूली विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगें। इन चार दिवसों में बच्चों को पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूक किया जाएगा और इसी पर आधारित 9 जून को चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विजयी प्रतिभागियों को आगामी कार्यक्रमों में शामिल कर प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न भेंट करते हुए सम्मानित किया जाएगा। संस्था के द्वारा ऐसे बच्चे जो इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते है वह संजीव जैन कैपीटेल कम्प्यूटर पर अपना पंजीयन कराकर प्रतियोगिता में शामिल हो सकेंगें।

# पोलोग्राउंड में क्रिकेट अकादमी की 7-ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

### अहान एकादश ने छिमाछिमा रॉयर्स को 30 रन से हराया



शिवपुरी। शहर के पोलोग्राउण्ड तात्या टोपे क्रिकेट मैदान में शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में 7-ए क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ बाल खिलाडियों के शानदार मार्च पास्ट के साथ हुआ। शुभारंभ मैच में अहान क्लब ने छिमछिमा रॉयर्स क्रिकेट टीम को 30 रन से मात दी। मैच में मेन आफ दी मैच खिलाडी अहान को दिया गया जिन्होंने 17 गेंद में 30 रन बनाए। शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के अध्यक्ष गिरीश मिश्रा मामा व सचिव यूथ कोर्डनिडर खेल विभाग के कमल सिंह बाथम ने बताया कि यह प्रतियोगिता आज 3 जून से शुरू हुई। जिसमें 5 वर्ष से लेकर 19 वर्ष तक वे खिलाड़ी लेंगे जो शिवपुरी अकादमी में समर कैंप सहित वर्ष भर प्रशिक्षण लेते हैं। आज पहले मैच का उद्घाटन वरिष्ठ क्रिकेट खिलाड़ी और भाजपा जिला उपाध्यक्ष हेमंत ओझा ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त किया। हेमंत ओझा ने नवोदित खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लक्ष्य को ध्येय में रखकर क्रिकेट खेलों क्योंकि लक्ष्य साधने वाले ही लक्ष्य भेदते हैं। हार जीत की चिंता किए बगैर खेल पर ध्यान देना खिलाडियों का लक्ष्य होना चाहिए। खिलाडियों को सूबेदार सिंह कुशवाह मुन्ना राजा, जीतू ठाकुर, जयकुमार शर्मा पटवारी, गिरीश मिश्रा मामा, शेरा बाथम, नेपाल सिंह बघेल, लारा शर्मा, वासुदेव राठौर ने भी संबोधित किया। 7-ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता प्रारंभ की जाती है यह प्रतियोगिता लैदर बॉल व कलर ड्रेस में आयोजित की जाती है। इस 7-ए साइड क्रिकेट प्रतियोगिता में शहर के विभिन्न समाजसेवी जन प्रतिनिधियों वरिष्ट खिलाडियों व जिला क्रिकेट एसोसिएशन व खेल विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया जाता रहा है। इस प्रतियोगिता में 12 टीम भाग ले रही हैं। 12 टीमों को अलग-अलग नाम दिये गए है जैसे शीतला टाईगर्स, श्री बांके बिहारी, छिमछिमा रायल, एस. एस फाइबर, युवराज, अहान एकादाश, आर. बी. फाइटर, मोहित ईगलर्स, संजय अवस्थी 11, एएस ग्रुप, प्रेम स्वीट्स व शिवपुरी क्रिकेट अकादमी के नाम की टीमें अपना जौहर दिखाएंगी। आज के मैच में टीमों को गौरव सोनी द्वारा नारियल पानी और जय कुमार शर्मा पटवारी द्वारा केले का नाश्ता कराया गया।

### क्या है 7-ए साइड क्रिकेट?

7-ए साइड क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की एक प्रचलित क्रिकेट पद्धति है जिसमें एक तरफ सात खिलाड़ी खेलते हैं और प्रत्येक मैच 6-6 ओवर का होता है, एक ओवर में 8 बॉल फेंकी जाती हैं।

# हैप्पीडेज स्कूल में अभा 7 ए साइड फुटबॉल प्रतियोगिता : खेले गए अंडर 17 आयु वर्ग में क्वार्टर फाइनल मुकाबले



शिवपुरी- शहर के एबी रोड़ स्थित हैप्पीडेज स्कूल में अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत हुई है, हैप्पीडेज स्कूल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट से मनोज मिताई एवं गिर्राज शर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि आज प्रतियोगिता के तीसरे दिन क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। प्रतियोगिता का पहला क्वार्टर फाइनल मैच बीबीपीएस नोएडा और एनयूएफसी दिल्ली के बीच में खेला गया जिसमें एनयूएफसी की टीम ने 1-0 से इस मैच को जीत लिया एनयूएफसी की ओर से एकमात्र गोल रुद्राक्ष ने किया। प्रतियोगिता का दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच सेंट जूड हरियाणा और डी एस बाय डब्लू शिवपुरी की टीम के बीच खेला गया जिसमे डी एस बाय डब्लू ने 5-0 से इस मैच को जीत लिया डी एस बाय डब्लू की ओर से देव ने 3 रोहित और विवेक ने एक-एक गोल किया। प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच एल ए एच एस ग्वालियर और शार्प शॉट उत्तर प्रदेश के बीच खेला गया जिसमें एल ए एच एस ग्वालियर की टीम ने 2-0 से इस मैच को जीत लिया एल ए एच एस की ओर से नमन ने दो गोल किए। प्रतियोगिता का चौथा क्वार्टर फाइनल मैच शार्प शॉट, उत्तर प्रदेश और सेंट मैरी स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया जिसमें शार्प शॉट उत्तर प्रदेश की टीम ने 2-0 से इस मैच को जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। शार्प शॉट की ओर से यशवर्धन और निशत ने 1-1 गोल किया। प्रतियोगिता के चारों सेमीफाइनल मैच 14 और 17 आयु वर्ग में आज शाम 5ः00 से खेले जाएंगे इस अखिल भारतीय प्रतियोगिता में विभिन्न राज्यों की टीम भाग ले रही है यह सभी मैच सुबह, शाम और रात्रि में लाइट की रोशनी में खेले जा रहे हैं आज के मैच के रेफरशिप की भूमिका मे मकसूद खान, भरत जाटव, शाहरुख खान और विग्नेश थे हैप्पीडेज स्कूल के स्पोर्ट्स डिपार्टमेंट से मनोज मितई, गिर्राज शर्मा, मृदुल शर्मा, मनीष राठौर, भरत जाटव प्रतियोगिता की सुचारू रूप से व्यवस्थाएं देख रहे है।

कविता

# ईवीएम मशीन दुखियारी

बिना बात के ही हैं कोसी जाती ,
फिर भी चुपचाप सब सह जाती
मशीन हैं इसलिए कुछ न कह पाती
झूठे सारे आरोप ये दुनिया लगती ।।

यही ईवीएम जब किसी पक्ष को जीताती
तो उस पक्ष की ये फिर सगी बन जाती
वही विपक्ष से तब ये खाती हैं गाली
झूठे परिणाम बताने वाली ये कहलाती ।।

ईवीएम मशीन काश बोल पाती
असहमति जताते हैं जो भी यहां
उन पर ये भेद ये सारे खोल पाती
हाय रे ईवीएम मशीन दुखियारी।।

जीत जाने पर ये सही हो जाती ,
परिणाम जो आए न हक में तो गलत हो जाती
अपने ही दिमाग की लगाते सब चाबी
कम बोट मिलने पर ये नकली हो जाती ।।

आज यदी कह पाती तो सबको बताती ,
इसकी निष्कपट भावना यह बतलाती
जो बटन दबाया होगा वोट उसी ने पाया होगा
यही कहना चाहती ईवीएम मशीन दुखियारी।।

**उआशी प्रतिभा ( स्वतंत्र लेखिका)**
**मध्य प्रदेश, ग्वालियर**



# प्राकृतिक पूंजी की लूट से उपजा सभ्यता का संकट

अप्रैल के आखिरी सप्ताह में देहरादून में भारतीय वन सेवा (आईएफएस) अधिकारी प्रशिक्षुओं के 2022 बैच के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के भाषण के संपादित अंश पढ़े, तो मुझे आलोक शुक्ला की याद आ गई। जो एक अथक योद्धा और छत्तीसगढ़ बचाओ आंदोलन के संयोजक थे। आलोक शुक्ला ने एक सफल सामुदायिक अभियान का नेतृत्व किया था, जिसके तहत हसदेव अरण्य के प्राचीन जंगलों में 445,000 एकड़ जैव विविधता से समृद्ध जंगलों को बचाया।

दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था, 'जब जंगलों की अहमियत समझने की बात आती है तो मनुष्य जानबूझकर खुद को भूलने के रोगियों में शामिल कर लेता है- यह जंगल की आत्मा है जो पृथ्वी को चलाती है।'और उसी भावना से जिस भाव से उन्होंने उस दिन उत्तीर्ण होने वाले सभी अधिकारियों को बधाई दी, मुझे लगता है कि यह स्वीकार करना उचित होगा कि आलोक शुक्ला भी'समाज में प्रगति के प्रतीक हैं। अब इससे पहले कि आप मुझसे पूछें कि आलोक शुक्ला कौन हैं और उन्होंने जंगलों को बचाने के लिए क्या अभूतपूर्व योगदान दिया है, और वह भी ऐसे समय में जब उच्च आर्थिक विकास हासिल करने के लिए जंगलों की लूट को पूर्व-अपेक्षित क्षति माना जाता है, उन्हें 2024 के गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार से नवाजा गया है, जिसे 'ग्रीन नोबेल' भी कहा जाता है। वह इस वर्ष सम्मान पाने वाले छह महाद्वीपों के सात बहादुरों में से एक हैं। निडर और साहसी, सबसे शक्तिशाली आर्थिक ताकतों से लोहा लेने की उनकी अदम्य भावना ने छत्तीसगढ़ के आदिवासी क्षेत्र में लगभग 4.5 लाख एकड़ के अमूल्य आदिम जंगलों में लाखों पेड़ों को बचाया है। हसदेव समुदाय ने न केवल उस विशाल जैविक संपदा की रक्षा के लिए सभी बाधाओं के खिलाफ संघर्ष किया है, बल्कि यह सामुदायिक प्रयास मानवता के हित में प्राकृतिक संसाधनों से जुड़े पारंपरिक ज्ञान के संरक्षण में भी मदद करेगा। यदि मैं पारिस्थितिकी तंत्र और



जैव विविधता के अर्थशास्त्र (टीईईबी) दृष्टिकोण को लागू करने वाले वास्तविक लेखांकन मानदंडों का उपयोग करके आर्थिक मूल्य का पता लगाने का प्रयास करूं, तो इसकी कीमत कई ट्रिलियन भारतीय रुपये होगी।

जब मैंने इससे पहले कहा कि आलोक शुक्ला बेहद शक्तिशाली आर्थिक ताकतों के विरुद्ध सक्रिय रहे (और अभी भी हैं) तो यह संदर्भ हसदेव अरण्य के जंगलों में अलॉट की गयी 21 नियोजित कोयला खदानों के संबंध में था। आदिवासी समुदायों की ओर से एक लंबी और सतत मुहिम के बाद, उन्होंने साल 2012 में जो हसदेव अरण्य बचाओ संघर्ष समिति गठित की, उसने प्रतिरोध को इस तरह से संगठित किया कि वह प्रभावी बन गयी, और आखिरकार सर्वाधिक शक्तिशाली कॉर्पोरेशन में से कुछ को मिले 21 नियोजित कोयला खानों के परमिट रद्द करने के लिए सरकार को मजबूर करने में सफल रही। इस प्रक्रिया में, स्थानीय समुदायों द्वारा सतत संघर्ष, जिसमें अनगिनत धरने, गढ़वाल के पहाड़ों में विख्यात चिपको आंदोलन की तरह पेड़ों को लिपटना और राज्य की राजधानी रायपुर की ओर 166 किलोमीटर कूच, शामिल है। यदि किसी को इस संघर्ष, जारी रहे आंदोलनों और समुदायों के उत्पीड़न की कार्रवाई का एक दस्तावेज तैयार करना हो तो यह नेटफ्लिक्स, प्राइम और अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों के लिए एक आकर्षक डॉक्युमेंटरी सीरीज होगी। यह निश्चित तौर पर हाथी की फुसफुसाहट नहीं थी बल्कि ये अति आधुनिक आरा मशीनें थी जिनका आदिवासियों को सामना करना था। गोल्डमैन पर्यावरणीय पुरस्कार भी ऐसे समय पर आया है जब चिपको आंदोलन अपनी 50वीं वर्षगांठ बना रहा है। डाउन टू अर्थ पत्रिका के 16-30 अप्रैल, 2024 अंक में वर्णित है कि चिपको आंदोलन ने देशव्यापी पर्यावरण चिंताओं को प्रेरित किया था और नीति निर्माण पर प्रभाव डाला था। उस परिवर्तन का नेतृत्व करने वाले चंडी प्रसाद भट्ट याद करते हैं, 'जब ठेकेदार और मजदूर साल 1973 में मार्च माह की एक सुबह रैणी गांव के जंगल को काटने के लिए पहुंचे, तो गांव में कोई आदमी नहीं था। चंडी प्रसाद आगे बताते हैं कि 'गौरा देवी, जो उस समय महिला मंडल की मुखिया थीं, अन्य महिलाओं को जंगलों में ले गयी और पेड़ों से लिपट गयी।' बाकी आगे सब इतिहास है। चिपको आंदोलन को याद करना इसलिए महत्वपूर्ण है कि हसदेव के जंगलों में भी महिलाओं को पेड़ों से लिपटना पड़ा था। लेकिन गढ़वाल क्षेत्र में लकड़ी काटने आने वाले लकड़ी व्यवसायियों के उलट यहां छत्तीसगढ़ में राज्य सरकार से मदद और शह प्राप्त शक्तिशाली कंपनियां थीं। इसलिए शायद छत्तीसगढ़ को पेड़ों को बचाने के लिए कुछ ज्यादा करने की जरूरत थी, और यही बात थी कि वहां सामुदायिक प्रतिरोध जरूरी हो गया था।

पर्यावरणीय संरक्षण के साथ आर्थिक विकास का संतुलन बनाने की बात अकसर की जाती है लेकिन जब मानवता के लिए जंगलों को बचाने का मामला होता है, खासकर मौसम में उबाल के वक्त, हमेशा अर्थशास्त्र को ही प्राथमिकता दी जाती है। जबकि यह ज्ञात है कि दुनिया के कुछ सबसे बड़े उद्योग हर साल अनुमानित 7.3 ट्रिलियन डॉलर मूल्य की प्राकृतिक पूंजी को निगल जाते हैं जो स्पष्ट रूप से पृथ्वी ग्रह को सभ्यता के संकट की ओर ले जा रहा है। यह भी कि जिस तरह से प्राकृतिक संसाधनों की लूट की इजाजत दी जा रही है, उसमें कहीं जरा भी पछतावा नजर नहीं आता। जंगलों के कटान की वजह से वातावरण में वैश्विक जलीय चक्र सूख रहे हैं। जैसे कि येल विश्वविद्यालय की स्टडी बताती है, जंगल स्थानीय वातावरण को ठंडा करके स्थानीय जलवायु को नियंत्रण में रखते हैं।

यहीं आलोक शुक्ला ने देश को औपनिवेशिक दृष्टिकोण से आगे की बात सोचने की राह दिखाई है। हमें अपने ग्रह को विनाश से बचाने के लिए अलग प्रकार के आर्थिक सिद्धांतों की जरूरत है। हम पुराने पड़ चुके ग्रोथ मॉडल के साथ और ज्यादा आगे नहीं बढ़ सकते हैं।


# आर्थिकी के मजबूत होकर आगे बढ़ने की उम्मीदें

देश के आर्थिक परिदृश्य में शुभ संकेत दिखाई दे रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय सांख्यिकी संगठन ने वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर 8.2 फीसदी रहने संबंधी रिपोर्ट जारी की है। देश के शेयर बाजार फर्राटा भर रहे हैं। आर्थिक व वित्तीय बाजार मजबूत हो रहे हैं। वित्तीय और गैर वित्तीय क्षेत्रों के दमदार बही-खाते भारत की आर्थिक ताकत बढ़ा रहे हैं। रिजर्व बैंक द्वारा भारत सरकार को दिया गया रिकॉर्ड लाभांश, शेयर बाजार में निवेशकों का उत्साह और दुनिया की प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा भारत के विकास के प्रभावी विश्लेषण प्रस्तुत किए जा रहे हैं। गौरतलब है कि हाल ही में वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने मजबूत आर्थिक वृद्धि, तेज आर्थिक सुधार और बढ़ती राजकोषीय मजबूती के मद्देनजर भारत की रेटिंग को स्थिर यानी स्टेबल से बदलकर पॉजिटिव कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का कहना है कि पिछले तीन साल में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वास्तविक वृद्धि दर 8.1 फीसदी सालाना रही है और अब यह विकास दर अगले तीन साल में लगातार 7 फीसदी के करीब होगी। इन्वेस्टमेंट बैंकर गोल्डमैन सैक्स ने अपनी रिपोर्ट में 2024 में भारत की विकास दर को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत कर दिया है। अन्य महत्वपूर्ण नई रिपोर्टों के तहत अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष- आईएमएफ ने 6.8 प्रतिशत, एशियाई विकास बैंक- एडीबी ने 7 प्रतिशत तथा विश्व बैंक ने 7.5 प्रतिशत विकास दर रहने के अनुमान व्यक्त किए हैं। विशेषज्ञों का मत है कि भारत की विकास दर आगामी दशक तक 6.5-7 प्रतिशत के स्तर पर दिखाई देगी। विभिन्न रिपोर्टों में रेखांकित किया जा रहा है कि भारत में वर्ष 2023-24 में प्रत्यक्ष कर संग्रह 17.7 फ़ीसदी बढ़कर 19.58 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी तरह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) उच्चतम स्तर पर रहा है। इसका आकार 20.18 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 11.7 फ़ीसदी अधिक है। कर संग्रह के ये आंकड़े अर्थव्यवस्था में तेज उछाल और व्यक्तियों तथा कॉर्पोरेट सेक्टर की आमदनी में वृद्धि को दर्शाते हैं।

आरबीआई द्वारा हाल ही में सरकार के लिए अब तक के सबसे अधिक लाभांश की राशि सुनिश्चित की गई है, वहीं दूसरी ओर शेयर बाजार में सूचकांक की जो रिकॉर्ड ऊंचाई दिखाई दे रही है, उससे दुनिया में भारत के नए तेज विकास की संभावनाएं आगे बढ़ी हैं। रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 में सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये लाभांश देने की मंजूरी दी है जो बजट अनुमान की तुलना में 107 फीसदी ज्यादा है। यह सरकार के लिए मौजूदा वित्त वर्ष में 1.09 लाख करोड़ रुपये के अप्रत्याशित लाभ जैसा है। रिजर्व बैंक ने पहली बार आकस्मिक जोखिम बफर (सीआरबी) बढ़ाकर 6.5 फीसदी कर दिया गया है, जो पहले 6 फीसदी था। रिजर्व बैंक द्वारा रिकॉर्ड लाभांश देने के निर्णय और वैश्विक आर्थिक संगठनों व क्रेडिट एजेंसियों के द्वारा 2024-25 में भारत की ऊंची विकास दर के अनुमानों के बाद भारतीय शेयर बाजार को लाभ मिला। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पांच लाख करोड़ ड़ॉलर के पार पहुंचने के साथ ही भारत इस मुकाम तक पहुंचने वाला पांचवां सबसे बड़ा देश बन गया है। कोरोना के बाद भारतीय घरेलू खुदरा निवेशकों की रुचि शेयर बाजार में बढ़ी है। पिछले 10 साल में डीमेंट अकाउंट 2.3 करोड़ से बढ़कर 15 करोड़ हो गए हैं और म्यूचुअल फंड-निवेशकों की संख्या 1 करोड़ से 4.5 करोड़ हो गई।




# विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024-धरती मां को पर्यावरण प्रदूषण से बचाना परम मानवीय धर्म




**जलवायु परिवर्तन के भयंकर विनाशकारी दुष्टपरिणाम को रोकने,पर्यावरण संतुलन को अति प्राथमिकता से रेखांकित करना ज़रूरी विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 की थीम-भूमिक्षरण मरुस्थलीकरण व सूखे पर केंद्रित है,इसलिए जल ही जीवन है,सारा जीवन जल पर निर्भर है,इसपर जनजागरण सराहनीय-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया**

गोंदिया- वैश्विक स्तरपर बढ़ते जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से पूरी दुनियां पीड़ित है,क्योंकि वर्तमान दौर में कब और कैसे प्राकृतिक प्रकोप बरस पड़ेगा कोई संकेत नहीं मिल पाता। अनेकों बार मौसम विभाग सहित अनेको संबंधित एजेंसीयां भी सही-सही अनुमान लगाने में असफल हो जाती है, जिसका सटीक उदाहरण अभी तीन-चार दिन पहले ही पापुआ न्यू गिनी व जापान में आया भयंकर भूकंप अमेरिकी जंगल में चल रही भयंकर आग तो हम देख चुके हैं, दूसरी तरफ अभी-अभी रमल तूफान का पश्चिम बंगाल में तांडव भी कुछ दिन पहले हम देख चुके हैं। मेरा मानना है कि यह सब प्राकृतिक तांडव जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम का ही अंजाम है, जो सर्दियों में गर्मी ठंड में बारिश वह गर्मी में ठंड व बारिश में गर्मी कब कैसे हो जाती है पता ही नहीं चलता। हमारी राइस सिटी गोंदिया में दिनांक 2 जून 2024 को रात्रि करीब 12 बजे तेज बारिश हुई जो आश्चर्यजनक है, जबकि दिनभर तेज धूप के नौ टप्पे चल रहे हैं। वेदों कतेबों में भी यह आया है कि मनुष्य की आयु प्राकृतिक रूप से 125 वर्ष मानी गई है जोकि अलग अलग खान-पान,पर्यावरण प्रदूषण,तनाव के चलते 80 वर्ष तक ही सीमित रह गई थी। परंतु अभी आधुनिक डिजिटल युग में तो मेरा मानना है कि यह 60 वर्ष तक की सीमित हो गई है,परन्तु उसके भी दो कदम आगे भारी तनाव पर्यावरण सहित अनेकों कारण तथा अन्य स्वास्थ्य कारण से हृदय गति रूकनेके केस भारी मात्रा में सामने आ रहे हैं, जिसमें बहुत कम उम्र में ही जीवन सिमट जाता है, जिसका मुख्य कारण असंतुलित और दूषित पर्यावरण ही माना जा सकता है,जिसको सभी ने रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है।इसवर्ष 5 जून 2024 पर्यावरण दिवस यूनाइटेड नेशन द्वारा सऊदी अरब की मेजबानी में रियाद में मनाया जा रहा है। हम आज पृथ्वी पर पर्यावरण के संतुलनया पर्यावरण को अपने हिसाब से इस तरह महसूस कर सकते हैं की (1) हिमालय से ग्लेशियरों के पिघलने की तेज गति के चलते समुद्र का जलस्तर 1.5 मिली मीटर प्रतिवर्ष बढ़ रहा है,जिस कारण वायु प्रदूषण ग्रीन हाइड्रो गैसों के कारण यह सब हो रहा है, दूसरा धरती अपनी धुरी से एक डिग्री तक खिसक गई है,वन तेजी से कम हो रहे हैं व पर्यावरण कार्बन डाइऑक्साइड बढ़ रहा है (2) पांच जगह पर अधिक खनन हो रहाहै,नदी के पास,पहाड़ की कटाई,खनिज धातु खनन, समुद्री इलाकोंमें खनन, पानी के लिए धरती क्षेत्र में बोरिंग रेत गिट्टी हीरा कोयला तेल पेट्रोल के लिए कई हजारों फीट खुदाई।(3) जलवायु में ऑक्सीजन का घटना भी कारण है, क्योंकि जंगलों में कटाई से ऑक्सीजन की मात्रा घटने स्वाभाविक ही है। (4) अल्ट्रा वायरस किरणों का खतरा भी बढ़ गया है। (5) सबसे बड़ा परिणाम हम देख रहे हैं कि जलसंकट गहराता जा रहा है क्योंकि विभिन्न प्रकार के बनाए गए बांध व मानवीय खुराफात के कारण जल अपव्यय हो रहा है।यह सब घटनाएं हम मानवीय खुरापात के कारण हो रही है और हम उन्हें रोकने में असमर्थ हो रहे हैं, अगर हमें पृथ्वी को बचाना है तो पर्यावरण को प्रदूषण से बचाना होगा, जिसकी हमें अपने आप से शुरुआत करने का संकल्प 5 जून 2024 को याने विश्व पर्यावरण दिवस के दिन लेने की शुरुआत करनी होगी। क्योंकि धरती मां को पर्यावरण प्रदूषण से बचाना परम मानवीय धर्म है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,जलवायु परिवर्तन का भयंकर विनाशकारी दुष्टपरिणामों को रोकने पर्यावरण संतुलनको अति प्राथमिकता से रेखांकित करना अत्यंत जरूरी है।




साथियों बात अगर हमअंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण दिवस मनाने की करें तो, प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तरपर विश्व पर्यावरण दिवस जून माह में मनाते हैं। इस खास दिन को मनाने की एक तारीख निर्धारित है। भारत समेत दुनियां भर में 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर विभिन्न देश अलग अलग तरीके से पर्यावरण को लेकर अपने नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। भारत समेत पूरे विश्व में प्रदूषण तेजी से फैल रहा है। बढ़ते प्रदूषण के कारण प्रकृति खतरे में हैं। प्रकृति जीवन जीने के लिए किसी भी जीव को हर जरूरी चीज उपलब्ध कराती है। ऐसे में अगर प्रकृति प्रभावित होगी तो जीवन प्रभावित होगा। प्रकृति को प्रदूषण से बचाने के उद्देश्य से पर्यावरण दिवस मनाने की शुरुआत हुई। इस दिन लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाता है और प्रकृति को प्रदूषित होने से बचाने के लिए प्रेरित किया जाता है। प्राकृतिक संसाधनों के दोहन और मानव जीवनशैली के लिए इनके गलत उपयोग से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है। दूषित पर्यावरण उन घटकों को प्रभावित करता है, जो जीवन जीने के लिए आवश्यक हैं। ऐसे में पर्यावरण के प्रति लोगों को जागरूक करने, प्रकृति और पर्यावरण का महत्व समझाने के उद्देश्य से हर साल विश्व पर्यावरण दिवस मनाते हैं। पर्यावरण का अर्थ संपूर्ण प्राकृतिक परिवेश से है जिसमें हम रहते हैं। इसमें हमारे चारों ओर के सभी जीवित और निर्जीव तत्व शामिल होते हैं, जैसे कि हवा, पानी, मिट्टी, पेड़-पौधे, जानवर और अन्य जीव-जंतु। पर्यावरण के घटक परस्पर एक-दूसरे के साथ जुड़कर एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करते हैं। साथियों बात अगर हम वर्ष 2024 की थीम और 5 जून को ही पर्यावरण दिवस मनाने की करें तो, पर्यावरण दिवस की थीम 2024 प्रतिवर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की एक खास थीम होती है। पिछले साल यानी विश्व पर्यावरण दिवस 2023 की थीम सॉल्यूशन तो प्लास्टिक पॉल्यूशन थी। यह थीम प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान पर आधारित थी। इस साल विश्व पर्यावरण दिवस 2024 की थीम लैंड रेस्टोरेशन डिजरटिफिकेशन एंड ड्राउट रेजिलिएंस है। इस थीम का फोकस हमारी भूमि नारे के तहत भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे पर केंद्रित है। दरअसल, पहला पर्यावरण सम्मेलन 5 जून 1972 को मनाया गया था, जिसमें 119 देशों ने भाग लिया था। स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मेलन हुआ था। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मानव पर्यावरण पर स्टॉकहोम सम्मेलन के पहले दिन को चिन्हित करते हुए 5 जून को पर्यावरण दिवस के तौर पर नामित कर लिया है।साथियों बात अगर हम यूएनईपी द्वारा 2024 के विश्व पर्यावरण दिवस को सऊदी अरब के रियाद में मनाए जाने पर उनके प्रमुख के वक्तव्य की करें तो, हम विश्व पर्यावरण दिवस की तैयारियों के लिए रियाद में हैं, जिसका आयोजन इस वर्ष 5 जून को सऊदी अरब द्वारा किया गया है। 2024 का दिन भूमि बहाली, मरुस्थलीकरण और सूखे से निपटने पर केंद्रित है। एक राष्ट्र के रूप में जो क्षरण, मरुस्थलीकरण और सूखे का सामना कर रहा है, सऊदी अरब साम्राज्य समाधान देने में गहराई से निवेश कर रहा है। सऊदी ग्रीन इनिशिएटिव और मिडिल ईस्ट ग्रीनइनिशिएटिव के माध्यम से किंगडम राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर काम कर रहा है। और यह वैश्विक स्तरपर काम कर रहा है, जैसा कि हमने देखा जब जी 20 की सऊदी अध्यक्षता के परिणाम स्वरूप वैश्विक भूमि बहाली पहल को अपनाया गया।इस तरह की कार्रवाई और नेतृत्व बहुत ज़रूरी है क्योंकि हम तीन ग्रहों के संकट की चिंताजनक तीव्रता का सामना कर रहे हैं,जलवायु परिवर्तन का संकट प्रकृति और जैव विविधता का नुकसान का संकट और प्रदूषण और कचरे का संकट, यह संकट दुनियां के पारिस्थितिकी तंत्रों पर हमला कर रहा है। अरबों हेक्टेयर भूमि क्षरित हो रही है, जिससे दुनियां की लगभग आधी आबादी प्रभावित हो रही है और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का आधा हिस्सा ख़तरे में है। ग्रामीण समुदाय, छोटे किसान और बेहद गरीब लोग सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं।लेकिन भूमि पुनर्स्थापन भूमिक्षरण सूखे और मरुस्थलीकरण की बढ़ती लहर को उलट सकता है। पुनर्स्थापन में निवेश किया गया प्रत्येक डॉलर पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं में 30 अमेरिकी डॉलर तक ला सकता है। पुनर्स्थापन आजीविका को बढ़ाता है, गरीबी को कम करता है और चरम मौसम के प्रति लचीलापन बनाता है। पुनर्स्थापन कार्बन भंडारण को बढ़ाता है और जलवायु परिवर्तन को धीमा करता है। केवल 15 प्रतिशत भूमि को बहाल करने और आगे के रूपांतरण को रोकने से अपेक्षित प्रजातियों के विलुप्त होने के 60 प्रतिशत तक को रोका जा सकता है।लेकिन हमें भूमि क्षरण, सूखा और मरुस्थलीकरण के कारकों, जैसे जलवायु परिवर्तन को भी समाप्त करना होगा। पिछले साल, तापमान के रिकॉर्ड टूट गए। दुनियां के अधिकांश हिस्सों ने इसका असर महसूस किया, न केवल गर्मी में बल्कि तूफान, बाढ़ और सूखे में भी। जलवायु परिवर्तन से निपटने के बिना भूमि को बहाल करना एक हाथ से देने और दूसरे हाथ से छीनने जैसा होगा, इसलिए जी 20 देशों को पूरे जलवायु एजेंडे में नेतृत्व दिखाना चाहिए,जैसा कि किंगडम ने किया है और भूमि बहाली पर करना जारी रखता है।वास्तविक उम्मीद है। देशों ने एक अरब हेक्टेयर भूमि को बहाल करने का वादा किया है, जो चीन से भी बड़ा क्षेत्र है। अगर वे ऐसा करते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात होगी। विश्व पर्यावरण दिवस के माध्यम से और इस दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण से निपटने के लिए सम्मेलन की मेजबानी के माध्यम से , सऊदी अरब का साम्राज्य इन बहाली लक्ष्यों की दिशा में गति और कार्रवाई का निर्माण कर सकता है, जलवायु परिवर्तन को धीमा कर सकता है, प्रकृति की रक्षा कर सकता है और दुनिया भर के अरबों लोगों की आजीविका और खाद्य सुरक्षा को बढ़ा सकता है अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024-धरती मां को पर्यावरण प्रदूषण से बचाना परम मानवीय धर्म।जलवायु परिवर्तन के भयंकर विनाशकारी दृष्टपरिणाम को रोकने,पर्यावरण संतुलन को अति प्राथमिकता से रेखांकित करना ज़रूरी।विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून 2024 की थीम-भूमिक्षरण मरुस्थलीकरण व सूखे पर केंद्रित है,इसलिए जल ही जीवन है,सारा जीवन जल पर निर्भर है,इसपर जनजागरण सराहनीय है।

**संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**

## ब्रीफ न्यूज़

### सिख संस्कार शाला में शामिल बच्चों की परीक्षा

**भोपाल।** सिखों के कितने गुरु हैं, इनके नाम क्या है, सिख वर्णमाला में कितने अक्षर है? ऐसे कई सवाल रविवार को ईदगाह हिल्स टेकरी गुरुद्वारा में हुई लिखित और मौखिक परीक्षा में पूछे गए। परीक्षा में 5 से 15 साल तक के बच्चे और किशोर शामिल हुए। गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष परमवीर सिंह ने बताया कि बच्चों का परीक्षा परिणाम 5 जून को आयोजित एक समारोह में घोषित किया जाएगा। जहां उन्हें पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। ईदगाह हिल्स टेकरी गुरुद्वारा भोपाल में सिख संस्कार शाला के बच्चों की लिखित और मौखिक परीक्षा 2जून को आयोजित की गई। पिछले दिनों भोपाल के विभिन्न गुरुद्वारा में चलाई गई सिख संस्कार पाठशाला में शामिल बच्चे इस परीक्षा में बैठे। जिसमें सिख धर्म से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछे गए। सिखों के कितने गुरु हैं, इनके नाम क्या है, सिख वर्णमाला में कितने अक्षर है? स्वर्ण मंदिर कहां है, इसे किसने बनवाया था।

### इंदौर की शादीशुदा महिला को लुटेरी दुल्हन बनाना चाहते थे

**इंदौर।** इंदौर में लगभग 40 दिन लापता रही 22 साल की शादीशुदा महिला को पुलिस ने ढूंढ निकाला। महिला के बयान के आधार पर कैटरिंग कंपनी के मैनेजर और उसके मकान मालिक को आरोपी बनाया गया है। आरोपी महिला की दूसरी जगह शादी करना चाहते थे। आरोपियों ने उसे कहा था कि तुम्हारी अच्छे घर में दूसरी शादी करा देंगे। जमे तो ठीक है नहीं तो कुछ दिन बाद वहां से सामान लेकर वापस आ जाना। मैनेजर और मकान मालिक महिला को वह अपने साथ ले गए। लेकिन परिवार के लोगों को गुमराह करते रहे। बाद में पीड़िता परिवार के पास पहुंची तो पूरे मामले से पर्दा उठ गया। गिरफ्तार आरोपी इंदौर के बाहर शादियां कराता था। इस कांड में उसका बेटा भी शामिल है। लेकिन पुलिस ने अभी उसे आरोपी नही बनाया है। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक 28 अप्रैल 2024 को महावीर बाग से 22 साल की शादीशुदा महिला गायब हो गई थी। वह केटरिंग का काम करती थी। सास ने उसे घर जाने के लिए बड़ा गणपति से ई रिक्शा में बैठाया।

### श्योपुर-विजयपुर में समाप्त हुई मतगणना

**श्योपुर।** श्योपुर और विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के सभी 21राउंड के वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। श्योपुर जिले की दोनों विधानसभाओं में भाजपा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह ने 44 हजार 172 वोटों से बढ़त बनाई। 21वें राउंड की कॉऊंटिंग के बाद भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर को 1,74,639 वोट मिले। वही, कांग्रेस के सत्यपाल सिंह सिकरवार नीटू को 1,30,467 वोट मिले है। श्योपुर जिले में मंगलवार सुबह 8 बजे से लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती शुरू हो गई थी। शहर के पॉलिटेक्निक कॉलेज में यह गिनती की हो रही थी। जिले की श्योपुर और विजयपुर विधानसभाओं के वोटों की गिनती के लिए 16, 16 टेबल लगाए गए थे। वही, 21-21 राउंड में वोटों की गिनती संपन्न हुई। यहां बता दें कि मुरैना-श्योपुर लोकसभा सीट से 15 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा था। मुख्य मुकाबला भाजपा के शिवमंगल सिंह तोमर, कांग्रेस के सत्यपाल उर्फ नीटू सिंह सिकरवार और बसपा के रमेश गर्ग के बीच है।

### इंदौर में 'अलविदा तनाव' शिविर का चतुर्थ दिन

**इंदौर।** ब्रह्माकुमारी संस्थान इंदौर झोन के संगम नगर 'भाग्य दर्शन भवन' सेवा केंद्र पर चल रहे पांच दिवसीय शिविर अलविदा तनाव के चौथे दिन ब्रह्माकुमारी प्रियंका दीदी ने संबंधों में मधुरता विषय पर प्रकाश डाला। शिविर में बड़ी संख्या में श्रोता शामिल हुए। शिविर 5 जून तक सुबह 7 से 8.30 बजे तक और शाम 7 बजे से रात 8.30 बजे तक दो सत्रों में होगा। ब्रह्माकुमारी दीदी ने बताया कि संबंधों में कड़वाहट होने का मुख्य कारण अहंकार बताया। इसका निवारण झुकना, माफ करना और माफी मांग लेना बताया। हमारी हर समस्या का समाधान हमारे पास ही होता है, इसे बहुत सुंदर खेल खिलाकर समझाया। इस मौके पर सकारात्मक दृष्टिकोण पर कई मनोरंजक गतिविधियां भी कराई गई। ब्रह्माकुमारी दीदी ने बताया कि कैसे पिछ्ले जन्मों के कर्मों के फलस्वरुप इस जन्म में हमारे संबंध बनते हैं और कैसे हम सभी के साथ अपने संबंध सुधार सकते हैं। दीदी ने श्रोताओं से आग्रह किया कि रोज सेवा केंद्र आए और अपने जीवन में ज्ञान और मेडिटेशन को अपनाए।

---

**सिंहस्थ के पहले महाकाल लोक में लगेंगी नई मूर्तियां**

# पीसीसी चीफ बोले- भाजपा दूसरी बार करप्शन कर रही

**उज्जैन।** उज्जैन स्थित महाकाल लोक में 2028 में होने वाले सिंहस्थ से पहले सभी 106 नई मूर्तियां लगेंगी। हाट बाजार में मूर्तियां बनाने का काम भी शुरू हो गया है। सबसे पहले सप्तऋषि की सात मूर्तियों को बनाया जाएगा। वर्तमान में यहां लगी मूर्तियों को चौराहों पर शिफ्ट किया जाएगा। इस पर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार के लिए कहा, 'बीजेपी दूसरी बार करप्शन कर रही है। 11 अक्टूबर 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाकाल लोक का लोकार्पण किया था। इसके बाद से यहां भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी हो गई। इस बीच, 28 मई 2023 की शाम आंधी के चलते महाकाल लोक में स्थापित सप्तऋषि की 6 मूर्तियां गिर गई। इसके बाद मूर्तियों की मजबूती को लेकर सवाल खड़े किए गए।

विक्रमादित्य शोध पीठ, हरिफाटक स्थित उज्जैन हाट बजार में महाकाल लोक के लिए सप्त ऋषि की 7 मूर्तियों का निर्माण करवा रहा है। यहां ओडिशा के 10 कलाकार दिन-रात मेहनत कर मूर्तियों को आकार दे रहे हैं। सप्त ऋषि की मूर्तियां राजस्थान के बंसी पहाड़पुर पत्थर से बनाई जा रही हैं। हालांकि राजस्थान से पत्थर आने में देरी के कारण सप्त ऋषियों की मूर्ति बनने में भी देरी हो रही है। ओडिशा के कलाकार बताते हैं कि दो अलग-अलग हिस्से में टीम काम कर रही है। पहली टीम सप्तऋषि की मूर्तियों को उकेर रही है, तो वही दूसरी टीम मूर्ति को रखने के लिए आधार बनाने का कार्य कर रही है। विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी ने बताया कि 5 जनवरी 2024 को विक्रमोत्सव को लेकर हुई बैठक में सीएम मोहन यादव ने निर्देश दिए थे कि मूर्तिकला की कार्यशाला होना



चाहिए। जिससे मालवा के लोग मूर्ति कला को रोजगार के रूप में अपना सकते हैं। सीएम ने कहा कि महाकाल लोक की फायबर की मूर्तियां भविष्य में खराब हो जाएंगी। इन मूर्तियों को चौराहों या अन्य जगह स्थापित करेंगे। शुरुआत में इन मूर्तियों को विक्रमशोध पीठ परिसर और कीर्ति मंदिर में स्थापित किया जाएगा। श्रीराम तिवारी ने बताया कि आगामी सिंहस्थ कुम्भ से पहले सभी मूर्तियों को बदला जाएगा। फिलहाल, ओडिशा के कलाकार इन्हें बना रहे हैं। भविष्य में अन्य शहरों के कलाकार भी मूर्तियों को बनाने के लिए उज्जैन के हाट बाजार पहुंचेंगे। 15 फीट ऊंची एक मूर्ति की लागत करीब 20 से 25 लाख रुपए के बीच आएगी। सभी मूर्तियों को भारतीय मूर्ति कला का विधान की तरह बनाया जाएगा। जितनी जरुरत होगी, उतनी मूर्तियां बनाई जाएंगी। सीएम के निर्देश पर काम हो रहा है। हालांकि अब तक लिखा-पढ़ी नहीं हुई।

7 मार्च 2019 को एमपी बावरिया, सूरत को मूर्ति बनाने का वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। अनुबंध में पत्थर की 60 मूर्तियां बनाने का उल्लेख था, लेकिन नवग्रह की 6 फीट ऊंची सिर्फ 9 मूर्तियां ही पत्थर से बनाई गई। ऐसे ही एफआरपी की 100 मूर्तियां बनाने का उल्लेख था, लेकिन इसकी 106 मूर्तियां स्थापित करवाई गई। प्लान में पहले से ही था कि स्प्तऋकी मूर्तियों को अंदर से खोखला बनाकर अंदर स्टील या लोहे की रॉड से मजबूती दी जाएगी। संभवत~ मूर्तियों के आधार में मजबूती नहीं होने के कारण ही मूर्ति गिरी हैं। मजबूती के लिए मूर्तियों में केमिकल डालकर इन्हें ठोस किया जा सकता था। इससे इनकी उम्र भी कई गुना बढ़ जाती। अभी फाइबर रीइन्फोर्स प्लास्टिक (एफआरपी) की जो मूर्तियां लगी हैं, उन्हें चौक-चौराहों पर लगाया जाएगा। सप्तऋषि भारद्वाज, विश्वामित्र, अत्रि, कश्यप, गौतम, जमदग्नि, वशिष्ठ की मूर्तियों की ऊंचाई 15 फीट होगी। मूर्तियां गिरने के बाद तत्कालीन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह ने 30 मई 2023 को सरकार का पक्ष रखते हुए बताया था कि महाकाल लोक का वर्क ऑर्डर कांग्रेस की सरकार के दौरान जारी हुआ था। कंपनी डीएच मेसर्स गायत्री पटेल इलेक्ट्रिकल्स के संयुक्त उपक्रम को यह काम दिया गया था।

---

**निगम फर्जी बिल घोटाला**

## एमआईसी सदस्य ने अपनी ही परिषद को घेरा, आरोप- बड़े अफसरों की जानकारी के बिना गड़बड़ी संभव नहीं




**इंदौर।** नगर निगम में पांच फर्मों के फर्जी बिल और करोड़ों के भुगतान मामले में अब एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर ने मोर्चा खोल दिया है। बीते दिनों सामने आए फर्जी बिल घोटाले में पिछली परिषद और अधिकारियों को आड़े हाथ लेते हुए आरोप लगाया कि जिन फर्मों को करोड़ों का भुगतान हुआ है, वह भुगतान आयुक्त, अपर आयुक्त, लेखा अधिकारी के संज्ञान और सहमति के बिना संभव ही नहीं है, इसलिए तत्कालीन समय के आयुक्त, संबंधित विभाग के अपर आयुक्त और लेखा अधिकारी की जवाबदेही इन भुगतानों के लिए तय होना चाहिए। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में गंभीरता से जांच कर प्रकरण में संलिप्त, दोषी पाए जाने वाले अधिकारी, ठेकेदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।पत्र में यह भी कहा है कि पुलिस विभाग के अलावा प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने 16 मई से जांच शुरू की। शासन की जांच एजेंसियों द्वारा भी ऐसे प्रकरणों में प्रभावी कार्यवाही नहीं की जाती है। नगर निगम जांच कमेटियों की भूमिका भी संदिग्ध रहती है। लोकायुक्त पुलिस द्वारा अधिकारियों के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति के प्रकरण विभागों द्वारा अनावश्यक रूप से लंबित रखे जाते हैं, जिसके कारण दोषी अधिकारियों को बचने के अवसर मिलते हैं। यहीं भ्रष्ट अधिकारी सेवानिवृत्ति के बाद भी संविदा पर सेवा रहकर भ्रष्टाचार में संलिप्त रहते हैं।वर्ष 2012 में यातायात विभाग में शहर की सड़कों/चौराहों पर लगने वाली सामग्री क्रय करने की प्रक्रिया के दौरान आर्थिक अनियमितता बरती गई थी, जिसमें ठेकेदार द्वारा सामग्री प्रदाय नहीं करने/सड़कों पर स्थापित नहीं करने पर भी भुगतान प्रस्तावित किया। इधर निगम में अरबों रुपए की ड्रेनेज और सड़क कागजों पर बनाने का घोटाला करने वाले अब जेल से बाहर निकलने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। किसी के खिलाफ एक तो किसी पर छह-छह एफआईआर दर्ज हो चुकी है। फिर भी अपराध स्वीकार नहीं कर रहे हैं। सभी दूसरों पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। किसी की अर्जी जिला कोर्ट तो किसी की हाई कोर्ट में लंबित है। घोटाले के मुख्य आरोपी कॉन्ट्रेक्टर मुरलीधर ने पहले जिला कोर्ट में याचिका दायर की थी जो खारिज हो गई। अब हाई कोर्ट में दायर की है। उदयसिंह भदौरिया भी जिला कोर्ट से झटका लगने के बाद अब हाई कोर्ट से राहत पाने के लिए प्रयास कर रहा है। घोटाले का मास्टर माइंड अभय राठौर ने भी हाई कोर्ट का रुख किया है। आरोपी ठेकेदार मो. सिद्दीकी ने भी जिला कोर्ट ने जमानत नहीं मिली तो हाई कोर्ट में अपील की।

---

### तम्बाकू निषेध गतिविधियों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, दिलाई तंबाकू निषेध शपथ

**हिन्दुस्तान समाज, मुकेश सूतैल, धौलपुर, ब्यूरो।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 21 जून तक चलने वाले अभियान के तहत जिला मुख्यालय स्थित राजकीय नर्सिंग कॉलेज में नशा मुक्त समाज की परिकल्पना साकार करने हेतु विद्यार्थियों के लिए तम्बाकूँ निषेध गतिविधियों का जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने समस्त छात्र-छात्राओं को तंबाकू के दुष्प्रभाव एवं तम्बाकू की नियंत्रण गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि धूम्रपान फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक और श्वसन संबंधी बीमारियों सहित कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है। धूम्रपान छोड़ने से हम इन स्वास्थ्य समस्याओं के विकसित होने के जोखिम को कम करते हैं और अपने समग्र स्वास्थ्य और खुशहाली में सुधार करते हैं।

---

**करौली-धौलपुर से कांग्रेस के भजनलाल जाटव जीते**

## भाजपा की इंदु देवी को 98 हजार से अधिक वोटों से हराया



**हिन्दुस्तान समाज, मुकेश सूतैल, धौलपुर, ब्यूरो।** करौली-धौलपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व पीडब्ल्यूडी मंत्री भजनलाल जाटव ने जीत दर्ज की है। उन्होंने भाजपा की इंदु देवी जाटव को 98 हजार से अधिक वोटों से हराया है। मतगणना के दौरान भाजपा प्रत्याशी इंदु देवी जाटव बीच में ही गिनती छोड़कर घर चली गई।

करौली के गवर्नमेंट कॉलेज और गर्ल्स कॉलेज में हुई काउंटिंग में कांग्रेस प्रत्याशी को 5 लाख 24 हजार 83 वोट मिले जबकि भाजपा प्रत्याशी को 4 लाख 26 हजार 32 वोट मिले हैं। बसपा के विक्रम सिंह को 13 हजार 980 मत मिले हैं। करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र में 19 लाख 75 हजार 352 मतदाता हैं। इनमें 9 लाख 79 हजार 618 मतदाताओं ने मतदान किया था। जीत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना और पर्यवेक्षक ने कांग्रेस विधायकों की मौजूदगी में भजनलाल जाटव को जीत का प्रमाण पत्र सौंपा। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी को लेकर पुलिस का काफिला जब मतगणना स्थल से बाहर निकला तो कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थकों ने माल साफा पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

---

## विश्व पर्यावरण दिवस पर चिकित्सा विभाग आयोजित करेगा पर्यावरण संरक्षण गतिविधियां

**हिन्दुस्तान समाज, मुकेश सूतैल, धौलपुर, ब्यूरो।**

विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून के अवसर पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। जिले के चिकित्सा संस्थानों में पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयंती लाल मीणा ने दिशा-निर्देश जारी किये हैं। डॉ. मीणा ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन के लिए इस वर्ष की थीम 'भूमि पुनर्स्थापन, मरुस्थलीकरण और सूखा लचीलापन' विषय पर चिकित्सा विभाग द्वारा संस्थाओं द्वारा विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदूषण एवं जलवायु परिवर्तन तेजी से बिगड़ते पर्यावरण के कारण हैं, जिसके चलते पृथ्वी पर स्वस्थ जीवन मुश्किल हो रहा है और मानव स्वास्थ्य पर गंभीर रोगों का खतरा बढ़ गया है।

उन्होंने बताया कि सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में ग्रीन फ्रेन्डली एन्वायरमेंट एक्टिविटीज़ के तहत् जनप्रतिनिधियों, समाजसेवकों के सहयोग से वृक्षारोपण गतिविधियों के साथ ही पर्यावरण के महत्व के बारे में जनजागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जायेंगी। फील्ड में कार्यरत स्वास्थ्यकार्मिक आमजन को वातावरणीय प्रतिकूल परिवर्तनों के कारण बढ़ती गर्मी, वायु प्रदूषण, जल की कमी, इत्यादि चुनौतियों के बारे में जागृति लाने एवं अधिक से अधिक पौधा रोपण के लिए सहयोग करेंगे।

डॉ. मीणा ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण कर उसकी सार संभाल का प्रण ले।

---

**खास किस्म के पौधों से होगा झील का पानी साफ**

## फ्लोटिंग वेटलैंड्स तकनीक से साफ किया जाएगा पानी



**भोपाल।** भोपाल को झीलों की नगरी के नाम से जाना जाता है। लेकिन, शहर की एक ऐसी झील है जो खत्म होने की कगार पर आ गई। भोपाल में चार इमली स्थित जवाहर बाल उद्यान झील के हालत बदतर हो गए हैं। झील सीवेज के पानी के डिस्चार्ज और कई तरह के तत्वों से दूषित हो रही है। इस झील को साफ करने का जिम्मा भोपाल की 12वीं कक्षा की छात्रा एशना अग्रवाल ने उठाया है। एशना ने जवाहर जवाहर बाल उद्यान झील और उसके आसपास के क्षेत्र को पुनर्जीवित करने की परियोजना शुरू की है, जो लगभग 49,224 वर्ग मीटर में फैली हुई है। जिस तकनीक से झील की सफाई की जाएगी, वह भोपाल में पहली बार 5 जून को वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे पर इस्तेमाल की जाएगी। एशना ने बताया कि फ्लोटिंग वेटलैंड्स, फ्लोटिंग एरेटर और बायो फिल्टर जैसी तकनीकों के जरिए इस झील को पुनर्जीवित किया जा सकता है। एशना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए बताया कि इससे पहले यह तकनीक इंदौर में इस्तेमाल की जा चुकी है, जिसके रिजल्ट आगे दिखाई देंगे। एशना कहती हैं कि इस झील का पानी %डी% ग्रेड का पानी है। एशना बताती हैं कि फ्लोटिंग वेटलैंड्स जो एक नेचुरल तरीका है। जिससे इस झील को पूरी तरह से शुद्ध किया जा सकेगा। सरल भाषा में समझे तो फ्लोटिंग वेटलैंड्स एक तरह का ढांचा होता है। जो पानी की सतह पर तैरते हैं। इन पर विशेष प्रकार के पौधे लगाए जाते हैं, जिनकी जड़ें पानी में लटकी रहती हैं। फ्लोटिंग वेटलैंड्स के पौधे पानी में मौजूद हानिकारक तत्वों को खाने का काम करते हैं। यह एक तरह के फिल्टर का काम करती हैं जिससे पानी के प्रदूषण का स्तर कम हो जाता है।

---

**नरसिंहपुर में 10 राउंड के बाद भी दर्शन चौधरी आगे**

## मतगणना के शुरुआत में ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**नरसिंहपुर।** होशंगाबाद लोकसभा सीट क्षेत्र में नरसिंहपुर के 10 राउंड की काउंटिंग पूरी हो चुकी है। जिसमें भाजपा के दर्शन सिंह चौधरी लीड में है। 10वें में उन्हें 28,842 की बढ़त मिली। वही, कांग्रेस के प्रत्याशी संजय शर्मा 3,81,792 मार्जिन से पिछे है। मतगणना के शुरुआत में गाडरवारा विस क्षेत्र 121 की ईवीएम मशीन की बैटरी को लेकर विवाद हुआ। यहां, कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईवीएम के चाजू होने पर चार्जिंग प्वाइंट 98 प्रतिशत होने पर विरोद जताया। मतदान के बाद ईवीएम को बंद करने के दौरान बैटरी 26त्न थी। हंगामा कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिन ने बलपूर्वक खदेड़कर मंडी परिसर से बाहर किया। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार संसदीय क्षेत्र 14- मंडला के अंतर्गत आने वाली जिले की एक विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118-



गोटेगांव की मतगणना के कुल 17 टेबल लगाई जाएंगी। गोटेगांव विधानसभा के अंतर्गत कुल 254 मतदान केन्द्रों के मतों की गणना की जाएगी। नरसिंहपुर के कृषि उपज मंडी में होने वाली मतगणना 14 राउंड में होगी। इसी तरह संसदीय क्षेत्र 17- होशंगाबाद के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा की मतगणना के लिए मतगणना स्थलों पर कुल 66 टेबल लगाई जाएगी। इन तीनों विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 708 व 2 अतिरिक्त मतदान केन्द्रों के मतों की गणना की जाएगी।

संसदीय क्षेत्र 17 होशंगाबाद की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 119- नरसिंहपुर के लिए 18, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 120- तेंदूखेड़ा के लिए 15, तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा के लिए 16 टेबल लगाई जाएगी। इसी तरह संसदीय क्षेत्र 14 मंडला की विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 118- गोटेगांव के लिए 17 टेबल लगाई जाएगी। विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव, 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा के लिए 70 गणना अभिकर्ता नियुक्त किये गये हैं। विधानसभा क्षेत्र 118- गोटेगांव हेतु प्रत्येक टेबिल के लिए 18 गणना अभिकर्ता, 119- नरसिंहपुर हेतु प्रत्येक टेबिल के लिए 19 गणना अभिकर्ता, 120- तेंदूखेड़ा हेतु प्रत्येक टेबिल के लिए 16 गणना अभिकर्ता और 121- गाडरवारा हेतु प्रत्येक टेबिल के लिए 17 गणना अभिकर्ता नियुक्त हैं।

एसपी अमित कुमार के नेतृत्व में कृषि उपज मंडी की सुरक्षा का दायित्व एएसपी नागेंद्र पटेरिया संभाले हैं। उनके मार्गदर्शन में पांच उप पुलिस अधीक्षक, 13 निरीक्षक समेत 300 पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया। सोमवार सुबह अधिकारी-कर्मचारियों ने मतगणना स्थल पर मॉकड्रिल की। इसमें सांकेतिक रूप से स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम को लाने, मैटल डिटेक्टर से जांच आदि की कुशलता का परीक्षण किया। इसके बाद शाम को दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने फिर से जाकर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली। इस दौरान कोतवाली टीआई गौरव चाटे, स्टेशनगंज टीआई प्रदीप सराफ आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था रहेगी पहली लेयर में आईटीबीपी व शेष दो लेयर में जिला पुलिस बल एवं एसएएफ के कर्मचारी तैनात रहेंगे।

---

### इंदौर में सफाईकर्मी ने युवती से की छेड़छाड़

**इंदौर।** इंदौर के कनाड़िया इलाके में एक सफाईकर्मी ने घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़ की। युवती की शिकायत पर कनाड़िया पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह अपने दीदी और जीजा के साथ रहती है। जब दोनों काम से बाहर गए थे तब आरोपी युवक घर में घुस गया और युवती के साथ हरकत कर दी। लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक 30 साल की युवती की शिकायत पर विजय पुत्र विनोद चावरे निवासी गोकुल नगर के खिलाफ जबरदस्ती घर में घुसने और छेड़छाड़ करने के मामले में केस दर्ज किया गया है। युवती ने बताया कि उसके जीजा और बड़ी बहन सुबह 9 बजे काम पर चले गए थे। सुबह करीब 11~30 बजे घर में अकेले काम कर रही थी। तभी कॉलोनी से कचरा इकट्ठा करने वाला विजय घर की तरफ आया। और एक ग्लास पानी मांगा। युवती जब घर के अंदर गई तो विजय पीछे से आया और घर का दरवाजा अंदर से लगा दिया। युवती ने शोर मचाया तो विजय ने मुंह दबा दिया।

# मिर्जापुर में अपना दल एस की अनुप्रिया पटेल ने तीसरी बार चुनाव जीत कर हैट्रिक लगाई

दै. हिन्दुस्तान समाज, लखनऊ ब्यूरो

शशि भूषण दूबे कंचनीय

**मिर्जापुर ।** मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र में हुए लोकसभा चुनाव में अबतक तीसरी बार किसी ने चुनाव जीतने का हैट्रिक नहीं लगाई लेकिन इस रिकार्ड को तोडते हुए एन डी ए की सहयोगी पार्टी अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने हैट्रिक लगाने में कामयाबी हासिल कर लिया है।

बताते चलें कि मिर्जापुर में दो बार सांसद चूने जाने का रिकॉर्ड तो तीन बार कांग्रेस के जे एन विल्सन (1952=57) अजीज इमाम (1971=80) एवं पंडित उमा कांत मिश्र (1981=84) जबकि भाजपा के वीरेन्द्र सिंह मस्त (1996=98) समाजवादी पार्टी की श्रीमती फूलन देवी निषाद (1996=99 ) ने दूसरी बार सांसद तो बन चुके हैं लेकिन तीसरे बार हैट्रिक लगाने में कामयाब नहीं हुए। लेकिन इस रिकार्ड को कांटे के मुकाबले में लोकसभा चुनाव 2024 में एन डी ए समर्थित अपना दल एस प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल ने तीसरी बार चुनाव जीत कर हैट्रिक लगाने में कामयाब साबित हुई है। जबकि दुसरी बार सांसद बनने वालों में कांग्रेस के अजीज इमाम एवं सपा के फूलन देवी निषाद अपना दुसरी पारी पूरा नहीं कर सके दोनों का कार्यकाल मरणोपरांत खंडित हो गया।



लोकसभा चुनाव 2024 में आये परिणाम में अनुसार चौदहवें सांसद के रूप में श्रीमती पटेल ने हैट्रिक लगाने में कड़ी टक्कर के बावजूद कामयाब हुई। जबकि मिर्जापुर की संसदीय समीक्षा में इस समाचार पत्र ने त्रिकोणीय मुकाबले का आंकलन किया था वह लगभग सही साबित हुआ असमंजस की स्थिति के बावजूद अपना दल एस की मौजूदा सांसद अनुप्रिया पटेल ने चुनाव कड़ी मशक्कत के बावजूद जीत हासिल कर तीसरे बार हैट्रिक लगाई है । इस तरह अनुप्रिया पटेल को 470866 जबकि इण्डिया गठबंधन प्रत्याशी भदोही सांसद डा रमेश चंद्र बिन्द 433286 वोट पाकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी रहे और डा बिन्द को श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने तकरीबन 37810 मतो से हराकर तीसरी बार हैट्रिक लगाई है। जबकि बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनीष कुमार त्रिपाठी 142470 तीसरे स्थान पर पहुंच कर उत्तर प्रदेश के पांचवी ऐसी सीट है जो सर्वाधिक वोट हासिल करने में कामयाब हुए हैं। वह पहली बार लोकसभा जैसे चुनाव मैदान में आकर भले जीत हासिल नहीं कर सके लेकिन बसपा के अत्यधिक वोट हासिल करने वाले पांचवें और पूर्वी उत्तर प्रदेश के पहले प्रत्याशी हैं।

केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने इस जीत को जनता और विकास कार्यों के पुरस्कार की हम-सब की जीत बताई है। उन्होंने कहा कि हम मिर्जापुर का विकास किया है और आगे भी और तेजी से करती रहूंगी।

उधर भदोही सांसद डा रमेश चंद्र बिन्द ने कम समय में इतने जोरदार ढंग से आम जनमानस के समर्थन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

उधर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी मनीष त्रिपाठी ने भी मिर्जापुर संसदीय क्षेत्र में मिले जनादेश का स्वागत करते हुए क्षेत्रीय जनता जनार्दन के प्रति आभार जताया है।

उल्लेखनीय है कि इस बार चुनाव जीतने पर श्रीमती अनुप्रिया पटेल की ताकत लोकसभा में भले घटी हो लेकिन उनकी राजनीतिक हैसियत एन डी ए मे बढ़ने की संभावना है और उनकी प्रोन्नति होकर कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की राजनीतिक विश्लेषको का पूर्वानुमान है।

# लोकसभा मैनपुरी में सपा पार्टी का गढ़ रहा बरकरार मैनपुरी से सपा प्रत्याशी डिंपल यादव भारी बहुमत से विजई हुई

दै. हिन्दुस्तान समाज , मैनपुरी ब्यूरो

रामबाबू रघुवंशी



सामान्य निर्वाचन 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा अपना गढ़ बचाने में कामयाब रही मैनपुरी से सांसद सपा प्रत्याशी डिंपल यादव ने भाजपा प्रत्याशी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को हराते हुए दो लाख बीस हजार नो सौ बत्तीस वोटो से जीत दर्ज की सपा प्रत्याशी डिंपल यादव को चुनाव जीतने पर मैनपुरी जिला अधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह व मैनपुरी पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने जीत का प्रमाण पत्र दिया विधानसभा वार वोटों की स्थिति 107, मैनपुरी भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह को मत मिले 77 623 डिंपल यादव समाजवादी पार्टी 103888 बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव 12766, 108 भोगांव भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह 85 924 सपा प्रत्याशी डिंपल यादव 100094, बसपा प्रत्याशी शिवप्रसाद यादव 10575, 109 किशनी भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह 69995 सपा प्रत्याशी डिंपल यादव 104820 बसपा प्रत्याशी शिव प्रसाद यादव 13521 विधानसभा करहल 110, भाजपा प्रत्याशी जयवीर सिंह 76509 सपा प्रत्याशी डिंपल यादव 134049 शिव प्रसाद यादव बसपा प्रत्याशी 13623,मत मिले समाजवादी पार्टी प्रत्याशी के जीत का प्रमाण पत्र लेते समय इस मौके पर समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष आलोक शाक्य ,पूर्व विधायक राजू उर्फ राजकुमार यादव ,पूर्व सांसद तेज प्रताप यादव ,एमेलसी अरविंद यादव, बृजेश कठेरिया, ज्ञानेंद्र चौहान,नृप चौधरी, बिजेंद्र यादव घिरोर, प्रमोद अंजनी, पूर्व चेयरमैन अनिल गुप्ता,शीलू कुरावली आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मकान का छज्जा तोड़ रहा मजदूर नीचे गिरा, मौत

दै. हिन्दुस्तान समाज | बुलंदशहर संवाददाता

वसीम सैफी



जहांगीराबाद। कोतवाली क्षेत्र के गांव लछोई में एक पुराने मकान का छज्जा तोड़ रहा मजदूर छज्जे के साथ ही नीचे आ गिरा। मजदूर के नीचे गिरते ही बाकि बचा हुआ छज्जा भी उसके ऊपर आ गिरा जिसके कारण वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग मजदूर को घायल अवस्था में सीएचसी ले गए जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मजदूर के परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव लछोई में एक व्यक्ति के मकान को तोड़ने का कार्य चल रहा है। मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े 9 बजे छज्जा तोड़ रहा लव कुमार(29) पुत्र रामबाबू निवासी लछोई 10 फ़ीट ऊंचे छज्जे से पैर फिसलने के कारण नीचे आ गिरा और भरभराकर छज्जा भी उसके ऊपर गिर गया। मौके पर मौजूद ग्रामीण और अन्य मजदूर उसे सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। वहीं कोतवाली प्रभारी रमाकान्त पचौरी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले में अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही अवश्य की जाएगी।

# पुलिस ने अवैध गांजा एक गाड़ी चार मोबाइल फोन के साथ अभियुक्त किए गिरफ्तार

दै. हिन्दुस्तान समाज, मैनपुरी संवाददाता

मृदुल कुमार कुलश्रेष्ठ



**घिरोर, मैनपुरी ।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा दिये गये आदेशो निर्देशो के अनुपालन मे व अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन क्षेत्राधिकारी नगर के सफल पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी दंन्नाहार चन्द्रपाल सिंह के कुशल नेतृत्व मे व थाना दंन्नाहार उपनिरीक्षक अमरदीप सिंह मय हमराह द्वारा 3 अभियुक्तगण ओमवीर पुत्र ओसान सिंह यादव निवासी कुलदीप विहार थाना महुआ खेड़ा जिला अलीगढ़ सुभाष पुत्र रोहतास बघेल निवासी रजावल थाना गोण्डा जिला अलीगढ़ हरेंद्र सिंह पुत्र सुखबीर सिंह निवासी रजवाल गोंडा जिला अलीगढ़ एक महिला थाना गांधी पार्क अलीगढ़व 1 अभियुक्ता को मय 56 किलो गांजा नाजायज व एक गाडी skoda rapid नं0 DLBCAF5887 व एक एड्राइड मोबाइल सेमसंग गैलेक्सी ए 33 व एक एड्राइड मोबाइल रेडमी नोट 5 व एक एड्राइड मोबाइल मोटो e({s) व एक एड्राइड मोबाइल oppo 78 5ज के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया।

# बुलंदशहर लोकसभा सीट पर तीसरी बार जीते भाजपा के डॉ भोला सिंह

दै. हिन्दुस्तान समाज , बुलंदशहर संवाददाता

वसीम सैफी



बुलन्दशहर लोकसभा सीट पर 2 लाख 75 हज़ार 134 मतों से बीजेपी के डॉ भोला सिंह ने गठबंधन के कॉंग्रेस प्रत्याशी शिवराम को हराया।

बुलंदशहर लोक सभा सीट पर भाजपा के प्रत्याशी डॉक्टर भोला सिंह को मिले 5 लाख 97 हज़ार 310 मत। गठबंधन के तहत कांग्रेस प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि को मिले 32276 मत। 275134 मतों से बीजेपी ने गठबंधन के प्रत्याशी को दी मात।

डॉक्टर भोला सिंह भाजपा से तीसरी बार बने भाजपा के बुलंदशहर सांसद।

डॉ भोला सिंह पहली बार वर्ष 2014 में भाजपा से बुलंदशहर लोकसभा चुनाव जीते । दूसरी बार वर्ष 2019 में भाजपा से जीते डॉ भोला सिंह और अब 2024 में तीसरी बार फिर से भाजपा ने भरोसा जताया डॉक्टर भोला सिंह पर और 2024 लोकसभा चुनाव में भाजपा ने भरोसा किया और डॉ भोला सिंह ने इंडिया गठबंधन कांग्रेस के प्रत्याशी शिवराम वाल्मीकि को हरा कर 2 लाख 75 हजार 134 वोटो से जीत दर्ज कराई।

# डॉ संजीव अग्रवाल और डॉ निधि होंगे बुलंदशहर में सम्मानित

दै. हिन्दुस्तान समाज, बुलंदशहर ब्यूरो

वसीम सैफी



जहांगीराबाद भाजपा युवा नेता व छात्र संघ अध्यक्ष सौरभ तौमर ने बताया कि नगर के प्रसिद्ध डॉक्टर वीरेन्द्र अग्रवाल के पुत्र डॉ संजीव अग्रवाल व पुत्रवधू डॉ निधि अग्रवाल को बुलंदशहर सीएमओ डॉ विनय कुमार द्वारा सम्मानित कराया जाएगा। छात्र अध्यक्ष ने बुलंदशहर सीएमओ से अपनी वार्ता कर बताया। डॉ संजीव व डॉ निधि हमेशा गरीब की हर सम्भव मदद करते है, गरीब मरीजो का निःशुल्क इलाज करते है। और गरीब बेटियों की शादी या गरीव बच्चो की पढ़ाई के लिए लिए हर संभव सहयोग करते है। आदि रात को भी मरीजो का सही समय पर उपचार करते है। डॉक्टर होने के साथ बहुत बड़े समाजसेवी भी है। सीएमओ ने आचार संहिता के बाद सम्मानित करने की बात कही। इस मौके पर अन्य भाजपा नेताओ व लोगो ने कहा कि उनकी छवि अपने पिता की तरह है वो भी हमेशा ऐसे ही गरीबो का निःशुल्क इलाज करते है। ऐसे डॉक्टर सम्मान के हकदार है। जो हमेशा गरीबो का निःशुल्क इलाज करते है और हर तरह से सहयोग करते है। इस बात की खबर सुनकर लोगो मे खुशी का माहौल है।

# सीएचसी में खराब पड़े वाटरकूलर, मरीज परेशान

दै. हिन्दुस्तान समाज , बुलंदशहर संवाददाता

वसीम सैफी

## सवाल पूछने पर तिलमिलाए सीएचसी प्रभारी

जहाँगीराबाद। तपती और जलती गर्मी में सीएचसी जहाँगीराबाद में लगे वाटर कूलर शोपीस बनकर रह गए हैं। वहीं सीएचसी प्रभारी इससे बिल्कुल अंजान हैं। अधिकतर अपने कार्यालय से गायब रहने वाले सीएचसी प्रभारी मरीजों को हो रही समस्या से कोई सरोकार नहीं है। वहीं जब वाटरकूलर खराब होने और सही न कराए जाने का कारण सीएचसी प्रभारी से पूछा गया तो वह तिलमिला उठे। मंगलवार को सीएचसी जहाँगीरबाद में चिकित्सकीय परामर्श के लिए आये मरीज और उनके तीमारदार ठंडे पानी के लिये परेशान दिखाई दिए। हालांकि सीएचसी में एक वाटर कूलर लगा हुआ है लेकिन वो भी तकनीकी खराबी के चलते बेकार पड़ा हुआ है। हाल बेहाल करने वाली इस गर्मी में परेशान मरीजों की सुध न तो सीएचसी प्रभारी ने ही लेना उचित समझा और न ही वहां के



स्टाफ ने। वहीं इस बारे में जब सीएचसी प्रभारी डॉ आशीष मुद्गल से फ़ोन पर जानकारी ली गई तो वह तिलमिला उठे और कुछ दिन पूर्व ही वाटर कूलर खराब होने की बात कहकर मामले में लीपापोती करने लगे। वहीं इस मामले में सीएमओ बुलन्दशहर डॉ विनय कुमार से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया कि मामले की जानकारी ली जाएगी। यदि वाटर कूलर खराब हो रहा है तो उसे जल्द ठीक कराया जाएगा।

10 वर्षों से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र व न्यूज चैनल
दैनिक हिन्दुस्तान समाज को
मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, रीवा व दिल्ली से एक साथ प्रसारित
आवश्यकता है
कानपुर
में ब्यूरो चीफ व रिपोर्टर्स की
@dainik_samaj
hindustan.Samaj@
dharmendra tomar
74895 07028
9425776652





लोकप्रिय राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्र
हिन्दुस्तान समाज
ग्वालियर, बुधवार 05 जून, 2024



# आगरा में एसपी सिंह बघेल के सर पर सजा जीत का सेहरा

दै. हिन्दुस्तान समाज | आगरा ब्यूरो

**अनिल शर्मा**




आगरा - लोकसभा चुनाव 2024 के आगरा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान हुआ था और इस बार करीब 58.21 प्रतिशत वोट डाले गए।

अबकी बार भाजपा उम्मीदवार और निवर्तमान सांसद एसपी सिंह बघेल,का सपा के सुरेश चंद कर्दम और बसपा के पूजा अमरोही के बीच मुकाबला रहा।

चार जून मंगलवार को लोकसभा चुनाव के मतगणना के नतीजे जैसे जैसे सामने आ रहे थे। तो दूसरी ओर प्रत्याशी अपनी जीत की प्रबल दावेदारी को लेकर काफी उत्साहित दिख रहे थे।लेकिन नतीजे आते आते लोकसभा सीट आगरा से भाजपा उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल ने शानदरा जीत हासिल कर जीत का सहरा अपने सर पर सजा लिया तो वही अन्य दलों के प्रत्याशियों को हार का सामान करना पड़ा। यूपी में आगरा लोकसभा सीट कभी कांग्रेस का गढ़ हुआ करता था, लेकिन समय ने ऐसा करवट बदला कि कांग्रेस का किला बालू के ढेर में तब्दील हो गया। इस सीट पर पहले ही भाजपा अपनी मजबूत पकड़ बना ली थी। आगरा लोकसभा सीट के लिए तीसरे चरण में 7 मई को मतदान हुई और 58.21 प्रतिशत वोट डाले गए। इस बार मुख्य मुकाबला भाजपा उम्मीदवार और निवर्तमान सांसद एसपी सिंह बघेल, सपा के सुरेश चंद कर्दम और बसपा के पूजा अमरोही के बीच रहा। आपको बता दें, कि भारतीय जनता पार्टी 2009 से लगातार इस सीट पर जीतती आ रही है। आज की नतीजे फिर बीजेपी उम्मीदवार के पक्ष में आया है। आयोग द्वारा जारी रुझानों के मुताबिक एसपी सिंह बघेल को 2 लाख से अधिक वोट मिले है। हालांकि यह ऑकड़ा अभी बदल सकता है। वहीं बघेल को 469837वोट मिले हैं और वो 203012 वोट से बढ़त बनाए हुए हैं। समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के सुरेश चंद्र कर्दम 266825 वोट के साथ दूसरे नंबर और पूजा अमरोही 145389 वोट पाकर तीसरे नंबर पर हैं।

आगरा संसदीय सीट का इतिहास

आगरा संसदीय सीट के इतिहास की बात करें तो एक समय में यह कांग्रेस का गढ़ हुआ करती थी, लेकिन पिछले दो दशकों में इस सीट पर भारतीय जनता पार्टी या समाजवादी पार्टी ही जीतती रही है. 1952 से लेकर 1971 तक यहां से कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी. जबकि इमरजेंसी के बाद देश में कांग्रेस विरोधी लहर में चौधरी चरण सिंह की पार्टी भारतीय लोक दल ने जीत हासिल की.

हालांकि, उसके बाद हुए लगातार दो चुनाव 1980 और1984 में कांग्रेस ने जीत के साथ वापसी की, लेकिन उसके बाद कांग्रेस दोबारा इस सीट पर वापसी नहीं कर सकी. 1989 में जनता दल ने इस सीट पर कब्जा किया. 90 के दशक में रामलहर के बाद देश में हुए लगातार तीन लोकसभा चुनाव 1991, 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी यहां से जीती. 1999 और 2004 में समाजवादी पार्टी की ओर से बॉलीवुड अभिनेता राज बब्बर ने चुनाव जीता था।

## फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर ने रामनाथ सिंह सिकरवार को करीब 36हजार वोटों से हराया

हिन्दुस्तान समाज, आगरा/फतेहपुर सीकरी।




आगरा की सबसे हॉट सीट रही फतेहपुर सीकरी से बीजेपी के राजकुमार चाहर ने इंडिया गठबंधन के रामनाथ सिंह सिकरवार को करीब 36 हजार वोटों से करा जीत अपने नाम की।

7 मई को हुई वोटिंग में यहां कुल 57.19 पर्सेंट वोट डाले गए थे। यहां से भाजपा के राजकुमार चाहर मैदान में थे। उनके मुकाबले इंडिया गठबंधन के रामनाथ सिंह सिकरवार और बसपा के रामनिवास शर्मा मैदान में थे। जैसा कि फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट पर पूरे देश की निगाह में थी। सबसे हॉट सीट कहे जाने वाली इस सीट साल 2008 में हुए परिसीमन के बाद फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट अस्तित्व में आई थी। फतेहपुर सीकरी में पांच विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं- आगरा ग्रामीण, फतेहपुर सीकरी, खेरागढ़, फतेहाबाद और बाह। बता दे कि 2019 में भाजपा के राजकुमार के चाहर ने दर्ज की जीत 2019 के लोकसभा चुनाव में इस सीट से भाजपा के राजकुमार चाहर ने जीत दर्ज की थी। उन्होंने कांगेस के उम्मीदवार राज बब्बर को हराया था। चाहर को 6,67,147 वोट मिले थे, वहीं राज बब्बर को 1,72,082 वोट मिले। बब?बर दूसरे स्थान पर रहे। बसपा के भगवान शर्मा को तीसरा स्थान और 1,68,043 वोट मिले। 2014 के चुनाव में मोदी लहर के चलते भाजपा ने एकतरफा जीत हासिल की थी। भाजपा के उम्मीदवर चौधरी बाबूलाल चुनाव जीत कर सांसद बने थे। इसी चुनाव में समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता रह चुके अमर सिंह ने भी राष्ट्रीय लोक दल के टिकट से चुनाव लड़ा था। वह चौथे स्थान पर रहे। सपा तीसरे नंबर पर रही थी। मंगलवार को शाम होते परिणाम आते आते राजकुमार चाहर ने रामनाथ सिंह सिकरवार को करीब 36 हजार वोटों से हरा जीत अपने नाम कर ली।

## आगरा मंडल में ट्रेन में बिना वजह अलार्म चेन खीचने वाले 327 लोंगो पर कार्यवाही

दै. हिन्दुस्तान समाज, आगरा ब्यूरो

**अनिल शर्मा**



आगरा - मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्ग दर्शन व वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री अनुभव जैन के निर्देशन में आगरा मंडल में माह मई- 2024 में बिना उचित कारण अलार्म चेन खीचने(छ्क्क) वालों के विरुद्ध 327 लोंगो पर कार्यवाही करके 95310/- रू. जुर्माना वसूला गया। आगरा मण्डल सभी रेल उपयोगकर्ताओं के लिए बेहतर यात्री सुविधाओं को उपलब्ध कराने के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत है। इन्ही प्रयासों के क्रम में आगरा मण्डल के वाणिज्य विभाग एवं रेलवे सुरक्षा बल द्वारा बिना उचित कारण के अलार्म चेन खीचने वालों के विरुद्ध निरंतर सघन चेकिंग अभियान चलाये जा रहे है। जिसमे आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 100, आगरा किला स्टेशन पर 09, मथुरा जंक्शन पर 111, कोसीकलां स्टेशन पर 39 व धौलपुर स्टेशन पर 26 लोंगो पर कार्यवाही कर जुर्माना वसूला व न्यायिक प्रक्रिया के लिए भेजा गया। रेल प्रशासन अपने सम्मानित यात्रियों से अनुरोध करता है कि बिना उचित एवं प्रर्याप्त कारण के चेन पुलिंग न करें ,ऐसा करना दंडनीय अपराध है। उक्त कृत्य से आपके साथी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## विश्व पर्यावरण दिवस: वाइल्डलाइफ एसओएस और वन विभाग ने सूर सरोवर पक्षी विहार में चलाया सफाई अभियान

दै. हिन्दुस्तान समाज | आगरा ब्यूरो

**अनिल शर्मा**






आगरा - विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर वाइल्डलाइफ एसओएस और वन विभाग की एक उल्लेखनीय पहल चलाई गई । वाइल्डलाइफ एसओएस ने उत्तर प्रदेश वन विभाग और हिंदुस्तान कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के सहयोग से, उत्तर प्रदेश के आगरा में स्थित सूर सरोवर पक्षी विहार में सफाई अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में हिंदुस्तान कॉलेज और नेशनल कैडेट कोर(एनसीसी) के छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिसमें लगभग 40 लोग इस पहल में एक साथ आगे आए। यह अभियान सूर सरोवर पक्षी विहार के अंदर शुरू हुआ और आगरा भालू संरक्षण केंद्र पर समाप्त हुआ। जहां प्रतिभागियों ने पक्षी विहार की प्राकृतिक सुंदरता और पारिस्थितिक संतुलन को संरक्षित करने के उद्देश्य से सफाई गतिविधियों में भाग लिया। सहयोगात्मक प्रयास ने वन्यजीवों की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करने के लिए उनके प्राकृतिक आवास में स्वच्छता बनाए रखने के महत्वपूर्ण उद्देश्य को रेखांकित किया। स्वच्छता अभियान के बाद, प्रतिभागियों को इस तरह की पहल के महत्व के बारे में और अधिक जानकारी देने के लिए एक शैक्षिक वार्ता आयोजित की गई। उपस्थित लोगों को शैक्षिक वीडियो भी दिखाए गए, जिनमें वन्य जीवन और पर्यावरण पर प्रदूषण के प्रभाव पर प्रकाश डाला गया। स्वच्छता अभियान के अलावा, कार्यक्रम का समापन सूर सरोवर पक्षी विहार में वृक्षारोपण के साथ हुआ, जो पर्यावरण संरक्षण और स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ, कार्तिक सत्यनारायण ने कहा, ÷ऐसे सफाई अभियान प्राकृतिक आवासों से कचरे को साफ करने का एक प्रभावी तरीका है। इसके अलावा, दूसरों को कचरे से भरी किसी विशेष जगह को साफ करते हुए देखने का दृश्य भी लोगों की सोच को बदलने में कारगर साबित होता है और लोगों को अपने किए पर विचार करने के लिए मजबूर कर सकता है।

बैजूराज एम.वी., डायरेक्टर कंज़रवेशन प्रोजेक्ट्स, वाइल्डलाइफ एसओएस ने कहा, वाइल्डलाइफ एसओएस, वन विभाग और शैक्षणिक संस्थानों के बीच सहयोग पर्यावरण संरक्षण के लिए एक शक्तिशाली तरीका है। स्वच्छता अभियान और वृक्षारोपण प्रयास हमारे अभयारण्यों की रक्षा करने और भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एनसीएसपी (नेशनल चंबल सैंक्चुअरी प्रोजेक्ट्स) की उप-वन संरक्षक, आरुषि मिश्रा ने कहा, ÷हमें यह देखकर बहुत खुशी हो रही है कि कई युवा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ऐसे संरक्षण कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। हम सभी को शुभकामनाएं देते हैं और हम लोगों से आग्रह करते हैं कि वे हमारे पर्यावरण और वन की रक्षा के लिए इस भावना को जारी रखें।

## रेल महाप्रबन्धक ने 06 रेल कर्मचारियों को प्रदान किए संरक्षा पुरस्कार

दै. हिन्दुस्तान समाज | आगरा सिटी चीफ

**राजेश तोमर**




आगरा - महाप्रबन्धक,उत्तर मध्य रेलवे,श्री रविन्द्र गोयल,प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी,श्री जे.सी.एस.बोरा एवं उत्तर मध्य रेलवे के विभागाध्यक्षों की उपस्थिति में संरक्षा के प्रति किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए झांसी, आगरा एवं प्रयागराज मण्डलों से चयनित 06 रेल कर्मचारियों को महाप्रबन्धक द्वारा मंगलवार को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कृत किए कर्मचारियों में 1. श्री विजय कुमार,वरिष्ठ तकनीशियन,प्रयागराज, प्रयागराज मण्डल,2.श्री नारायण, असिस्टेंट/एस एण्ड टी, अछलदा/प्रयागराज मण्डल 3. श्री हरवंश, ट्रैक मेन्टेनर IV, पलवल/आगरा मण्डल 4.श्री मनीष शर्मा, उप स्टेशन प्रबन्धक, बिजरौठा/झाँसी मण्डल 5. श्री रमा शंकर, वरि.ट्रेन मैनेजर-गुड्स, झाँसी/झाँसी मण्डल 6. श्री दिनेश चन्द्र, प्वाइण्टसमैन, कौरारा/प्रयागराज मण्डल शामिल हैं।

रेल दुर्घटना बचाने के उपलक्ष्य में श्री दिनेश चन्द्रा को मिला सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी संरक्षा पुरस्कार कार्यक्रम में श्री दिनेश चन्द्रा को अप्रैल माह का सर्वश्रेष्ठ रेलकर्मी के संरक्षा पुरस्कार से सम्मानित करते हुए बताया कि श्री दिनेश चन्द्रा, प्वाइंटसमैन/कौरारा/प्रयागराज मण्डल दिनांक 22.03.2024 को 08-16 की शिफ्ट में कार्यरत थे। गाड़ी सं. 12398 के 16¬08 बजे कौरारा स्टेशन से पास होने पर इन्होंने गाड़ी में असामान्य आवाज सुनी। जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर एवं प्वाइंटसमैन द्वारा वाकी टाकी पर लोको पायलट को दी गई। प्वाइंटसमैन द्वारा गार्ड को लाल सिग्नल दिखाया गया। इसे संरक्षित कर गाड़ी को 16¬38 बजे चलाया गया। इस प्रकार इनके त्वरित कार्यवाही से रेल दुर्घटना को बचाया गया।




# विवेक साहू ने पलटकर रख दिया छिन्दवाड़ा का इतिहास, एक लाख की बढ़त, कांग्रेस का किला ध्वस्त

## सांसद नकुलनाथ ने मतगणना स्थल छोड़ा, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने स्वीकार की हार

**हिंदुस्तान समाज चंचलेश इन्दौरकर जिला ब्यूरो छिंदवाड़ा 8818947107**

मध्य प्रदेश की 29 की 29 सीटों पर भाजपा प्रचंड जीत हासिल करने जा रही है। कुछ सीटों पर परिणाम सामने आ चुके हैं। यहां भाजपा नेताओं ने निर्णायक बहुमत हासिल किया है। लेकिन इस सब में सबसे खास बात यह है कि इस बार के नतीजों में मध्य प्रदेश की राजनीति में कई कीर्तिमान रचे गए। प्रदेश की सबसे चर्चित सीट इंदौर और छिंदवाड़ा रही हैं। इन दो सीटों पर इतिहास रचा गया है। छिंदवाड़ा में भाजपा का सूखा खत्म, 45 साल बाद सपना हुआ साकार कांग्रेस का गढ़ कहे जाने वाले छिंदवाड़ा में भाजपा के विवेक बंटी साहू ने शानदार जीत हासिल की है। पूर्व सीएम के पुत्र नकुलनाथ को एक लाख 13 हजार 655 वोटों से हराकर जीत का परचम लहराया है। इसी के साथ कांग्रेस का 45 साल का सपना भी साकार किया है। बता दें कि छिंदवाड़ा को कांग्रेस का अभेय गढ़ माना जाता था। कमलनाथ इस सीट से 9 बार सांसद और कई बार केंद्रीय मंत्री रहे हैं। 1977 के लोकसभा चुनावों में जब कांग्रेस को देश में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा था। इमरजेंसी लगाने के कारण कांग्रेस की देशभर में करारी हार हुई थी, लेकिन उस दौरान छिंदवाड़ा में कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। यहां से गार्गी शंकर मिश्र सांसद बने थे। छिन्दवाड़ा लोकसभा क्षेत्र में भाजपा के विवेक बंटी साहू ने अब तक के 70 सालों के इतिहास पलट कर रख दिया है। वे छिन्दवाड़ा से भाजपा के पहले सांसद बनने जा रहे हैं। पी जी कालेज में चल रही मतगणना में 13 वे राउंड तक उन्होंने कांग्रेस के नकुलनाथ को पछाड़ते हुए एक लाख से ज्यादा वोटो की बढ़त बनाकर कांग्रेस के लिए जीत के सभी




दरवाजे बंद कर दिए हैं। इस लीड को कव्हर करना अब कांग्रेस के बस की बात नही रही है जबकि अभी चार राउंड की मतगणना अभी और होना है। खास बात यह है कि विवेक बंटी साहू लोकसभा क्षेत्र के किसी एक नही बल्कि सातों विधानसभा क्षेत्र से बढ़त बनाए हुए हैं। अब तक के 13 राउंड की मतगणना में एक भी राउंड ऐसा नही रहा है जब नकुलनाथ को बढ़त मिली हो। मतगणना पूरी होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी अधिकृत परिणाम की घोषणा करेंगे जिसमे अभी समय है। कांग्रेस प्रत्याशी नकुलनाथ ने भाजपा के विवेक बंटी साहू की हर राउंड में बढ़ती लीड के चलते मतगणना स्थल पी जी कालेज का मैदान भी छोड़ दिया है। साथ ही कांग्रेस नेता कमलनाथ ने छिन्दवाड़ा से अपनी हार स्वीकार कर ली है। अब नकुलनाथ वापस दिल्ली जाने की तैयारी में है। भाजपा के लिए यह अवसर 70 सालों में पहली बार आया है। 18 वी लोकसभा के चुनाव में भाजपा को यह सफलता मिली है। जबकि 17 लोकसभा में कांग्रेस के ही सांसद छिन्दवाड़ा से रहे हैं। अकेले कमलनाथ 9 बार और पिछले लोकसभा में उनके पुत्र नकुलनाथ सांसद चुने गए थे। इस मायने में छिन्दवाड़ा कांग्रेस का अभेद गढ़ था। जहां भाजपा की जीत एक सपना ही बनकर रह गया था। किंतु छिन्दवाड़ा के मतदाताओं ने अब कांग्रेस का सारा तिलस्म तोड़कर रख दिया है। भाजपा के विवेक बंटी साहू पर भरोसा जताया है। भाजपा ने इस बार बंटी साहू के साथ बड़े दावे से चुनाव लड़ा और बड़ी ताकत झोंकी थी। अकेले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ही चुनाव के दौरान आठ बार छिन्दवाड़ा आए थे। इस बार छिन्दवाड़ा में मोदी फेक्टर जमकर हावी रहा है। विवेक बंटी साहू भाजपा के पहले ऐसे नेता बन गए हैं जिन्हें छिन्दवाड़ा में कांग्रेस का किला ध्वस्त कर भाजपा का पहला सांसद बनने का गौरव हासिल होने जा रहा है। इसके पूर्व वर्ष 1996 में पूर्व मुख्यमंत्री सुंदर लाल पटवा उपचुनाव में छिन्दवाड़ा के सांसद बने थे। परिणाम ने भाजपा को खुशियों से भर दिया है। विवेक बंटी साहू को भाजपा ने छिन्दवाड़ा का नया नेता बनाया है। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष से अपना सफर शुरू करने वाले विवेक साहू को पार्टी ने कांग्रेस के दिग्गज रहे कमलनाथ के मुकाबले दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ाया था। दोनो चुनाव में भले ही उन्हें हार का सामना करना पड़ा मगर अब छिन्दवाड़ा लोकसभा की किसी एक नही बल्कि सातों सीट से बढ़त जीत का नया इतिहास रचने जा रही है।

# लोकसभा निर्वाचन 2024 का निर्वाचन परिणाम घोषित

## कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर छिंदवाड़ा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र श्री सिंह के द्वारा विजेता अभ्यर्थी विवेक बंटी साहू विधिवत निर्वाचित घोषित

**हिन्दुस्तान समाज चंचलेश इन्दौरकर जिला ब्यूरो छिंदवाड़ा 8818947107**






छिन्दवाडा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिन्दवाड़ा के अंतर्गत हुए मतदान के बाद मतगणना का कार्य आज मतगणना स्थल स्थानीय शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिन्दवाड़ा में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार संपन्न हुआ । मतगणना के बाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 16-छिन्दवाड़ा के निर्वाचन परिणाम की राउंडवार और अंतिम घोषणा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफीसर श्री शीलेन्?द्र सिंह द्वारा की गई। निर्वाचन के परिणाम की घोषणा के साथ ही कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर श्री सिंह द्वारा विजयी अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी के श्री बंटी विवेक साहू को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के अंतर्गत विधिवत निर्वाचित घोषित करते हुए निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदाय किया गया उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र छिंदवाड़ा से नोटा सहित 16 अभ्यर्थी मैदान में थे। जिनमें भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी श्री बंटी विवेक साहू को कुल 644738 मत प्राप्त हुए और वे अपने निकटतम प्रतिद्वंदी से 113618 मतों से विजयी रहे। कलेक्टर, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग ऑफीसर श्री सिंह ने बताया कि बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री उमाकांत बन्देवार को 11823, इंडियन नेशनल कांग्रेस के अभ्यर्थी श्री नकुल कमलनाथ को 531120, राष्ट्रीय गोंडवाना पार्टी के अभ्यर्थी श्री कपिल सोनी को 9638, अहिंसा समाज पार्टी के अभ्यर्थी श्री कुशवाहा राजेश तांत्रिक को 1698, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के अभ्यर्थी श्री देवीराम उर्फ देव रावेन भलावी को 55988, राष्ट्र समर्पण पार्टी के अभ्यर्थी श्री प्रकाश उर्फ बंटी परतेती को 1654, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के अभ्यर्थी श्री फोगल बंसोड़ को 1323, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री अजय बरकड़े को 2495, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री गोविंद भलावी को 4029, निर्दलीय अभ्यर्थी मो.परवेज कुरैशी को 3828, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री पवनशाह सरसाम को 6621, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री राजेन्द्र डोंगरे को 4632, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री सिराज शेख को 9568, निर्दलीय अभ्यर्थी श्री सुभाष शुक्ला को 5769 और नोटा को 9903 मत प्राप्त हुये।

# शासकीय आईटीआई में प्रवेश के लिये ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 10 जून

**हिन्दुस्तान समाज चंचलेश इन्दौरकर जिला ब्यूरो छिंदवाड़ा 8818947107**



छिन्दवाड़ा जिला के शासकीय आईटीआई व्हीआईपी रोड छिंदवाडा में सत्र अगस्त 2024 में विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश होना है। संस्था में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाईन के माध्यम से विभाग के पोर्टल 222.स्न्न्न्.द्व्न्न.द्द१1.द्ध्ठ पर प्रवेश रजिस्ट्रेशन 2024 पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी एवं विवरणिका पोर्टल पर उपलब्ध है। प्रवेश के लिये रजिस्ट्रेशन तथा रजिस्ट्रेशन में यदि कोई त्रुटि हो गई है तो उसका सुधार 10 जून 2024 तक किया जा सकता है। साथ ही 10 जून 2024 तक च्वाईस फिलिंग भी कर सकते हैं। आवेदक शासकीय आईटीआई छिंदवाड़ा में स्थित हेल्प डेस्क में शासकीय दर पर पंजीयन एवं च्वाइस फीलिंग करवा सकते हैं ।औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान छिंदवाड़ा के नोडल प्राचार्य सी.बी.उईके ने बताया कि च्वाईस फीलिंग करने के लिये संस्था में दो वर्षीय व्यवसाय इलेक्ट्रिशियन, फिटर, टर्नर, मशीनिष्ट ग्राईण्डर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशियन, सर्वेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक एवं एक वर्षीय पाठ्यक्रम मैकेनिक ट्रेक्टर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर, स्टेनोग्राफी हिन्दी, कम्प्युटर आपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट, स्वीईंग टेक्नालोजी, मिल्क एंड मिल्क प्रोडक्टस टेक्नीशियन, फरूट्स एंड वेजीटेबिल प्रोसेसिंग एवं एग्रो प्रोसेसिंग व्यवसाय के कोर्स संचालित हैं, जिसमें प्रवेश लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी नियत तिथि व समय में च्वाईस फिलिंग कर सकते हैं।

# नशा नाश की जड है:-ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

**ब्यूरो पन्ना(हिन्दुस्तान स.)**



विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की ओर से नशे से दूर रहने एवं जन जागृति के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सीता बहन जी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को हानिकारक मादक पदार्थों से बचाना एवं उनसे दूर रहने के लिए जागरूक करना है। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी विद्यालय का लक्ष्य एवं उद्देश्य है कि समाज में व्याप्त बुराइयां एवं व्यसनों को दृ ज्ञान एवं आध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा दूर करना। आगे आपने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को नष्ट करता है। उन्होंने बताया कि आज लोग डिप्रेशन, अनिद्रा, तनाव, बीती हुई दुखद घटनाओं की स्मृति, पारिवारिक कलह, बुरे संग के कारण इन नशीले पदार्थों का सेवन करने लगते है। भारत में एक तिहाई कैंसर का कारण तंबाकू है। उन्होंने स्पष्ट किया धूम्रपान का हमारे फेफड़ों पर बुरा असर पड़ता है आपने कहा कि आज 60 प्रतिश से अधिक सड़क दुर्घटनाओं का कारण व्यसन अथवा शराब है। एक सिगरेट से व तम्बाकू के सेवन से आयु लगभग 6 मिनट कम हो जाती है ऐसा 10 बार तंबाकू का सेवन करने से आयु एक घंटा कम हो जाती है। कहते हैं, गधा यदि तंबाकू के खेत के पास से गुजरता है तो तुरंत ही अपना रास्ता मोड़ देगा, गलती से भी उस खेत में नहीं जाएगा। सोचो समझदार कौन? व्यसनों का सेवन करना अपनी भारतीय सभ्यता का अपमान है। व्यसनों का शिकार होना अपने जीवन को नर्क बनाना है। यदि अपने जीवन को सुखी एवं आनंमय बनाना है तो रोज कुछ समय मेडिटेशन के लिए अवश्य निकालें। ध्यान करने से हमारे अंदर शक्ति आती है और हमारा मनोबल मजबूत बनता है। कार्यक्रम में उपस्थित संघप्रिय जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि यहां आकर मुझे अलौकिक सुखद अनुभूति हुई एवं सभी से कहा कि अपने परिवार में एवं नजदीक के संबंधियों को व्यसन से दूर रहने के लिए जागरूक करें। श्रीमती आरती सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, जिला पन्ना ने भी अपने विचार रखे एवं अच्छी चीजों का नशा करने के लिए जागरूक किया। कार्यक्रम में सभी ने व्यसन छोड़ने एवं दूसरों को छुड़ाने के लिए प्रतिज्ञा की। कार्यक्रम के पश्चात नगर में व्यसनमुक्ति जन जागरूकता बाइक रैली निकाली गई।

# जल स्रोतों के संरक्षण अभियान के लिए नगरीय विकास व आवास एवं पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त निर्देश जारी

पन्ना(हिन्दुस्तान स.)- जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। इस अभियान का संचालन ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय क्षेत्रों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग करेगा। अभियान के सफल व सुचारू संचालन के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव और नगरीय विकास एवं आवास विभाग के प्रमुख सचिव द्वारा कलेक्टर्स को संयुक्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों में कलेक्टरों से कहा गया है कि अभियान के दौरान जल संरचनाओं का उन्नयन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं। जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित कर जल संरचना में छोड़ा जाए। जल संरचनाओं को व्यवसाय व रोजगारमूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का स्पष्टतः निर्धारण कर लिया जाए। चिन्हित जल संरचनाओं की मोबाइल ऐप से जियो टैगिंग भी की जाएगी। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग स्थानीय कृषकों के खेतों में किए जाने को प्राथमिकता दी जाये। जल संरचनाओं के किनारे पर यथासंभव बफर जोन तैयार किए जाएंगे। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए जाएंगे। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। जन-जागरूकता के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 8 जून को जनभागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की जाएगी। 9 जून को जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा। साथ ही 9 जून को ही जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। 10 से 16 जून तक योजनानुसार जीर्णोद्धार के साथ-साथ जल संरचनाओं की साफ-सफाई भी होगी। 15 व 16 जून को गंगा दशमी के अवसर पर प्रमुख जल स्त्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत गंगा आरती, भजन समारोह इत्यादि आयोजित किये जायेंगें। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्त्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जाये। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।

# हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की पूरक परीक्षा 8 से 20 जून तक

## कलेक्टर ने अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**ब्यूरो पन्ना(हिन्दुस्तान स.)**

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल द्वारा सत्र 2023-24 की कक्षा 10वीं एवं 12वीं की पूरक परीक्षा आगामी 8 से 20 जून तक आयोजित की जाएगी। जिले में निर्धारित 05 परीक्षा केन्द्रों पर पूरक परीक्षा सुबह 8 से 11 बजे तक होगी। पूरक परीक्षा की गोपनीय सामग्री मंडल द्वारा 3 जून को पहुंचाई जाएगी। कलेक्टर सुरेश कुमार ने 6 जून को जिला समन्वयक संस्था शासकीय आर.पी. उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय, इन्द्रपुरी कॉलोनी, पन्ना से जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन से सुरक्षा व्यवस्था के साथ सामग्री प्रेषण व वितरण के लिए प्रभारी नायब तहसीलदार शशिकांत दुबे को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त किया है। साथ ही मंडल के निर्देशों के परिपालन में समन्वयक संस्था से गोपनीय सामग्री वितरण कराने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अतिरिक्त गोपनीय सामग्री पुलिस थाने से निकालने के लिए भी कलेक्टर प्रतिनिधि की नियुक्ति की गई है। पुलिस थाना सलेहा के लिए नायब तहसीलदार राजेश मेहरा, पुलिस थाना/चौकी खोरा के लिए नायब तहसीलदार खेमचन्द्र यादव, पुलिस थाना पवई के लिए प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी और पुलिस थाना रैपुरा के लिए प्रभारी तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी को कलेक्टर प्रतिनिधि नियुक्त कर दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है। कलेक्टर ने संवेदनशील परीक्षा केन्द्र शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा में प्रेक्षकीय कार्य के लिए जिला संयोजक आर.के. सतनामी को दायित्व सौंपा है।परीक्षा केन्द्रों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त बोर्ड की पूरक परीक्षाओं के लिए जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। परीक्षा केन्द्र उत्कृष्ट आर.पी. उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए जनपद पंचायत सीईओ पन्ना को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह शासकीय उ.मा. विद्यालय सलेहा के लिए जनपद पंचायत सीईओ गुनौर को, शासकीय उ.मा. विद्यालय कृष्णगढ़ के लिए जनपद पंचायत सीईओ पवई को, शासकीय उ.मा. विद्यालय रैपुरा के लिए जनपद पंचायत सीईओ शाहनगर को तथा शासकीय उ.मा. विद्यालय खोरा के लिए जनपद पंचायत सीईओ अजयगढ़ को नोडल अधिकारी बनाया गया है।इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा के सफल संचालन एवं नकल रोकने के लिए उड़नदस्ता दल भी गठित किए गए हैं। शासकीय उत्कृष्ट आर.पी. उ.मा. विद्यालय पन्ना के लिए गठित उड़नदस्ता दल में एसडीएम संजय कुमार नागवंशी एवं प्रभारी तहसीलदार अखिलेश प्रजापति, सलेहा के लिए एसडीएम रामनिवास चौधरी एवं प्रभारी तहसीलदार रत्नराशि पाण्डेय, कृष्णगढ़ के लिए एसडीएम श्रुति अग्रवाल एवं प्रभारी तहसीलदार प्रीति पंथी, रैपुरा के लिए एसडीएम श्रुति अग्रवाल एवं प्रभारी तहसीलदार मणिराज सिंह बागरी और खोरा के लिए एसडीएम कुशल सिंह गौतम एवं प्रभारी तहसीलदार सुरेन्द्र कुमार अहिरवार को उड़नदस्ता में शामिल किया गया है। जिला कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

## उप स्वास्थ्य केंद्र खुनाझीर खुर्द मे सत प्रतिशत हुआ टीकाकरण

**हिन्दुस्तान समाज चंचलेश इन्दौरकर जिला ब्यूरो छिंदवाड़ा 8818947107**



छिंदवाड़ा जिले के मोहखेड़ तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत खुनाझीर खुर्द में स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र में जून माह के पहले मंगलवार को टीकाकरण कार्यक्रम रहा सत प्रतिशत जिसमें गर्भवती महिलाएं और 18 महीने के छोटे बच्चों को टीका लगाया गया और सभी महिलाओं को पोषण आहार से संबंधित जानकारी दी गई। व इतनी भीषण गर्मी में छोटे शिशु की किस प्रकार देखभाल करे और क्या करे क्या ना करे इस पर चर्चा की गई। जिसमे उपस्थित सी एच ओ पूजा निर्मलकर, ए एन एम सुरसा सोमकुवर, आशा सहयोगी इंदिरा विश्वकर्मा, आशा उमा विश्वकर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुधा कोलारे, सहायिका ताप्ती झरबड़े आदि मौजूद रहे।

# साध्वी निखिलशीलाजी ठाणा 4 के सानिध्य में 6 जून गुरुवार को जप तप से मनाया जाएगा पक्खी पर्व

**मनीष वाघेला**

थांदला(हिन्दुस्तान स.) आचार्यश्री उमेशमुनिजी के सुशिष्य प्रवर्तक जिनेंद्रमुनिजी की आज्ञानुवर्तिनी साध्वी निखिलशीलाजी, दिव्यशीलाजी, प्रियशीलाजी, दीप्तिजी ठाणा 4 स्थानीय पौषध भवन पर विराजित हैं। साध्वी मंडल के सानिध्य में प्रातः राई प्रतिक्रमण, प्रार्थना, दोपहर में ज्ञान चर्चा, शाम को देवसीय प्रतिक्रमण, कल्याण मंदिर, चौवीसी आदि विविध आराधनाएँ हो रही हैं। जिसमें श्रावक श्राविकाएँ उत्साहपूर्वक आराधना कर रहे हैं। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष भरत भंसाली, सचिव प्रदीप गादिया एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रवि लोढ़ा ने बताया कि साध्वी निखिलशीलाजी व साध्वी मंडल के सानिध्य में श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा 6 जून गुरुवार को पक्खी पर्व जप, तप, त्याग, तपस्या व विविध आराधनाओं के साथ मनाया जाएगा।

### पक्खी पर्व पर व्याख्यान होंगे

पक्खी पर्व दिवस पर पौषध भवन पर साध्वी निखिलशीलाजी आदि ठाणा के व्याख्यान प्रातः 9 से 10 बजे तक होंगे। इस प्रसंग पर श्रावक-श्राविकाएं पौषध, उपवास, आयंबिल, नीवीं, एकासन, बियासन आदि विविध तप आराधना करेगें।शाम को 07.15 बजे से पक्खी प्रतिक्रमण प्रारंभ होगा। श्रावक वर्ग का प्रतिक्रमण दौलत भवन ( महिला स्थानक ) पर व श्राविका वर्ग का प्रतिक्रमण पौषध भवन पर होगा।

# खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से विष्णु दत्त शर्मा पांच लाख बत्तीस हजार से चुनाव जीते

## बसपा के कमलेश पटेल को हराया

**ब्यूरो पन्ना(हिन्दुस्तान स.)**





देश में लोकसभा चुनाव संपन्न हुए तथा चुनाव की मतगणना चार जून को संपन्न हुई। जिसमे खजुराहो लोकसभा क्षेत्र के परिणाम भी घोषित किये गये। स्थानीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पन्ना मे सुबह आठ बजे से गणना प्रारंभ हुई। जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा पूरे लोकसभा क्षेत्र की राउन्डबार गणना को लाउड स्पीकर के माध्यम से बताया गया तथा अंतिम राउन्ड के बाद प्रत्याशीयो के मिले मतो की घोषणा की गई। जिसमें भाजपा प्रत्याशी वीडी शर्मा को सात लाख संतावन हजार नौ सौ पांच तथा निकटतम प्रतिद्वंदी बहुजन समाजवादी पार्टी के कमलेश भाई पटेल को दो लाख छब्बीस हजार पांच मत प्राप्त हुए एवं तीसरे नम्बर पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी रहे आरबी प्रजापति को उनचास हजार चार सौ मत प्राप्त हुए। जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा पांच लाख बत्तीस हजार वोटो से विजय हुए है। अन्य प्रत्याशीयो मे मोहम्मद इमरान को सत्रह हजार चार सौ पन्द्रह, कपिल गुप्ता को सात हजार तीन सौ नब्बे, केशकली को सत्ताईस को बानवें, गिरन सिंह को चौतिस सौ तीस, नन्द किशोर को पाच हजार आठ सौ चौरासी, पंकज मोर्या को चार हजार पांच सौ पचास, फिरोज खान को तीन हजार छह सौ पन्द्रह, बिटईया अहिरवार को तीन हजार नौ सौ दस, लक्ष्मी प्रसाद को छह हजार पांच सौ छिहत्तर, सुनवान सिंह लोधी को नो हजार आठ सौ बारह तथा नोटा को पन्द्रह हजार सात सौ चौहत्तर मत प्राप्त हुए। खजुराहो लोकसभा क्षेत्र मे ग्यारह लाख सत्रह हजार दौ सौ तेईस मत डाले गये है। ज्ञात हो कि खजुराहो लोकसभा क्षेत्र अन्तर्गत आठ विधानसभा आती है। जिसमे पन्ना जिले की पवई, गुनौर, पन्ना, छतरपुर जिले की चन्दला, राजनगर तथा कटनी जिले की मुडवारा, विजयराघवगढ तथा बहोरीबंद विधानसभा खजुराहो लोकसभा क्षेत्र मे इस बार कांग्रेस पार्टी से कोई प्रत्याशी नही रहा है। क्योकि गठबंधन के तहत उक्त सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। लेकिन ऐन समय पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का पर्चा निरस्त हो गया।

# रिकॉर्ड रखने में अस्पताल प्रबंधन बरत रहा लापरवाही, नुकसान हुआ तो कौन होगा जिम्मेदार

**हिन्दुस्तान समाज चंचलेश इन्दौरकर जिला ब्यूरो छिंदवाड़ा 8818947107**



छिंदवाड़ा जिला अस्पताल प्रबंधन किसी ना किसी अव्यवस्थाओं के कारण सुर्खियों में बना रहता है जिसके कारण जिला प्रशासन से फटकार मिलती रहती है। वर्तमान में जिला अस्पताल के रिकार्ड रूम में भी अव्यवस्थाएं फैली हुई है, जिस ओर प्रबंधन का ध्यान नहीं है। गेट नंबर एक पर स्थित पुरानी इमारत जिसमें पहले ओपीडी संचालित होती थी वहां पर दो छोटे कमरों में रिकार्ड रूम संचालित हो रहा है, इन कमरों में रिकार्ड इतनी अव्यवस्थित तरीके से रखा है जिसे नुकसान पहुंच सकता है। कमरें में ना ही कोई रैक है ना ही किसी एक स्थान पर व्यवथित इन रिकार्ड का रखा गया है। रिकार्ड रूम के लिए व्यवस्थित तरीके से बड़े हॉल की आवश्यकता है लेकिन प्रबंधन इस ओर जमकर लापरवाही बरत रहा है।जिला अस्पताल के वार्डो का रिकार्ड जिला अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीजों के डिस्चार्ज होने के बाद वहां से रिकार्ड इसी रिकार्ड रूम में रखा जाता है। पुलिस केस के दौरान इस रिकार्ड रूम से पुलिस रिकार्ड से पूरी जानकारी लेती है तथा आगे की कार्रवाई करती है। इसके साथ ही जिन लोगों का पोस्टमार्टम जिला अस्पताल में होता है उनकी पीएम रिपोर्ट पुलिस इसी रिकार्ड रूम से प्राप्त करती है। बारिश में होगा रिकार्ड को नुकसान वर्तमान में पुरानी इमारत में रिकार्ड रूम संचालित हो रहा है यह भवन काफी जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, तेज बारिश में स्टोर में पानी घुस जाता है

# पानी से भरी बाल्टी में डूबने से 9 माह के मासूम की दुखद मौत

**अजयगढ़ पन्ना(हिन्दुस्तान स.)**



पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम लौलाश में एक हृदयविदारक घटना में 9 माह के मासूम बालक की पानी से भरी बाल्टी में डूबने से दुखद मौत हो गई। यह घटना 3 जून 2024 को दोपहर लगभग 1 बजे हुई। मृत बालक सागर यादव, पिता चंद्र कमल यादव, अपनी मां के साथ घर में सो रहा था।बालक की मां सोते समय, सागर खेलते-खेलते पानी से भरी बाल्टी के पास पहुंच गया और उसमें गिर गया। बालक का सिर बाल्टी में नीचे की ओर और पैर ऊपर की ओर थे। कुछ देर बाद, जब उसकी मां की नींद खुली, तो उसने अपने बेटे को बाल्टी में उल्टा डूबा हुआ देखा और घबराहट में तुरंत बालक को बाहर निकाला और परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने तत्परता दिखाते हुए सागर को अजयगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है

# स्वास्थ्य के संकटों से बचाये सक्रिय जीवनशैली





**सेहत की देखभाल के मामले में खानपान और व्यायाम ही नहीं, हमारी रोजाना की सहज गतिविधियां भी अहम भूमिका निभाती हैं। खासकर इन एक्टिविटीज़ को दिया जाने वाला समय। जैसे बहुत समय बैठना भी सेहत के लिए घातक है तो बहुत ज्यादा चलना-दौड़ना भी। नींद की कमी भी परेशानी का सबब बनती है और सोने-जागने की कोई सधी समय सारिणी न होना भी। दिनभर की गतिविधियों में एक संतुलन आवश्यक है। अच्छे स्वास्थ्य को लेकर किए एक अध्ययन में वैज्ञानिकों द्वारा शारीरिक गतिविधियों के समय को लेकर कहा गया है कि दिनभर में खड़े रहने और बैठने के समय में भी एक बैलेंस होना चाहिए :-**

ऑस्ट्रेलिया में स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं ने कहा है कि लोगों को दिन में पांच घंटे खड़े रहना चाहिए और छह घंटे बैठना चाहिए। इसके अलावा प्रतिदिन चार घंटे हल्की और मध्यम शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। हल्की-फुलकी सहज फिजिकल एक्टिविटी का अर्थ चलने से लेकर खाना पकाने और घर के कामकाज पूरा करने तक से है। अध्ययन के अनुसार, नियमित रूप से शारीरिक गतिविधियां करने से हार्ट हेल्थ भी बेहतर होता है। असल में आज की बदली हुई जीवनशैली में बैठने-चलने का यह संतुलन हर उम्र के लोगों के लिए जरूरी हो गया है।

मौजूदा लाइफस्टाइल में मनोरंजन से लेकर कामकाज और आसपास की आवाजाही तक, गाड़ी हो, आरामदायक कुर्सी हो या सोफा- अधिकतर समय बैठने तक सिमट गया है। यह गतिहीन जीवनशैली हर तरह से घातक है। पहले की पीढ़ी की तरह काम के बीच कुछ समय के आराम या ब्रेक के बजाय अब बैठना ही जीवनचर्या बनकर रह गया है। यह निष्क्रियता हड्डियों, मांसपेशियों में जकड़न और मानसिक थकावट लाने वाली भी है। थोड़े समय के लिए भी चलने-फिरने का ब्रेक न लेकर लगातार बैठे रहना हर मोर्चे पर स्वास्थ्य से जुड़े जोखिम बढ़ा रहा है।

घर, दफ्तर हो या स्कूल, कालेज- हर आयुवर्ग के लोगों का लंबा समय एक ही जगह बैठे बीत रहा है। घंटों बैठे रहना आजकल के लाइफस्टाइल में आम बात है। यूं देर तक बैठे रहना सही-गलत पोश्चर का ख्याल भी नहीं रहने देता। साथ ही फिजिकल एक्टिविटी की कमी से डायबिटीज़, हार्ट प्रॉब्लम्स, कैंसर वैरिकॉज़ नर्व, कमर दर्द की परेशानी भी बढ़ रही है। मोटापा और आलस्य जैसी तकलीफ़ें तो आती ही आती हैं। इतना ही नहीं, लगातार बैठे रहने से तनाव और अवसाद भी बढ़ता है। अध्ययन बताते हैं कि बैठे रहने की आदत जीवन का जोखिम तक बढ़ाती है।

आमतौर पर कामकाजी और घरेलू दोनों ही मोर्चों पर गतिहीन जीवनशैली जी रहे लोग कुछ समय निकालकर सुबह-शाम तेज गति से की गई एक्सरसाइज़ जैसे साइकिलिंग, जॉगिंग या वॉक को ही महत्वपूर्ण मानते हैं। ज्यादातर लोग लंबे समय तक बैठे रहने के दौरान बीच-बीच में ब्रेक लेकर कुछ कदम चलने या शरीर को स्ट्रैच करने की ओर ध्यान नहीं देते। जबकि नियमित रूप से ऐसे छोटे-छोटे विराम और हल्की-फुलकी मूवमेंट्स शरीर और मन-मस्तिष्क के लिए बेहद जरूरी हैं। इतना ही नहीं, सहज सी चहलकदमी हो या ब्रेक लेकर खिड़की से बाहर झांकने के लिए कुछ पल निकालना- यह सब कुछ अच्छी नींद, मन के सुकून और शरीर की सेहत से गहराई से जुड़ा हुआ है।

ऑस्ट्रेलिया में स्विनबर्न यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकर्ताओं द्वारा 2000 लोगों को लेकर किए गए इस अध्ययन में यह भी पता चला है कि बेहतरीन स्वास्थ्य के लिए लोगों को रोजाना आठ घंटे की बेहतर नींद लेनी चाहिए। आमतौर पर गतिहीन जीवनशैली वाले लोगों में अच्छी नींद न ले पाने से परेशानी भी देखने को मिलती है। निष्क्रिय बैठे रहना यूं तो शरीर के सभी अंगों को प्रभावित करता है पर गहरी नींद न आना एक बड़ी परेशानी बन जाती है। ठीक से आराम न कर पाने की स्थिति में शारीरिक ही मानसिक सेहत भी प्रभावित होती है। एक और गतिशील न रहना मोटापा बढ़ाता है तो दूसरी ओर पर्याप्त नींद नहीं ले पाने के कारण भी वजन बढ़ने की स्थिति बन जाती है। साथ ही रोग-प्रतिरोधक क्षमता भी कमजोर होती है। नींद इंसानी शरीर में दो हार्मोन्स, लेप्टिन और घ्रेलिन के स्तर को प्रभावित करती है। ध्यान रहे कि ये दोनों हार्मोन्स भूख लगने और पेट भरे होने की फीलिंग को नियंत्रित करते हैं। साथ ही नींद पूरी न होने से संतुलित भावनात्मक प्रतिक्रिया देने, त्वरित निर्णय लेने और सधा संवाद करने जैसे फ्रंट्स पर भी उलझनें बढ़ जाती हैं। ऐसे में समग्र रूप से सकारात्मक और स्वस्थ जीवनशैली में नियमित गतिशील रहने के प्रयास आवश्यक हैं।



# हल्की-फुल्की ड्रेस में सुकून भी


गर्मियों में सबसे ज्यादा दिक्कत वहां आती है जब हम किसी पार्टी में जा रहे होते हैं। क्योंकि गर्मी तो रौद्र रूप दिखा ही रही है, साथ ही कुछ भी ड्रेस वियर करना एक चुनौती के समान नजर आता है। कुछ समझ नहीं आता है कि क्या ऐसा वियर करें कि गर्मी कम ही लगे। तो ऐसे में जरूरी है कि आप कुछ ऐसे कपड़ों को तवज्जो दें जो देखने में भी सुंदर हों और साथ ही लाइट वेटेड भी हों। इससे आप पार्टी में कंफर्टेबल होकर भी जा पाएंगी। तो जानिये कि आप किस तरह की ड्रेस वियर करके बाहर किसी शादी या किसी अन्य समारोह में जा सकती हैं।

गर्मियों के लिए सबसे अच्छा है कि आप साड़ी वियर करें क्योंकि साड़ी एक ऐसा परिधान है कि जिसे अगर लाइट वेटेड भी पहनती हैं तब भी आप उसमें सभी में डिफरेंट नजर आती हैं। साड़ी में आप जॉर्जट या फिर कॉटन टाइप की ही साड़ी पहनें। इनमें गर्मी कम लगती है, साथ ही पहनी हुई बेहद सुंदर नजर आती है। इनकी बहुत सारी वैरायटी आपको मार्केट में या ऑनलाइन मिल जाएंगी। यदि आप बर्थडे पार्टी में जा रही हैं तो आप स्कर्ट और टॉप को भी वियर कर सकती हैं। क्योंकि यह बेहद कंफर्टेबल होती है। इसमें आप स्कर्ट लॉन्ग या फिर नी लेंथ पहन सकती हैं और उसके ऊपर टॉप कुछ स्टाइलिश सा कैरी कर लें। स्कर्ट यदि आपको कॉटन की पहननी है तो घेर वाली पहनना बेहतर रहेगा। नहीं तो स्ट्रेट फिट वियर कर सकती हैं। एक ऑप्शन यह भी कि टॉप में शर्ट या क्रॉप टॉप पहन सकती हैं। इनकी बहुत सी वैरायटी आपको मार्केट में मिल जाएंगी।

गर्मियों में तो कॉटन सूट ही भाते हैं। आजकल मार्केट में कॉटन सूट की बहार है इनमें आप खूब हैवी और लाइट सूट खरीद कर पहन सकती हैं। यदि आपको मार्केट में जाना है तो कॉटन का अच्छी क्वालिटी का स्टाइलिश सूट आप खरीद सकती हैं। पार्टी वियर सूट की कैटेगरी में अनारकली सूट,धोती सूट व लॉन्ग हैवी सूट खरीद सकती हैं। बस यह ध्यान रखें कि सूट कॉटन में हो। वजह, यह फेब्रिक पहनने में कंफर्टेबल होता है। वेस्टर्न वियर में आप वनपीस को वियर कर सकती हैं। क्योंकि वनपीस में आपका लुक बेहद डिफ्रेंट नजर आता है। मार्केट में यदि नजर डालें तो वनपीस की काफी सारी आपको वैरायटी उपलब्ध रहती हैं। लेकिन आप हमेशा कॉटन के फैब्रिक में इसे लें। क्योंकि कॉटन के फैब्रिक में यह गर्मी में आपको कंफर्टेबल लगेगी। साथ ही आप इसे आसानी से वियर कर सकेंगी। ये ध्यान रखें कि वन पीस में आप थोड़े लाइट कलर ही पहनें। तभी आपका लुक बेहतरीन नजर आएगा।

आजकल अगर मार्केट में आप नजर डालें तो चारों ओर कोड सेट ही दिखेंगे। क्योंकि ये सभी उम्र की महिलाओं को काफी भा रहे हैं। इनकी खासियत यह है कि ये कॉटन फैब्रिक में होते हैं, साथ ही इनके ऊपर का टॉप थोड़ा लॉन्ग होता है। जिससे आप कहीं भी आसानी से वियर कर पाती हैं। हां, यदि आपको किसी पार्टी में जाना है तो आप इनमें हैवी क्वालिटी वाले कोड सेट ले सकती हैं। जिनमें थोड़ा वर्क होता है जिससे ये हैवी लुक देते हैं। तो आप अपनी पसंद के हिसाब से इन्हें खरीद सकती हैं।

# बीमा क्लेम भुगतान में देरी से अब निजात



अभी तक स्वास्थ्य बीमा होने पर भी बीमित अवधि में बीमार हुए व्यक्ति को बीमा राशि भुगतान के लिए बीमा कम्पनियों के कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे। उपभोक्ता के बीमित अवधि में बीमार होने और यथासमय बीमित कम्पनी को सूचित कर देने पर भी बीमा क्लेम भुगतान से बचने के लिए बीमा कंपनियां तरह-तरह की बहानेबाजी करती थीं। विभिन्न उपचार प्रपत्रों की मांग के साथ ही यह कहकर कि बीमा धारक पहले से बीमार था और उसने अपनी बीमारी छिपाकर बीमा कराया है,के आधार पर क्लेम अमान्य कर दिया जाता था। जबकि स्वास्थ्य बीमा कराते समय बीमा कम्पनियों का दायित्व है कि वे जिसका बीमा कर रहे हैं,उसके स्वास्थ्य की जांच अपने अधिकृत चिकित्सक से कराएं और पूर्ण संतुष्टि के बाद ही बीमा करें। अब बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा पर एक मास्टर सर्कुलर जारी करते हुए व्यवस्था दी है कि बीमा कंपनी को बीमा धारक के अनुरोध के एक घंटे के भीतर नकदी-रहित इलाज की अनुमति देने पर निर्णय लेना होगा और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। प्राधिकरण ने स्वास्थ्य बीमा उत्पादों पर मास्टर सर्कुलर के तहत पहले जारी किए गए 55 सर्कुलरों को निरस्त कर दिया है। प्राधिकरण का यह कदम पॉलिसीधारकों के सशक्तीकरण और समावेशी स्वास्थ्य बीमा को मजबूत करने की दिशा में एक मजबूत कार्यवाही है। नये बीमा सर्कुलर में बीमाधारकों के लिए उपलब्ध स्वास्थ्य बीमा नीति में पात्रताओं को उनके आसान संदर्भ के लिए एक स्थान पर लाया गया है और साथ ही स्वास्थ्य बीमा खरीदने वाले पॉलिसीधारकों को निर्बाध रूप में बीमा क्लेम के उन्नत सेवा मानकों को सुनिश्चित करने के उपायों पर जोर दिया गया है। अब बीमा कम्पनियों को बीमा क्लेम दावे के एक घंटे के भीतर निर्णय लेना और अस्पताल में उपचार उपरांत तीन घंटे के भीतर क्लेम राशि का अंतिम सैटलमेंट करना होगा। अभी तक उपभोक्ताओं को अपने हेल्थ इंश्योरेंस बीमा के कैशलेस भुगतान के लिए काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ता था।

29 मई 2024 को बीमा नियामक प्राधिकरण द्वारा जारी किए गए इस सर्कुलर में कहा गया है कि हर हाल में बीमा धारक को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज रिक्वेस्ट प्राप्त होने के तीन घंटे के भीतर उसके द्वारा किए गए क्लेम का कैशलेस भुगतान हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी को करना होगा। यदि क्लेम भुगतान में तीन घंटे से ज्यादा की देरी होती है, तो फिर ऐसी स्थिति में अस्पताल द्वारा लिया गया कोई भी अतिरिक्त चार्ज बीमा कंपनी द्वारा किया जाएगा।

नए दिशा-निर्देशों के तहत अगर किसी स्वास्थ्य बीमा धारक की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो जाती है, तो फिर इस स्थिति में इंश्योरेंस कंपनी को क्लेम के भुगतान की प्रक्रिया को तत्काल शुरू करना होगा। साथ ही मृतक के पार्थिव शरीर को भी अस्पताल से जल्दी निकालना होगा। साथ ही बीमा क्लेम अनुरोध प्राप्त होने के एक घंटे के भीतर बीमा कंपनी को कैशलेस भुगतान पर तुरंत निर्णय लेना होगा। प्राधिकरण ने बीमा कंपनियों को निर्देश दिया है कि वे इस काम को 31 जुलाई 2024 तक पूरा करें। जिन पॉलिसी धारकों के पास एक से ज्यादा स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी है, उनको उनमें से किसी एक पॉलिसी को चुनने का मौका मिलेगा, जिसके तहत वह स्वीकृत क्लेम राशि प्राप्त कर सकते हैं। बीमाकर्ताओं को प्रत्येक पॉलिसी दस्तावेज के साथ एक ग्राहक सूचना पत्र भी देना होगा। उपचार के दौरान पॉलिसी धारक की मृत्यु की स्थिति में बीमा कंपनी, क्लेम अप्रूवल प्रोसेस के रिक?वेस?ट पर तुरंत कार्रवाई करेगी।

साथ ही मृत व्यक्ति के पार्थिव शरीर को तुरंत अस्पताल से निकलवाने में मदद करेगी।

# साथ ही जहां हो माहौल बहुमुखी विकास का



देश के अधिकांश हिस्सों में अप्रैल से जून तक का समय विद्यालयों में नए सत्र और नए एडमिशन का रहता है। उन अभिभावकों के लिए एक अच्छे विद्यालय की खोज एक चुनौतीपूर्ण कार्य है जिनका बच्चा अपनी स्कूली शिक्षा को आरंभ करने जा रहा है। विशेषकर शहरों में जहां स्कूली शिक्षा का पूर्णतः व्यवसायीकरण हो चुका है। माता-पिता सर्च इंजन रैंकिंग और लुभावने विज्ञापनों के चक्कर में न पड़ कर, स्वयं विद्यालयों का भ्रमण कर ऐसे विद्यालय की खोज करें जो उनके बच्चे के समग्र विकास में सहायक बन सके। पहली बार स्कूल जाने वाले बच्चे के लिए विद्यालय एक सुखद अनुभव होना चाहिए न कि एक बोझिल वातावरण। नई शिक्षा नीति में विद्यालय शिक्षा 10+2 के स्थान पर 5+3+3+4 हो गया है। जिसमे पूर्व प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। कक्षा एक में आने से पूर्व विद्यार्थी को तीन वर्षीय पूर्व प्राथमिक पाठ्यक्रम नर्सरी, एलकेजी तथा यूकेजी में अध्ययन करना होगा। इन तीन वर्षों में बच्चों को एक्टिविटी आधारित शिक्षण द्वारा शिक्षा के विभिन्न पहलुओं को सिखाया जाना अनिवार्य किया गया है। ऐसे में अभिभावकों का अपने बच्चे को स्कूल में प्रवेश को लेकर जागरूक होना अति आवश्यक है। जानिये बच्चे के समग्र विकास के लिए स्कूल की किन विशेषताओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए। प्रिंसिपल, शिक्षकों और अन्य सहायक कर्मचारियों में अपने क्षेत्र की गुणवत्ता और कौशल होना बहुत आवश्यक है। यदि प्रभावी नेतृत्व है, तो स्कूल का विज़न कायम रहता है, और शिक्षकों के साथ व्यापक और सहयोगी रणनीति बनाई जाती है ताकि उनके छात्रों की ज़रूरतों को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सके। छात्र सबसे अच्छा तब सीखते हैं जब वे अपने शिक्षकों पर भरोसा कर सकते हैं। उन्हें कुशल, सतर्क शिक्षकों की ज़रूरत होती है ,जो उनके सीखने के लक्ष्य प्राप्ति में मदद करने के लिए तत्पर हों। स्कूल में छोटी कक्षाओं, दोस्ताना स्टाफ़, इंटरेक्टिव पाठों का प्रावधान हो।

छात्र तब भी बेहतर सीखते हैं जब उन्हें पता होता है कि उनका वातावरण सुरक्षित और सहायक है। एक अच्छे प्राथमिक विद्यालय में इस बात के लिए सख्त नीतियां होती हैं कि वे किस तरह के व्यवहार को पसंद नहीं करते हैं और इन स्थितियों को कैसे संभाला जाएगा? यह भी देखना चाहिए कि क्या उनके पास कोई मध्यस्थता सत्र, जीवन कौशल कक्षाएं और अन्य सहायक उपाय हैं जो उनके छात्रों को अनुशासनहीनता जैसे व्यवहारों से निपटने में मदद करते हैं। स्कूल शैक्षणिक पहलू सीखने के लक्ष्यों को पूरा करने से कहीं ज़्यादा है। यह एक ऐसी जगह भी होनी चाहिए जहां छात्र भावनात्मक रूप से विकसित हो सकें, अपने सहपाठियों से जुड़ सकें और बातचीत कर सकें। कम उम्र में भी भावनात्मक, सामाजिक और नेतृत्व कौशल विकसित करने की आवश्यकता होती है। स्कूल जो पारंपरिक और आधुनिक दोनों तरह के शिक्षण दृष्टिकोणों को जोड़ता है, वह श्रेष्ठ माना जा सकता है। अच्छे प्राथमिक विद्यालय में मज़बूत शैक्षणिक पाठ्यक्रम और सामाजिक गतिविधियों के बीच संतुलन और समन्वय होगा। इस उम्र के लिए समूह शिक्षण काफी महत्वपूर्ण है। वहीं छात्रों का मूल्यांकन उनकी व्यक्तिगत शिक्षण शक्तियों और आवश्यकताओं के अनुसार भी किया जाना चाहिए। स्कूल ऐसा हो जो प्रत्येक छात्र के शिक्षण लक्ष्यों पर ध्यान दे। क्योंकि यह बच्चों को काम करने के अवसर प्रदान करता है। यह भी कि वे अपनी आंतरिक शक्तियों और गुणों का निर्माण और विकास कर सकें। शिक्षकों को प्रत्येक छात्र को अपने लक्ष्यों की पहचान करने में मदद करनी चाहिए। ऐसा करके वे अपने छात्रों को आत्म-प्रेरित करने और जवाबदेह रखने की क्षमता विकसित करने में मदद करते हैं। छोटे बच्चे भी बता सकते हैं कि किसी को अपना काम करने में आनंद आ रहा है या नहीं।

# बड़ों का आत्मीय व्यवहार लाए नन्हों के चेहरों पर सहज मुस्कान

बच्चों की उछल-कूद और मासूमियत भरी बातों को तो बड़ों का स्ट्रेस दूर करने की दवा सा माना जाता है। बाल सुलभ बर्ताव बड़ों को भी सहज सी मुस्कान से जोड़कर तनाव से बाहर ले आता है। तकलीफदेह है कि अब तो बच्चे खुद तनाव का शिकार बन रहे हैं। ऐसे में बालमन को घेरते स्ट्रेस को लेकर अभिभावकों का जागरूक रहना आवश्यक है। बच्चों की बिखरती मन:स्थिति के लिए हर बार पढ़ाई के दबाव और बिगड़ते बर्ताव भर को कारण नहीं माना जा सकता है। आजकल बच्चे बहुत कारणों से स्ट्रेस के जाल में फंस रहे हैं। पेरेंट्स की सजगता, स्नेह और सही समझाइशें ही बचपन को तनाव के स्याह साये से बचा सकती है। कई बार बच्चों के आक्रोशित होने, आलस बढ़ने, बढ़ते मोटापे, बदलते खानपान, किसी काम में फोकस न कर पाने और थके-सहमे से रहने जैसी बातों को उनकी मनमौजी आदतों से जोड़ दिया जाता है। मस्ती भर कह दिया जाता है। अभिभावक यह सोच ही नहीं पाते कि तनाव भी एक स्वास्थ्य समस्या बनकर बचपन को अपनी जकड़न में ले सकता है। जिसका असर शारीरिक गतिविधियों से लेकर मानसिक थकावट, कई तरह से नजर आता है। वैसे तो हमारे यहां हर आयु वर्ग के लोगों में ही स्ट्रेस के शिकार होने से जुड़ी जागरूकता का अभाव है, पर बच्चे तो अपनी बिगड़ती मन: स्थिति को बिलकुल भी नहीं समझ सकते। चूंकि तनाव को स्वास्थ्य से जुड़ी समस्या नहीं समझा जाता तो इसके कारणों पर गौर नहीं जाता। जबकि अभिभावकों का बच्चों को घेरते तनाव की वजहों और इलाज के तरीकों को लेकर सचेत रहना बेहद आवश्यक है। तनाव के कारणों और इलाज के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 1992 से हर वर्ष अप्रैल को तनाव जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है। महीने भर स्ट्रेस से पैदा हो रहीं समस्याओं पर खुलकर बातचीत करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। साथ ही मित्रों, परिवारों, सहकर्मियों और पेशेवर लोगों के साथ अपनी मानसिक और भावनात्मक स्थिति के बारे में खुलकर बात करने का परिवेश बनाने की भी कोशिशें की जाती हैं। इस मोर्चे पर संवाद से लेकर विशेषज्ञों की सलाह लेने तक, पैरेंट्स की सजगता ही बच्चों को तनाव से बचा सकती है। आलसी-आक्रोशित, चिड़चिड़ापन या फिर पढ़ने-लिखने में मन न लगने की स्थिति में बच्चों को 'बदमिजाज हो गया है' या ' आदतें बिगड़ गई हैं इसकी' भर कहकर उनसे दूर हो जाना सही नहीं है। अभिभावकों को बच्चों से सार्थक संवाद करना चाहिए। उनसे पूछना जरूरी है कि थका हुआ क्यों महसूस करते हैं? पढ़ाई में मन न लगने या किसी बात को लेकर भयभीत रहने जैसी मन:स्थिति कब बनती है? किन बातों से उनका मूड खराब हो जाता है? अच्छी नींद क्यों नहीं ले पा रहे हैं? खेलने न जाने का क्या कारण है? हमउम्र साथियों से मिलते-जुलते क्यों नहीं? अभिभावकों के ऐसे सवाल जरूरी हैं। समय रहते बातचीत न की जाये तो तनाव के शिकार बच्चे अपनी उलझनों को समेटकर अवसाद के जाल की ओर बढ़ने लगते हैं। मन की बात बड़ों के साथ साझा करने से उन्हें सही सलाह भी मिलती है। छोटी-छोटी बातों को भूलकर आगे बढ़ने का उत्साह मिलता है। संवाद करने से ही पैरेंट्स भी यह समझ पाते हैं कि बच्चा तनाव के जाल में क्यों उलझ रहा है? बालमन के हालात समझकर ही तय किया जा सकता है कि अभिभावकों का स्नेह-साथ इस समस्या से बाहर ला सकेगा या पेशेवर परामर्श की दरकार है। सामाजिक मेलजोल बढ़ाने से लेकर स्मार्ट गैजेट्स से दूरी रखने तक, अभिभावकों को बच्चों की मन:स्थिति बदलने को बहुत कुछ करना होता है। बच्चों में बढ़ते तनाव की वजहों को समझकर इमोशनल सपोर्ट देना तो आवश्यक है ही, जीवनशैली में व्यावहारिक बदलाव करना भी जरूरी है। पढ़ाई के दबाव से बच्चा तनाव में है तो टाइम टेबल बनाकर सहज-सधी दिनचर्या के माध्यम से उसकी मदद की जा सकती है। किसी बात के चलते पीयर प्रेशर बच्चे को स्ट्रेस दे रहा है तो भी पेरेंट्स का समझाना जरूरी है। अपनी पसंद की क्लास ज्वाइन करना, पढ़ाई से इतर कुछ नया सीखना या दोस्तों के साथ मेलजोल बढ़ाना जैसी एक्टिविटीज़ भी बच्चों को स्ट्रेस से बाहर लाती हैं । खेल-कूद के साथ ही पैदल चलना, साइकिलिंग, तैराकी और डांस जैसी गतिविधियां भी बच्चों का मन बदलने में हेल्पफुल होती हैं। एंजाइटी के समय मन से उनकी बातें सुनें। तकलीफदेह दौर में अभिभावक बच्चों की आलोचना से बचें। उदास मनोदशा के दौर में हर मोर्चे पर पेरेंट्स सहयोग करने का मानस बनाएं। बच्चे कैसे तनावग्रस्त हो सकते हैं?-जैसा कुछ न सोचते हुए उनकी मन:स्थिति को समझें। जरूरी हो तो चिकित्सीय सलाह भी लें।



# बेटी के पेरेंट्स बने वरुण धवन और नताशा


बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने बीती रात मुंबई के हिंदुजा हॉस्पिटल में बेटी को जन्म दिया है। सोमवार रात हॉस्पिटल से वरुण के पिता डेविड धवन, उनकी मां करुणा धवन और भाभी जान्हवी धवन के वीडियोज सामने आए हैं। इस दौरान वरुण के पिता ने पैपराजी से बात करते हुए जानकारी दी कि कपल को बेटी हुई है। खुद वरुण ने भी मंगलवार सुबह एक पोस्ट शेयर कर अपनी बेटी के जन्म की जानकारी दी। एक्टर ने लिखा, हमें बेटी हुई। मां और बेटी को शुभकामनाएं देने के लिए आप सभी का शुक्रिया। हरे राम हरे राम, राम राम हरे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे। वहीं डायरेक्टर करण जौहर ने भी इंस्टाग्राम पर कपल को बधाई देते हुए लिखा- 'मेरे बेटे को बेटी हुई हैज्बधाई हो नताशा और वरुण। अर्जुन कपूर ने भी वरुण को बधाई देते हुए लिखा, 'बेबी जॉन को बेबी हुआ है। पापा नंबर 1 की कास्टिंग फाइनली लॉक हुई। वरुण और नताशा को बधाई। नियारा, अभीर और जॉय के पास अब एक बहन है। वरुण-नताशा ने इसी साल फरवरी में अनाउंस किया था कि वो पैरेंट्स बनने वाले हैं। दोनों ने एक फोटो शेयर की थी जिसमें वरुण वाइफ के बेबी बम्प को किस करते नजर आ रहे थे। कपल ने 24 जनवरी 2021 में शादी की थी। अलीबाग में हुई इस शादी में कपल के क्लोज मेंबर्स ही शामिल हुए थे। वर्कफ्रंट पर वरुण की अगली फिल्म 'बेबी जॉन' है। इसमें उनके अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, सान्या मल्होत्रा और जैकी श्रॉफ जैसे कलाकार नजर आएंगे। इसे 'जवान' फेम डायरेक्टर एटली डायरेक्ट कर रहे हैं। इसके अलावा वरुण वेब सीरीज 'सिटाडेल- हनी बनी' में भी नजर आएंगे।



# रणबीर कपूर स्टारकिड नहीं होते, तब भी स्टार होते

बॉलीवुड में नेपोटिज्म बहुत बड़ा टॉपिक है। रणबीर कपूर, आलिया भट्ट जैसे स्टार किड्स इस बहस का शिकार हो जाते हैं। अब इसी में एक्टर जयदीप अहलावत से नेपोटिज्म को लेकर सवाल पूछा गया। इंडस्ट्री के ए-लिस्टर्स में शामिल स्टार किड्स का सपोर्ट करते हुए एक्टर ने कहा कि वो नेपोटिज्म में विश्वास नहीं करते हैं। क्योंकि किसी भी स्टारकिड ने कभी उनसे कोई किरदार नहीं छीना है। जब उनसे पूछा गया कि क्या नेपोटिज्म ने उन्हें कभी किसी तरह से इफेक्ट किया है, तो जयदीप अहलावत ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रणबीर कपूर या वरुण धवन कभी भी उनका कोई किरदार छीन लेंगे। जयदीप ने कहा- वो रणबीर कपूर हैं। अगर किसी को लगता है कि वो स्टारकिड हैं इसलिए अच्छे एक्टर हैं, इस भ्रम में मत रहो कि तुम स्टार किड हो तो, तुम एक अच्छे एक्टर हो जाओगे। रणबीर के बारे में जयदीप ने आगे कहा- अगर वो आउटसाइडर होते, तब भी वो स्टार होते। उन्होंने कहा कि वो रणबीर कपूर बनने के लिए इंडस्ट्री में नहीं आए हैं। अगर कोई लड़की अगली आलिया भट्ट बनने के लिए इंडस्ट्री में आती है तो वो भी गलत है। जयदीप ने कहा- मैं दूसरा रणबीर कपूर नहीं हूं, मैं पहला जयदीप अहलावत हूं। जयदीप अहलावत अपनी आने वाली फिल्म 'महाराज' की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसमें आमिर खान के बेटे जुनैद खान भी हैं। जुनैद इस फिल्म से डेब्यू करने जा रहे हैं। यह फिल्म 14 जून को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद से ही फिल्म को लेकर उत्साह बढ़ गया है।





# 90 के दशक की एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्रि ने किया खुलासा

90 के दशक की पॉपुलर बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में से एक मीनाक्षी शेषाद्रि ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। इनमें से एक फिल्म दामिनी भी थी जिसमें उनके काम की जमकर तारीफ हुई थी। दामिनी की मेकिंग के दौरान मीनाक्षी ने फिल्म के डायरेक्टर राजकुमार संतोषी का मैरिज प्रपोजल ठुकरा दिया था जिसके कारण उन्हें फिल्म से निकालने तक की नौबत आ गई थी। एक इंटरव्यू के दौरान मीनाक्षी ने इस बारे में बात की है। कहा जाता है कि फिल्ममेकर राजकुमार संतोषी उस वक्त अपनी ज्यादातर फिल्मों में बतौर हीरोइन मीनाक्षी को ही लेते थे। जूम को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा, मुझे फिल्म में लिया गया और मैंने दामिनी के लिए शूटिंग शुरू कर दी लेकिन फिर इश्यूज हो गए। मुझे फिल्म छोड़ने के लिए कहा गया। अन्य एक्ट्रेसेस को मेरा रोल ऑफर कर दिया गया लेकिन उन्होंने मेरा सपोर्ट करते हुए फिल्म में काम करने से मना कर दिया और फिल्ममेकर से कह दिया, ये गलत होगा अगर हम उनकी जगह ये रोल स्वीकार कर लेंगे। हम ऐसा नहीं कर सकते। मुझे याद है इन एक्ट्रेसेस में माधुरी का नाम था, बाकियों के नाम मुझे याद नहीं हैं। मीनाक्षी ने आगे राजकुमार संतोषी के मैरिज प्रपोजल पर बात करते हुए कहा, संतोषजी और मैंने तय किया था कि हम इस बारे में बात नहीं करेंगे।

# सैफ से तलाक के बाद फिल्मों में क्यों की वापसी?

80 और 90 के दशक की हिट बॉलीवुड एक्ट्रेसेस में से एक अमृता सिंह एक्टर सैफ अली खान से कभी अपने तलाक के कारण कभी चर्चा में रही थीं। एक पुराने इंटरव्यू में उन्होंने तलाक के बाद जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात की थी। जूम टीवी को दिए इंटरव्यू में उन्होंने बताया था कि डिवोर्स के बाद उन्होंने फिल्मों में वापसी क्यों की थी। अमृता ने कहा था, मुझे हर चीज से जल्दी से जल्दी उबरना था क्योंकि मैं नहीं चाहती कि मेरे बच्चे ये समझें कि वो ऐसे पेरेंट के साथ हैं जो लूजर है। मेरा मतलब है कि मैं अगर घर में रहती और परिस्थितियों को दोष देती रहती, मोटी हो जाती और बुरे दौर की वजह से खुद को कोसती रहती तो इससे मेरे बच्चों पर बुरा असर पड़ता। वो इस सोच के साथ बड़े होते कि मैं मुश्किलों से लाइफ में हार गई हूं जो कि मैं नहीं चाहती थी। एक इंटरव्यू में सारा अली खान ने सिंगल मदर के साथ बड़े होने के बारे में बात की थी। उन्होंने कहा था, मेरे ख्याल से सिंगल मदर के साथ बड़े होने से मेरी लाइफ पर गहरा प्रभाव पड़ा है। बहुत ही कम उम्र में मुझे पता चल गया था कि आपके लिए कोई कुछ नहीं करने वाला। ऐसा नहीं है कि मुझे मदद नहीं मिली, मुझे मदद मिले लेकिन आखिर मैं आपको ही अपनी लाइफ आगे बढ़ानी है। अगर आप लकी हैं और भगवान आपके साथ हैं तो चीजें हो जाएंगी लेकिन आप सब कुछ ठीक होने का इंतजार भी नहीं कर सकते हैं। सैफ और अमृता सिंह ने 1991 में शादी की थी। दोनों के दो बच्चे सारा अली खान और इब्राहिम अली खान हुए।



# दलजीत कौर के खिलाफ लीगल एक्शन!

दलजीत कौर और केन्या बेस्ड बिजनेसमैन निखिल पटेल की शादी 8 महीने में ही टूट गई है। हाल ही में एक्ट्रेस ने पति पर एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप लगाए थे, जिसके जवाब में पति ने उन्हें लीगल नोटिस भेज दिया है। साथ ही उन्होंने कहा है कि एक्ट्रेस जल्द से जल्द केन्या से अपना सामान ले आएं, वर्ना उनका सामान दान कर दिया जाएगा। दलजीत ने तलाक की खबरों के बीच इंस्टाग्राम में एक स्टोरी पोस्ट कर पति पर संगीन आरोप लगाया था। इसके बाद निखिल की लीगल टीम ने उन्हें एक लीगल नोटिस भेजा है। हाल ही में ईटाइम्स से बातचीत के दौरान निखिल ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा है, दुनिया का एक आम नागरिक होने के नाते ये देखना बेहद डिस्टर्बिंग है कि भारत और ग्लोबली ऑनलाइन प्रोटेक्शन के कानून कितने अलग हैं। अक्सर इसका फायदा वो लोग उठाते हैं जो लापरवाह रवैये से मासूम बच्चों को रिस्क में डालकर घटिया मीडिया अटेंशन चाहते हैं। आगे निखिल ने कहा है, किसी की इजाजत के बिना उसका वीडियो फुटेज इस्तेमाल करना गैरकानूनी और लापरवाही है, खासकर बच्चों के मामले में जो हमेशा कमजोर पक्ष में रहते हैं और जिन्हें कानून की सुरक्षा की सबसे ज्यादा जरुरत है। निखिल ने ये भी बताया है कि अगर एक्ट्रेस दोबारा सोशल मीडिया के जरिए उन पर आरोप लगाती हैं, तो उनकी टीम दलजीत के खिलाफ लीगल एक्शन लेगी। साथ ही उन्होंने ये भी कहा है कि उनकी टीम ने दलजीत को ये खबर दे दी है कि अगर वो जून में उनके केन्या स्थित घर से अपना सामान नहीं ले जाएंगी, तो वो उसे दान कर देंगे। दलजीत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में एक स्टोरी पोस्ट की थी। स्टोरी में दलजीत दुल्हन के लिबास में नजर आई थीं।

# पंचायत के 'विधायक जी' ने साधा पंकज त्रिपाठी पर निशाना बोले- इंडस्ट्री में कुछ एक्टर्स अपने स्ट्रगल को ग्लैमराइज करते हैं

'पंचायत' फेम एक्टर पंकज झा ने बॉलीवुड एक्टर पंकज त्रिपाठी पर निशाना साधा है। उन्होंने इशारों ही इशारों में एक्टर पर पॉलिटिक्स करने के आरोप लगाए हैं। झा का कहना है कि इंडस्ट्री में कई एक्टर्स ऐसे हैं जो दूसरे एक्टर्स का काम छीनकर अपने स्ट्रगल को ग्लैमराइज करते हैं। डिजिटल कमेंट्री को दिए एक इंटरव्यू में जब पंकज से पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के रोल को लेकर उनके साथ पॉलिटिक्स हुई थी ?



इसके जवाब में झा ने कहा, 'अगर मेरे पीठ पीछे पॉलिटिक्स होती है तो मुझे फर्क नहीं पड़ता। जो किसी के पीठ पीछे राजनीति करते हैं वो अमूमन कायर ही होते हैं पर अगर सामने वाले का पॉलिटिक्स से मुझे हानि कर गया तो फिर पॉलिटिक्स करने वाला जीत गया ना। इस वाकये को शेयर करते हुए झा ने बताया- 'मैं एक फिल्म की शूटिंग के लिए पटना गया था। वहां मुझे मैसेज कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा का मैसेज मिला कि वो मुझे 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में कास्ट करना चाहते हैं। बताते चलें कि झा ने अनुराग के साथ 'ब्लैक फ्राइडे' और 'गुलाल' जैसी फिल्मों में काम किया था। इसके बाद अनुराग ने 2012 में रिलीज हुई फिल्म 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' में सुल्तान के रोल के लिए भी झा को अप्रोच किया था। हालांकि, बाद में यह रोल पंकज त्रिपाठी ने किया और इस किरदार ने उनकी किस्मत बदल दी। इंटरव्यू में आगे झा ने पंकज त्रिपाठी की तरफ इशारा करते हुए यह भी कहा कि कुछ लोग किसी का चप्पल चुरा लेते हैं और कहते हैं कि वो हमारे लिए बहुत बड़े एक्टर हैं इसलिए उनका चप्पल चुरा लिया। बताते चलें कि स्ट्रगल के दिनों में पंकज त्रिपाठी जिस होटल में काम करते थे वहां एक बार मनोज बाजपेयी ठहरने के लिए आए थे। मनोज अपनी चप्पल होटल में ही भूल गए थे जिन्हें पंकज ने रख लिया था। यह किस्सा त्रिपाठी ने एक इंटरव्यू में सुनाया था। बातचीत में झा ने पंकज के अलावा डायरेक्टर अनुराग कश्यप पर भी निशाना साधा है। उन्होंने खुद को डायरेक्टर मेकिंग एक्टर बताते हुए कहा, 'अगर 'सत्या' और 'गुलाल' जैसी फिल्मों से एक्टर्स के करियर बने हैं तो कई एक्टर्स ने डायरेक्टर्स का भी करियर बनाया है। पर यहां कुल लोग बहुत ही लिजलिजे हैं। उनकी रीढ़ की हड्?डी ही नहीं है। वो आपने शब्द तक नहीं रख पाते। कुछ डायरेक्टर्स तो इतनी बुरी स्थिति में हैं कि खुद उनके पास कोई काम नहीं है।

# अक्षय की वेदत मराठे वीर दौडले सात रुकी

अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेदत मराठे वीर दौडले सात अब बंद पड़ चुकी है। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी थी, लेकिन बजट गड़बड़ होने पर फिल्म को रोक दिया गया है। हाल ही में आई बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के अनुसार, प्रोड्यूसर वसीम कुरैशी के पास फिल्म बनाने का बजट खत्म हो चुका है। फिल्म का 50 प्रतिशत हिस्सा पहले ही शूट किया जा चुका है। अक्षय कुमार इस पीरियड ड्रामा फिल्म में गेस्ट अपीयरेंस कर रहे थे। उन्होंने 3 दिनों तक फिल्म की शूटिंग की थी। उन्हें फीस का एक बड़ा अमाउंट भी दिया जा चुका है। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है, या उनके हिस्से की शूटिंग अभी बाकी है। आगे रिपोर्ट में बताया गया है, फिलहाल ये साफ नहीं है कि बजट की दिक्कतें कब ठीक होने वाली है और कब फिल्म की आगे की शूटिंग की जाएगी। जाहिर है कि इस पर अब तक कोई अपडे ट नहीं है। इस फिल्म की रिलीज को लेकर भी कोई क्लैरिटी नहीं है। फिल्म वेदत मराठे वीर दौडले सात एक इंडियन-मराठी पीरियड ड्रामा फिल्म है, जिसे महेश मांजरेकर डायरेक्ट कर रहे हैं। इस फिल्म को पहले बीते साल दिवाली पर रिलीज किया जाने वाला था, हालांकि उस समय सलमान खान की फिल्म टाइगर 3 भी रिलीज हो रही थी। क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने फिल्म की रिलीज टाल दी थी। बता दें कि फिल्म मराठा साम्राज्य के 7 बहादुर मराठाओं की कहानी होने वाली है। अक्षय कुमार फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज का रोल निभाकर मराठी सिनेमा में डेब्यू करने वाले थे। हालांकि बजट की दिक्कतों को देखते हुए फिल्म बन पाना मुश्किल लग रही है।

अफगानिस्तान की टी-20 वर्ल्डकप में दूसरी सबसे बड़ी जीत

# युगांडा को 125 रन से हराया; फारूकी को 5 विकेट, गुरबाज-जादरान के अर्धशतक






16 ओवर में महज 58 रन और पूरी टीम ऑलआउट। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास का चौथा सबसे छोटा टीम टोटल है, जो युगांडा ने आज अफगानिस्तान के खिलाफ बनाया। आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में युगांडा ने मंगलवार को गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला लिया। अफगानिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 183 रन बनाए और 184 रन का टारगेट दिया। जवाब में युगांडा 16 ओवर में 58 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह अफगानिस्तान ने युगांडा को 125 रन से हरा दिया। टी-20 वर्ल्ड कप में अफगानिस्तान की रनों के हिसाब से यह दूसरी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले, टीम ने 2021 वर्ल्ड कप में स्कॉटलैंड को 130 रन से हराया था। अफगानिस्तान की ओर से फजलहक फारूकी ने 5 विकेट झटके। यह टूर्नामेंट का चौथा बेस्ट बॉलिंग फिगर है। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

फजलहक फारूकी : अपने स्पेल के 4 ओवर में 9 रन देकर 5 विकेट लिए। इस दौरान फारूकी की इकोनॉमी 2.25 की रही। यह किसी अफगानी गेंदबाज का टी-20 वर्ल्ड कप में किया गया ऑलटाइम बेस्ट परफार्मेंस है।

गुरबाज-जादरान की ओपनिंग पार्टनरशिप : अफगानिस्तान के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज (76) और इब्राहिम जादरान (70) ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 154 रनों की साझेदारी हुई। यह टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास की दूसरी सबसे बड़ी ओपनिंग पार्टनरशिप है।

नवीन-उल-हक का शानदार स्पेल : मैच में नवीन-उल-हक का स्पेल भी शानदार रहा। उन्होंने 2 ओवर में 2.00 की इकोनॉमी रेट से महज 4 रन दिए। साथ ही दो विकेट भी झटके। उन्होंने दिनेश नकरानी और अल्पेश रामजानी को आउट किया।

3. फाइटर ऑफ द मैच : युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने टीम की ओर से शानदार बॉलिंग की। अपने 4 ओवर में 21 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। उन्होंने रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान की 154 रन की साझेदारी तोड़ी। इसके बाद नजीबुल्लाह जादरान को उनके 2 रन के स्कोर पर आउट कर दिया। अफगानिस्तान के लिए इब्राहिम जादरान और रहमानुल्लाह गुरबाज ने अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 154 रनों की साझेदारी हुई। इन दोनों बल्लेबाजों के दमदार प्रदर्शन के दम पर अफगानिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 183 रन बनाए। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान की तरफ से टी-20 वर्ल्ड कप में शतकीय साझेदारी हुई। अफगानिस्तान के लिए गुरबाज ने 45 गेंदों पर 4 चौके और 4 छक्के की मदद से सबसे ज्यादा 76 रन और जादरान ने 46 गेंदों पर 9 चौकों और 1 छक्के की मदद से 70 रन बनाए। युगांडा के लिए ब्रायन मसाबा और कोसमस क्यवुता ने दो-दो विकेट झटके।




# नसाउ के बाउंसी विकेट पर साउथ अफ्रीका से हारा श्रीलंका टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे स्लो बैटिंग

**न्यूयॉर्क।** 35.3 ओवर में 157 रन बने और 14 विकेट गिरे...आंकड़े टेस्ट मैच जैसे हैं पर कहानी है अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी-20 वर्ल्ड कप मैच की। ये मुकाबला साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के बीच 3 जून को हुआ। न्यूयॉर्क के नसाउ इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस मैच में बल्लेबाजों ने 4.42 के रनरेट से रन बनाए। ये टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे कम रनरेट है और टी-20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे कम रनरेट। नसाउ की ड्रॉप इन पिच गेंदबाजों के लिए वरदान रही और बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना। दोनों टीमों का कोई बल्लेबाज 20 रन से ज्यादा स्कोर नहीं कर सका। साउथ अफ्रीकी ओपनर क्विंटन डी कॉक 20 रन बनाकर मैच के टॉप स्कोरर रहे। एनरिक नॉर्त्या ने 4 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लिए। श्रीलंका के कप्तान वानिंदु हसरंगा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला लिया था और टीम मुश्किल पिच पर 19.1 ओवर में 77 रन पर ऑलआउट हो गई। साउथ अफ्रीका को भी बाउंसी और टर्निंग ट्रैक पर 78 रन का टारगेट चेज करने में 16.2 ओवर लग गए। नसाउ की इसी ड्रॉप इन पिच पर भारत 5 जून को आयरलैंड, 9 जून को पाकिस्तान और 12 जून को अमेरिका से मैच खेलेगी। भारत ने अपना इकलौता वॉर्मअप मैच इसी मैदान पर बांग्लादेश के खिलाफ खेला था और जीत हासिल की थी। एनरिक नॉर्त्या : अपने कोटे के 4 ओवर में 7 रन देकर 4 विकेट लिए। इस दौरान नॉर्त्या की इकोनॉमी 1.80 की रही। यह किसी साउथ अफ्रीकी गेंदबाज का टी-20 वर्ल्ड कप में किया गया ऑलटाइम बेस्ट परफार्मेंस है। हेनरिक क्लासन ने 22 बॉल पर नाबाद 19 रन की पारी खेली, जबकि मिलर ने नाबाद 6 रन बनाए। दोनों ने 22 रन की नाबाद साझेदारी की। हेनरिक क्लासन ने 22 बॉल पर नाबाद 19 रन की पारी खेली, जबकि मिलर ने नाबाद 6 रन बनाए। दोनों ने 22 रन की नाबाद साझेदारी की। श्रीलंका ने 8 ओवर में दो विकेट पर 32 रन बना लिए थे, स्कोर कम था, लेकिन टीम के हाथ में 8 विकेट थे, तभी केशव महाराज अपने स्पेल का दूसरा और श्रीलंकाई पारी का 9वां ओवर लेकर आए। उन्होंने ओवर की दूसरी बॉल पर कप्तान वानिंदु हसरंगा को विकेटकीपर डी कॉक के हाथों स्टंप कराया और अगली ही बॉल पर सदीरा समरविक्रमा को बोल्ड कर दिया।

# टी-20 वर्ल्ड कप राहुल द्रविड़ का बतौर कोच आखिरी टूर्नामेंट बोले- बतौर कोच मेरे लिए भारत का हर मैच महत्वपूर्ण



टीम इंडिया के हेड कोच राहुल द्रविड़ ने सोमवार को कंफर्म कर दिया कि टी-20 वर्ल्ड कप उनका हेड कोच के तौर पर यह आखिरी टूर्नामेंट होगा। उन्होंने इस पद के लिए फिर से आवेदन नहीं किया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने पिछले माह इसके लिए आवेदन मंगाए थे। द्रविड़ ने सोमवार को मीडिया से बातचीत में कहा, मैंने हेड कोच के अपने कार्यकाल में हर क्षण का लुत्फ लिया है। कोच के तौर पर मेरे लिए भारत का हर मैच महत्वपूर्ण रहा। वर्ल्ड कप भी अलग नहीं है। यह हेड कोच के रूप में मेरा अंतिम टूर्नामेंट है। 27 मई को कोच पद के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख थी। बीसीसीआई ने राहुल द्रविड़ को नवंबर 2021 में भारत का हेड कोच बनाया गया। तब टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। 2022 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम सेमीफाइनल तक पहुंची थी। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था, लेकिन टीम इंडिया के फाइनल में पहुंचने के कारण उनका कार्यकाल टी-20 वर्ल्ड कप तक बढ़ा दिया गया। द्रविड़ की कोचिंग में टीम इंडिया की एकमात्र कामयाबी 2023 में एशिया कप के रूप में आई। भारत ने मेजबान श्रीलंका को हराकर खिताब जीता था। उनका कार्यकाल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के बाद खत्म हो जाएगा।टी-20 वर्ल्ड कप के दौरान नए हेड कोच का सिलेक्शन हो जाएगा। उनका कार्यकाल 1 जुलाई 2024 से शुरू होकर 31 दिसंबर 2027 तक रहेगा। इस दौरान टीम इंडिया को आईसीसी के 5 टूर्नामेंट खेलने हैं। इनमें चैंपियंस ट्रॉफी, टी-20 वर्ल्ड कप और वनडे वर्ल्ड कप के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 साइकिल शामिल हैं। टीम इंडिया के पूर्व क्रिकेटर और कोलकाता नाइट राइडर्स के मेंटर गौतम गंभीर का भारतीय टीम का हेड कोच बनना लगभग तय हो गया है। फ्रेंचाइजी के मालिक ने क्रिकबज से बातचीत करते हुए बताया था कि गंभीर का कोच बनना लगभग तय है और जल्द ही इसकी घोषणा की जाएगी।

# गावस्कर ने रोहित के साथ ओपनिंग के लिए इस खिलाड़ी का किया समर्थन, संयोजन पर रखी राय



**नई दिल्ली।** आमतौर पर कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में कोहली की अनुपस्थिति में पंत को तीसरे नंबर पर उतारा गया और उन्होंने अर्धशतक जड़कर साबित किया कि वह इस स्थान पर भी टीम के काम आ सकते हैं। भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप में अपना अभियान शुरू करने के लिए तैयार है। इस मैच से पहले सबसे ज्यादा चर्चा बल्लेबाजी संयोजन खासकर ओपनिंग स्थान को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अब पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने भी इसे लेकर अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत को आयरलैंड के खिलाफ कप्तान रोहित शर्मा के साथ विराट कोहली को पारी का आगाज करने भेजना चाहिए। टी20 विश्व कप में कोहली के बल्लेबाजी क्रम को लेकर काफी चर्चा हो रही है। वह लंबे समय से सीमित ओवरों में तीसरे नंबर पर उतरते आए हैं। हालांकि गावस्कर का मानना है कि कोहली को ओपनिंग में उतराने की स्थिति में यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। आईपीएल में भी कोहली का प्रदर्शन शानदार रहा जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के लिए उन्होंने 15 मैचों में 741 रन बनाए। गावस्कर ने एक स्पोर्ट्स चैनल से कहा, रोहित शर्मा और विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। यशस्वी जायसवाल को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। चौथे नंबर पर सूर्यकुमार यादव, पांचवें नंबर पर ऋषभ पंत और छठे नंबर पर हार्दिक पांड्या को उतरना चाहिए। सातवें नंबर पर रवींद्र जडेजा और आठवें नंबर पर शिवम दुबे, नौवे नंबर पर कुलदीप यादव, 10वें पर जसप्रीत बुमराह और 11वें पर मोहम्मद सिराज। आमतौर पर कोहली तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं, लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच में कोहली की अनुपस्थिति में पंत को तीसरे नंबर पर उतारा गया और उन्होंने अर्धशतक जड़कर साबित किया

सिक्स मारते ही ग्राउंड में गिरा बल्लेबाज

# डॉक्टरों ने मृत घोषित किया, दोपहर में खेला जा रहा था मैच



मुंबई के एक युवक की क्रिकेट खेलते हुए मैदान पर ही मौत हो गई है। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबाई के ठाणे में एक प्राइवेट कंपनी के फार्म हाउस पर 2 जून की दोपहर क्रिकेट मैच खेला जा रहा था। कंपनी के लोग ही मैच खेल रहे थे। वायरल वीडियो युवक पिंक कलर की टी-शर्ट में मैदान पर खेलते हुआ नजर आ रहा है। गेंदबाज उसे बॉल डालता है और वो एक छक्का लगाता है। इसके बाद ही बल्लेबाज के कदम अचानक से लड़खड़ाने लग जाते हैं और वो मैदान पर ही गिर जाता है। साथी खिलाड़ी उसे अस्पताल लेकर गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम राम गणेश (42) है। गणेश शॉट लगाते ही बेहोश हो गए थे। पुलिस ने बताया कि राम गणेश की मौत दिल का दौरा पड़ने की वजह से हुई है। इससे पहले इसी साल जनवरी में 34 साल के बैटर को क्रिकेट की पिच पर हार्ट अटैक आ गया। साथी बैटर और फील्डिंग टीम के खिलाड़ी उसे ष्टक्कक्र देते रहे, लेकिन खिलाड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। 34 साल का मृतक विकास नेगी इंजीनियर था, जो नोएडा में कॉर्पोरेट लीग के मैच खेल रहा था। एक अन्य मामले में मुंबई में 52 साल के बुजुर्ग की सिर पर गेंद लगने से मौत हो गई। मतुंगा के दादगर क्रिकेट ग्राउंड पर सोमवार दोपहर को जयेश चुन्नीलाल सावला फील्डिंग कर रहे थे। फील्डिंग के दौरान उनका ध्यान मैच पर था, तभी पीछे से एक बॉल आई और उनके सिर पर लग गई। ग्राउंड पर 2 मैच चल रहे थे, सावला को दूसरे मैच की गेंद लग गई। बॉल लगते ही वह जमीन पर गिर गए। उन्हें तेजी से हॉस्पिटल ले जाया गया। डॉक्टर्स ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हिमाचल प्रदेश में भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल मैच के दौरान एक फैन को हार्ट अटैक आ गया था। फैन सूरज चौहान ॥क्रह्लष्ट का बस ड्राइवर था, जिसे साइलेंट अटैक आने के बाद हॉस्पिटल ले जाया गया। लेकिन हॉस्पिटल पहुंचने पर भी उसकी जान नहीं बच सकी। मुकाबला 19 नवंबर 2023 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया था।

# लक्ष्य सेन ने केंटा सुनेयामा को हराया, दूसरे दौर में किया प्रवेश, मिक्स्ड डबल्स में भी भारत



**जकार्ता।** लक्ष्य सेन ने 40 मिनट के भीतर सुनेया21-12, 21-17 से जीत दर्ज की। भारत के किरण जॉर्ज को चीन के हांग यांग वेंग के हाथों 21-11, 10-21, 20-22 से पराजय झेलनी पड़ी। भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने जापान के केंटा सुनेयामा को हराकर इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। फ्रेंच ओपन और आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर ओलंपिक क्वालीफिकेशन हासिल करने वाले सेन का सामना अब इंडोनेशिया के सातवीं वरीयता प्राप्त एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग और जापान के केंटा निशिमोतो के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा । लक्ष्य सेन ने 40 मिनट के भीतर सुनेया21-12, 21-17 से जीत दर्ज की। भारत के किरण जॉर्ज को चीन के हांग यांग वेंग के हाथों 21-11, 10-21, 20-22 से पराजय झेलनी पड़ी। मिक्स्ड डबल्स में भारत के बी सुमीत रेड्डी और सिक्की रेड्डी ने अमेरिका के विंसन चियू और जेनी गेइ को 18-21, 21-16, 21-17 से हराया। अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के सि वेइ झेंग और कियोंग हुआंग तथा इंडोनेशिया के रेहान नौफाल कुशारजांतो और लिसा आयु कुसुमवती के बीच होने वाले मैच की विजेता जोड़ी से होगा।

टीम इंडिया के सुपरफैन बोले- पाकिस्तान पर हावी भारत

# फाइनल में ऑस्ट्रेलिया न मिले तो ट्रॉफी हमारी, विराट-बुमराह पर दिखाया भरोसा



टीम इंडिया के सुपरफैन्स का मानना है कि टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की टीम पाकिस्तान पर हावी रहेगी। पिछले 2 टूर्नामेंट में भारत ने ही मैच जीते, इसलिए इस बार भी दबाव पाकिस्तान पर ही ज्यादा रहेगा। सचिन तेंदुलकर के सुपरफैन नितिन जैन ने बताया, टीम इंडिया से कोई भी प्लेयर जब फिफ्टी या सेंचुरी मारता था तो मैं सोशल मीडिया पर उनकी फोटो पोस्ट करता था। लेकिन फोटो पोस्ट करते ही खिलाड़ी आउट हो जाता था। इसलिए मैंने डिसाइड किया कि अब भारत के मैच के दौरान सोशल मीडिया ही नहीं चलाऊंगा। वहीं धोनी के सुपरफैन प्रवीण टीम इंडिया के हर मैच से पहले गले में एक स्पेशल चैन पहनते हैं। इस पर धोनी का जर्सी नंबर-7 लिखा है। उनका मानना है कि जब टीम इंडिया से कोई चौका या छक्का मारता है तो उनके घर से कोई अपनी कुर्सी भी नहीं छोड़ता। तीनों फैन्स ने भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर अपना एक्सपीरियंस शेयर किया। उन्होंने कहा कि भारत-पाक मैच के दौरान दोनों ही टीमों के फैन्स बहुत ज्यादा इमोशनल होकर ग्राउंड पहुंचते हैं। कई बार हीटेड मोमेंट्स हो जाते हैं, लेकिन फैन्स की कोशिश होती है तो बाउंड्री क्रॉस न हो, माहौल बातों पर ही खत्म हो जाए। फैन्स ने कहा कि 2024 के टी-20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर टीम इंडिया हावी रहेगी। 2022 टी-20 वर्ल्ड कप के बाद टीम इंडिया 3 बार वनडे और टी-20 में पाकिस्तान को हरा चुकी है। वनडे वर्ल्ड कप में तो टीम इंडिया ने एकतरफा जीत हासिल की थी।

पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया प्रेशर को ज्यादा बेहतर तरीके से हैंडल कर पाती है। इसीलिए टीम को ज्यादा मैचों में जीत मिलती है। यही ट्रेंड न्यूयॉर्क में भी देखने को मिलेगा और टीम इंडिया बड़ी जीत दर्ज करेगी। स्टार स्पोर्ट्स इन दिनों वर्ल्ड कप के लिए एक कैंपेन चला रहा। जिसमें वर्ल्ड कप को हर भारतीय फैन का सबसे बड़ा प्यार बताया। भारतीय फैन सड़क पर चलते हुए, काम करते हुए शेडो बैटिंग और बॉलिंग करते नजर आए। इस पर फैन्स ने कहा कि स्टार स्पोर्ट्स की क्रिएटिविटी शानदार है। तीनों ही फैन्स ने एक नॉर्मल इंडियन फैन की तरह टीम इंडिया को ही चैंपियन बनने का दावेदार बताया। हालांकि टीम के सबसे बड़े चैलेंज के रूप में तीनों ने ऑस्ट्रेलिया को देखा। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया अगर फाइनल में आए तो यह भारत के लिए बुरे सपने की तरह हो सकता है। हालांकि, रक्षित ने भरोसा जताया कि इस बार अगर भारत ने प्रेशर सिचुएशन हैंडल कर ली तो कप भी हमारा ही होगा।नितिन ने बताया कि सूर्यकुमार यादव टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर होंगे, वहीं जसप्रीत बुमराह सबसे ज्यादा विकेट लेंगे।

## ग्वालियर संसदीय क्षेत्र का चुनाव परिणाम घोषित

# भाजपा प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह विजयी







ग्वालियर 04 जून 2024/ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत मंगलवार 4 जून को ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के मतों की गिनती की गई। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र में शामिल ग्वालियर जिले के सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना यहाँ एमएलबी कॉलेज में विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए मतगणना कक्षों में की गई। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के करैरा व पोहरी विधानसभा क्षेत्र के मतों की गिनती शिवपुरी स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई। मतगणना पूर्ण होने के बाद कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा चुनाव परिणाम घोषित किया गया। ग्वालियर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह विजयी घोषित किए गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी श्री प्रवीण पाठक को 70 हजार 210 मतों से पराजित किया। श्री भारत सिंह कुशवाह को 6 लाख 71 हजार 535 मत और श्री प्रवीण पाठक को 6 लाख एक हजार 325 मत प्राप्त हुए। कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती चौहान ने विजयी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह को प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रेक्षकगण श्री चन्द्र सिंह इमलाल, श्री कृष्णा आदित्य एवं सुश्री आई के चौहान, पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजू अरुण कुमार एवं जिले के सभी एआरओ भी मौजूद थे।

| क्र. | प्रत्याशी का नाम | दल संबद्धता | प्राप्त मत |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री भारत सिंह कुशवाह | भारतीय जनता पार्टी | 671535 विजयी |
| 2 | श्री प्रवीण पाठक | इंडियन नेशनल कांग्रेस | 601325 निकटतम प्रतिद्वंदी |
| 3 | श्री कल्याण सिंह कंसाना | बहुजन समाज पार्टी | 33465 |
| 4 | श्रीमती अर्चना सिंह राठौड़ | राष्ट्रीय समाज पक्ष | 5892 |
| 5 | श्रीमती अंजली मोनू रावत | परिवर्तन पार्टी ऑफ इंडिया | 1279 |
| 6 | श्री चन्दन राठौर | परिवर्तन समाज पार्टी | 1059 |
| 7 | भरत पाल | आजाद समाज पार्टी (कांशी राम) | 4163 |
| 8 | श्री मुनेश नागर | विकास इंडिया पार्टी | 672 |
| 9 | कॉमरेड रचना अग्रवाल | सोशलिस्ट युनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कॉम्युनिस्ट) | 803 |
| 10 | श्री राम प्रकाश सिंह पाल | राष्ट्र उदय पार्टी | 1071 |
| 11 | डॉ. पी.डी. अग्रवाल | निर्दलीय | 1021 |
| 12 | श्री अमित परिहार | निर्दलीय | 883 |
| 13 | श्री गजेन्द्र सिंह | निर्दलीय | 1348 |
| 14 | श्री दीपक कुमार बंसल (रंग वाले) | निर्दलीय | 2448 |
| 15 | श्री नरेश चन्द्र शर्मा | निर्दलीय | 2216 |
| 16 | इंजी. महेन्द्र प्रताप सिंह पाल | निर्दलीय | 3783 |
| 17 | एडवोकेट मुकेश कुमार कोरी | निर्दलीय | 1134 |
| 18 | श्री यशदेव शर्मा | निर्दलीय | 2571 |
| 19 | श्री राकेश धाकड़ | निर्दलीय | 3220 |
| 20 | नोटा | नोटा | 3341 |

### पूरी पारदर्शिता के साथ खुले स्ट्रांग रूम

मतगणना दिवस को एमएलबी कॉलेज में प्रातःकाल लगभग 6.30 बजे सभी विधानसभा क्षेत्रों के स्ट्रांग रूम पूरी पारदर्शिता के साथ खोले गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकगण, प्रत्याशी और उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं की मौजूदगी में स्ट्रांग रूम खोले गए।

### कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चौहान ने जताया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान ने सुव्यवस्थित ढंग से मतगणना सम्पन्न होने पर मतगणना में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों, पुलिस बल, प्रत्याशी व उनके अभिकर्ताओं, मीडिया प्रतिनिधियों तथा जिलेवासियों के प्रति आभार जताया है। पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह ने भी सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## शासकीय संपत्तियों में वाटर हार्वेस्टिंग के भौतिक सत्यापन के लिए अधिकारी नियुक्त


ग्वालियर दिनांक 4 जून 2024- नगर निगम सीमांतर्गत स्थित शासकीय संपत्तियों, इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित होना अनिवार्य है। इसके भौतिक सत्यापन के लिए समस्त भवन अधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकारी सह भवन निरीक्षक को नियुक्त किया गया है। नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के आदेशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत शासकीय संपत्तियों, इमारतों में वाटर हार्वेस्टिंग स्थापित होना अनिवार्य है। इसके लिए समस्त भवन अधिकारी एवं समस्त क्षेत्राधिकारी सह भवन अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत स्थित समस्त शासकीय सम्पत्तियों, इमारतों का भौतिक निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि शासकीय संपत्तियों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित है अथवा नहीं, यदि वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित है तो वह वर्तमान में संचालित है अथवा नहीं, की सम्पूर्ण जानकारी आगामी 20 दिवस में पूर्ण कर कृत कार्यवाही की जानकारी संबंधित अधिकारी को देगें।

## विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद नगर बडा पार्क में वृक्षारोपण आज

ग्वालियर दिनांक 4 जून 2024- विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में नगर निगम पार्क विभाग द्वारा आनंद नगर बड़ा पार्क में प्रातः 8बजे वृक्षारोपन किया जावेगा। द्वसहायक आयुक्त श्री मुकेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार शहर हरा भरा रहे इसके लिए वृहद स्तर पर इस बार वृक्षा रोपण अभियान शहरवासियों एवं सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से चलाया जाएगा। दिनांक 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आनंद नगर बडा पार्क में प्रातः 8 बजे वृक्षारोपण क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जाएगा।

## एमआईटीएस डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के फाउंडर कुलपति बने डॉ.आर के पंडित

**ग्वालियर।**



हाल ही में एम आई टी एस को मिनिस्ट्री ऑफ़ एजुकेशन ने डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी का दर्जा दिये जाने के बाद डा आर के पंडित को कुलपति बनाया गया है. डा आर के पंडित पिछले कई वर्षो से एम आईटी एस में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत रहे उसके बाद उन्हें निदेशक बनाया गया. संस्थान ने डा पंडित के कार्यकाल में उतरोत्तर प्रगति की एवं नेक की ए डबलप्लस ग्रेडिंग प्राप्त की. उनके कार्यकाल में कई कोर्स को ऐन बी ए का एक्रेडिटेशन प्राप्त हुआ. संस्थान ने ऐनपीटीईल में भी सतत रैंक प्राप्त की. संस्थान ने ऐन ई पी 2020 के लगभग सभी प्रावधानों को फ्लेक्सिबल करिकुलम के माध्यम से स्थापित किया. डा पंडित के ही कार्यकाल में इमर्जिंग एरिया की ए आई , मशीन लर्निंग , डेटा सायंस, आईओटी, कंप्यूटर साइंस एवं डिज़ाइन, कंप्यूटर साइंस एवं बिज़नेस सिस्टम जैसे नए कोर्सेज की शुरुआत हुई. उनके निदेशक के रूप मैं कार्यकाल में एम आईटी एस का एडमिशन इंटेक बढ़ते हुए लगभग दो हज़ार सीटों का हो गया है।कुलपति के रूप में डा पंडित ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है. डा पंडित ने इस मौक़े पर मैनेजमेंट का आभार व्यक्त करते हुए महाराज ज्योतिरादित्यसिंधिया का धन्यवाद व्यक्त किया. उन्होंने बताया कि यूनिवर्सिटी की प्रायोरिटीज़ में रिसर्च को बढ़ावा देना, छात्रों को फ्लेक्सिबल करिकुलम के द्वारा एजुकेशन एवं स्किल्ड इंजीनियर बनाना एवं यूनिवर्सिटी को तकनीकी शिक्षा में उच्चतम स्तर की यूनिवर्सिटी बनाना है. एम आई टी एस ने हमेशा से समाज को उच्च क्वालिटी इंजीनियर दिये है. कई आईआईटी के निदेशक एम आई टी एस के पूर्व छात्र रहे हैं।यह अधिकृत जानकारी संस्थान के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश मौर्य ने दी।

## मुरार मीरा नगर जैन चेत्यालय मंदिर का शिक्षण शिविर का हुआ समापन

### आठ दिवसीय जैन शिक्षण शिविर हुआ समापन, शिक्षको और बच्चो का हुआ सम्मान, मिले पुरुस्कार










ग्वालियर -- मुरार मीरा नगर स्थित दिगंबर जैन महावीर चैत्यालय में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान, सांगानेर जयपुर के द्वारा 26 मई से 03 जून तक आठ दिवसीय जैन शिक्षण शिविर आयोजित किया गया। जिसका समापन समारोह मंगलवार को जैन मिलन सिद्धार्थ पुरुष शाखा मुरार एवं राष्ट्रीय महिला जागृति मंच द्वारा शिविर शिक्षको और शिवार्थी बच्चो का सम्मान कर किया गया। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि शिविर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ संजय जैन (प्रभारी श्रवण संस्कृति शिविर), विजय जैन (मंत्री श्री महावीर चैत्यालय, मीरा नगर), पदम जैन (अध्यक्ष जैन मिलन सिद्धार्थ थे। वही कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र अनावरणकर्ता श्रीमति शशि जैन (अध्यक्ष,राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं दीप प्रज्वलनकर्ता धर्मचंद्र जैन परिवार ने किया। शिविर में मुख्य भूमिका निभाने वाले शिक्षक पंडित शुभम शास्त्री, श्रीमति रुचि जैन (शिक्षिका), श्रीमति राखी जैन (शिक्षिका), का अतिथियों द्वारा पगड़ी पहनाकर माला दुपट्टे उड़कर स्मृति चिन्ह मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया

### कार्यक्रम के अतिथियों का सम्मान मोमेंटो भेंटकर किया, बच्चो को परिक्षा के पुरुस्कार से सम्मान किया

कार्यक्रम में मंगलाचरण नृत्य कु. आध्या जैन व कु. अनन्या जैन द्वारा किया गया। श्रीमति सुषमा बाकलीवाल द्वारा भजन की प्रस्तुति दी। स्वागत नृत्य कु. जैन कु. जैन द्वारा प्रस्तुति दी गई। अंत मे पाठशाला के 60 बच्चो शिविर में परिक्षा देने वाले सहित महिला और पुरुष को भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय, सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मनोज जैन, विनोद जैन, संजय जैन, नवीन जैन, चौधरी मनोज जैन, कमलचंद्र जैन एवं प्रदीप जैन मौजूद थे।

## मुरार सदर बाजार से हटाया अस्थाई अतिक्रमण









ग्वालियर दिनांक 4 जून 2024- नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात एवं नागरिकों की सुविधा के लिए निरंतर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार शहर में सुगम यातायात हो इसके लिए प्रतिदिन यातायात में बाधक अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जा रही है। जिसके तहत आज बारादरी चौराहा, सदर बाजार, अग्रसेन चौराहा, खुला संतर रोड, रामलीला मैदान रोड, अल्पना टाकीज रोड सहित विभिन्न स्थानों पर खडे यातायात में बाधक हाथ ठेलों, फुटपाथी दुकानों, दुकानदारों की दुकानों के बाहर सड़क पर रखे सामान इत्यादि एवं अन्य अस्थाई अतिक्रमण को दल द्वारा हटवाने की कार्यवाही की गई ।

# बीजेपी की जीत से नरेन्द्र सिंह तोमर का बढ़ा कद





**हिन्दुस्तान समाज, ग्वालियर।**

ग्वालियर अंचल में भाजपा की जीत से जहां एक ओर भाजपा कायकताओं में खुशी की लहर है तो वहीं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का भी कद बढ़ गया है क्योंकि ग्वालियर चंबल अंचल की तीनों सीटों के टिकिट के मुख्य सूत्रधान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ही थे।

ग्वालियर से भाजपा प्रत्याशी भारत सिंह ने कांग्रेस प्रत्याशी को लगभग 70 हजार मतों से पछाड़ा है। भारत सिंह का टिकिट भी विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर अपनी दम पर भी लेकर आए थे और इन दोनों प्रत्याशियों के निकलने से कहीं न कहीं अंचल में नरेंद्र सिंह तोमर का दबदबाा एक बार फिर कायम हो गया।

मुरैना लोकसभा से नवनिर्वाचित भाजपा सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जी तोमर से ग्वालियर निवास पर भेंट कर आशीर्वाद लिया, विधानसभा अध्यक्ष ने संसद को लड्डू खिलाकर शुभकामनाएं दी।

मुरैना- श्योपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर ने विजय होने के बाद ग्वालियर पहुंचकर मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष श्री नरेंद्र सिंह जी तोमर से उनके निवास स्थान 29 रेस क्रोस पर पहुंचकर भेंट की और पुष्पमाला पहनकर आशीर्वाद लिया, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह जी तोमर ने शिव मंगल सिंह एवं जिला अध्यक्ष श्री गुप्ता को बधाई के साथ माला पहनाकर मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी।

नवनिर्वाचित संसद से मंगल सिंह के साथ मुरैना जिले के भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के दलबल के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष योगेश पाल गुप्ता, मुरैना महापौर शारदा सोलंकी, जिनेश जैन, हमीर सिंह पटेल, श्रीमती मधु दंडोतिया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक जैन, भारतीय जनता पार्टी महानगर महिला मोर्चा प्रभारी उपेंद्र सिंह वेश, महेंद्र सिंह सेंगर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तोमर बिट्टू पूर्व पार्षद गुड्डू तोमर,दिनेश दीक्षित, मुख्य रूप से शामिल रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, धर्मेन्द्र तोमर द्वारा तोमर प्रिंटर्स, क्वार्टर नं.28, कॉलोनी नं. 3बी, बिरला नगर ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक - धर्मेन्द्र तोमर, आर.एन.आई. नं. एम.पी.एच.आई.एन. /2011/43637 M.: 9425776652
E-mail : hindustan.samaj@gmail.com, WEB.: www.hindustansamaj.com (समस्त विवादों के लिए न्याय क्षेत्र ग्वालियर रहेगा)। समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।